हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 16 सितम्बर 2025 • वर्ष 27 • अंक 276 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




Page 11

खेल

**सूर्या ने पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, टीम इंडिया ड्रेसिंग रूम गई, दरवाजा बंद कर...**

Page 09



देश

**कोटा पर कलह से बढ़ाई सीएम फडणवीस की मुश्किलें, ओबीसी, आदिवासी और बंजारा...**






## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,01,800 | ₹ 1,33,000 |

## आज का इतिहास

**1916** : देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित शास्त्रीय गायिका और अभिनेत्री एम.एस. सुब्बालक्ष्मी का जन्म हुआ।

**2010** : संयुक्त राज्य में गरीबी दर 14.3 प्रतिशत के 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो लगभग 43.6 मिलियन लोगों के बराबर है।

**1932** : हात्मा गांधी ने नए बिरती जाति पृथक्करण कानूनों को समाप्त करने के प्रयासों में अपनी भूख हड़ताल शुरू की।

पूर्णिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नीतीश कुमार सहित कई मंत्री भी रहे मौजूद, सीमांचल और कोसी को मिली हवाई उड़ान की नई राह

# पीएम ने पूर्णिया एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

## 40 हजार करोड़ की दी सौगात, प्रधानमंत्री ने पूर्णिया से की 'राष्ट्रीय मखाना बोर्ड' की शुरुआत

निज संवाददाता | पूर्णिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पूर्णिया में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री केआर नायडू, राज्य के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। इसके बाद पीएम मोदी एक खुली जीप पर सवार होकर नीतीश और सम्राट के साथ सभा में पहुंचे। मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। आवास योजना के कुछ लाभार्थियों को पीएम ने घर की चाबी भी सौंपी। इस अवसर पर अहमदाबाद के लिए 76 सीटों वाला विमान रवाना हुआ, जिसके बाद कोलकाता के लिए भी फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टर्मिनल भवन सीमांचल और कोसी क्षेत्र की दशकों पुरानी



मांग को पूरा करेगा और बिहार को हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नई ऊंचाई देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्णिया की जनता से इस एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण का वादा किया था, जिसे अब पूरा कर दिया गया। यह एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत तैयार किया गया है। योजना का उद्देश्य देश के छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ना है। बेहतर कनेक्टिविटी से सीमांचल और कोसी के लोगों को जहां सुविधा मिलेगी, वहीं निवेश, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने पूर्णिया से राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की शुरुआत की। अपने बिहार दौरे के दौरान श्री मोदी ने 'राष्ट्रीय मखाना बोर्ड' की विधिवत शुरुआत कर राज्य को एक बड़ी सौगात दी । इस कदम को बिहार के कृषि और औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक माना जा रहा है।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर जिले के पीरपैंती में 2400 मेगावाट क्षमता वाली अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यास किया । श्री मोदी ने अपने बिहार दौरे के दौरान आज पूर्णिया से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अडानी पावर लिमिटेड के इस थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यास किया । लगभग 29,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना न सिर्फ बिहार बल्कि पूरे पूर्वी भारत की सबसे बड़ी कोयला आधारित बिजली परियोजना होगी।

### पूर्णिया बिहार का चौथा एयरपोर्ट बना जहा नियमित कमर्शियल फ्लाइट सेवाएं शुरू

पटना, गया और दरभंगा के बाद पूर्णिया बिहार का चौथा एयरपोर्ट बन गया है, जहां से नियमित कमर्शियल फ्लाइट सेवाएं शुरू हुई हैं। इंडिगो एयरलाइंस अहमदाबाद और पूर्णिया के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ान संचालित करेगा। इससे गुजरात जैसे प्रमुख औद्योगिक शहर से पूर्वी बिहार का सीधा संपर्क स्थापित हो गया है। पूर्णिया प्रमंडल और आसपास के एक दर्जन जिलों के लोग इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। इनमें सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, कटिहार, भागलपुर, नवगछिया, फारबिसगंज के अलावा नेपाल और बंगाल के सीमावर्ती इलाके भी शामिल हैं। पहले इस क्षेत्र के यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए पटना या बागडोगरा जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें अपने ही नजदीकी शहर से उड़ान सुविधा मिल जाएगी। इससे यात्रियों का समय और खर्च दोनों की बचत होगी। नए टर्मिनल भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और यात्री प्रबंधन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अब पूर्णिया से दिल्ली, पटना और अन्य बड़े शहरों के लिए सीधी उड़ानें शुरू होने की संभावना है। विशेषज्ञ मानते हैं कि हवाई संपर्क बढ़ने से यहां के छात्रों और उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए अवसर मिलेंगे।

## प्रधनमंत्री ने एक वंदे भारत और तीन अमृत भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

पूर्णिया दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहारवासियों को बड़ी सौगात दी। करीब तीन घंटे के प्रवास में प्रधानमंत्री ने एक वंदे भारत एक्सप्रेस और तीन अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ऐतिहासिक मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और उन्होंने नए युग की आधुनिक रेल सेवाओं का स्वागत किया। नई ट्रेनों की शुरुआत से बिहार और सीमांचल क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी। यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा, साथ ही व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सबसे अहम ट्रेन दानापुर-जोगबनी वंदे भारत एक्सप्रेस है। यह शाम 5:10 बजे दानापुर से रवाना होकर पूर्णिया और सहरसा होते हुए रात 1:20 बजे जोगबनी पहुंचेगी। अत्याधुनिक तकनीक और आरामदायक सुविधाओं से लैस



यह ट्रेन यात्रियों को हाई-स्पीड और सुखद यात्रा का अनुभव कराएगी।

इसके अलावा, जोगबनी से इरोड के लिए अमृत भारत ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया है, जो उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सीधा संपर्क स्थापित करेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह सेवा बड़ी राहत साबित होगी। इसके अतिरिक्त, कटिहार से सिलीगुड़ी के बीच नई ट्रेन सेवा का शुभारंभ हुआ है। इस ट्रेन के चलने से सीमांचल और उत्तर बंगाल के बीच यात्रा और भी सरल और सुविधाजनक हो जाएगी।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

नव-नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान) तथा गोड्डा जिला के इन्टर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) का

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री राधाकृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

दिनांक: 16 सितम्बर, 2025 | समय: अपराह्न 12:30 बजे
स्थान : नया सभागार, द्वितीय तल, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची



PR. No.-362056/IPRD/2025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

निज संवाददाता




**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय/ राजस्व एवं तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों की पीपीटी के माध्यम से क्रमवार समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अशोक सम्राट भवन निर्माण हेतु अंचल अधिकारी रजौली द्वारा भूमि उपलब्ध करा दी गई है । पर्यटकीय संरचनाओं के निर्माण एवं सुविधाओं के विकास हेतु भूमि उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई कि अंचल अधिकारी गोविंदपुर से भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव एवं अभिलेख की मांग की गई है, जिसे भेज दिया गया है। ककोलत जलप्रपात के निकट इस स्थल पर पर्यटकीय सुविधा विकसित करने हेतु विभाग को प्रतिवेदित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एक लाख से कम आबादी वाले पुराने नगर निकायों में यूज्ड वॉटर मैनेजमेंट के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु अंचल अधिकारी नवादा/हिसुआ एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा/ हिसुआ से प्रतिवेदन/नजरी नक्शा की मांग की गई। जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागों द्वारा मांगी गई भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। रजौली अनुमंडल में नए कारा भवन हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। नगर परिषद हिसुआ में बस पड़ाव हेतु अंतरविभागीय निःशुल्क भूमि हस्तांतरण के लिए विभागीय सहमति प्रदान करने को लेकर अंचल अधिकारी नरहट एवं कार्यपालक पदाधिकारी हिसुआ को समन्वय स्थापित कर कार्य संपादन करने का निर्देश दिया गया। पंचायत विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता/सीमांकन के लिए पकरीबरावां प्रखंड के धमौल पंचायत एवं वारिसलीगंज प्रखंड के मंजौर पंचायत का प्रतिवेदन अप्राप्त है। इस पर जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी वारिसलीगंज एवं पकरीबरावां को समन्वय स्थापित कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नरहट प्रखंड के जमुआरा एवं कौआकोल प्रखंड के पाली एवं सरसारी पंचायत में भी पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने भवन विभाग को जलनिकासी के उपरांत शीघ्र निर्माण चालू करने का निदेश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने एग्रीस्टैक योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। ई-किसान भवन, कौआकोल, गोविंदपुर एवं नवादा का निर्माण अपूर्ण होने तथा समायोजन हेतु राशि लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला अभियंता, जिला परिषद-सह-कार्यपालक अभियंता डीआरडीए नवादा को समन्वय स्थापित कर शीघ्र अनुपालन करने का निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि राजस्व अभियान के दौरान किसान सलाहकारों को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एक डिजिटल प्लेटफार्म है, जहाँ किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, फसल विवरण एवं अन्य महत्वपूर्ण डेटा दर्ज कर सरकारी योजनाओं एवं सब्सिडी का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बीपीएल परिवारों को पेंशन एवं गैर पेंशन योजनाओं के तहत लक्ष्यानुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। आपदा प्रबंधन से संबंधित भुगतान के संबंध में सभी अंचल अधिकारियों को आपदा पीड़ित लाभुकों को समय पर राशि भुगतान करने का निर्देश दिया गया। दिव्यांगजन कोषांग की योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई और गति लाने के निर्देश दिए गए।जन सम्पर्क विभाग की समीक्षा में प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी ने बताया कि "सफलता की कहानी" अंतर्गत दिव्यांगजन कोषांग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नियोजनालय, उद्योग एवं जीविका को छोड़कर अन्य विभागों से सफलता की कहानी प्राप्त नहीं हुई है। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों की सक्सेस स्टोरी तैयार कर फोटो एवं वीडियो क्लिप सहित जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीपीओ आईसीडीएस ने बताया कि रजौली अनुमंडल में वन स्टॉप सेंटर भवन निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने और तत्काल 5 कमरों का भवन उपलब्ध कराने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी रजौली को निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी रजौली को शीघ्र भूमि चिन्हित कर वन स्टॉप सेंटर संचालन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इसी प्रकार पशुपालन, शिक्षा, श्रम, कल्याण, बाल संरक्षण, योजना, उद्योग, जीविका, पीएचईडी, भवन, आपूर्ति आदि विभागों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी,अपर समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली,जिला-भूअर्जन पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रभारी स्थापना शाखा, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (विद्युत/पीएचईडी), जिला कृषि पदाधिकारी, आरडब्ल्यूडी नवादा एवं रजौली, निदेशक डीआरडीए, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीओ शिक्षा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

» जिलाधिकारीने पदाधिकारियोंकोदिए आवश्यकनिर्देश

## संक्षिप्त समाचार

### नवंबर माह में आयोजित होगा मिस्टर रजौली और दंगल प्रतियोगिता

**नवादा के प्रतिभागी ही लेंगे भाग**

**रजौली।** युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कमांडों फिजिकल एकेडमी के संचालक सीआरपीएफ चंदन सिंह एवं उनके टीम के सहयोग से आगामी नवंबर माह में मिस्टर रजौली के लिए बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता एवं दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।आयोजक ने बताया कि मिस्टर रजौली बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सिर्फ रजौली के युवा एवं दंगल प्रतियोगिता में सिर्फ नवादा जिले के ही पहलवान शामिल रहेंगे।साथ ही बताया कि उक्त प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य रजौली के युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेत बनाना है।रजौली जैसे पिछड़े क्षेत्र को उन्नत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।कुछ युवाओं जिन्हें पढ़ाई के अलावे बॉडी बिल्डिंग एवं पहलवानी करने का बहुत शौक होता है,उन्हें यह प्लेटफॉर्म अपने भविष्य को बनाने में मुख्य भूमिका निभाएगी।आयोजक ने इच्छुक व्यक्तियों को अपनी बेहतर तैयारियों में जुड़ने की बात कही है। शारीरिक प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।इसमें सहयोगियों में सीआरपीएफ सिंटू कुमार,समाजसेवी रुद्र प्रताप सिंह,कैप्टन राकेश चौधरी,कमांडो फिजिकल ट्रेनिंग के ट्रेनर विक्रम कुमार,दीपक कुमार,गोलू टीवीएस,विकास कुमार,विकास राज एवं विशाल कुमार शामिल रहेंगे।

### पीएम के जन्म दिन मनाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**नारदीगंज( नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष सूरज पासवान ने कहा आगामी 17 सितम्बर 2025 को पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है । उनके जन्म दिन पर भी तैयारी शुरु कर दी गई है। यह उनका 75 वां जन्मदिन है। आप सभी को भी उनके जन्मदिन पर बढ़चढ़ कर भाग लेना है। नारदीगंज स्थित पार्टी कार्यालय में उनके जन्मदिन पर 11 बजे दिन में कार्यक्रम रखा गया है। अधिक से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित दर्ज कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े भी मानना है। इस पखवाड़े में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण, रक्तदान शिविर समेत अन्य गतिविधियों को आयोजित की जाएगी। मौके पर भाजपा के प्रखंड महामंत्री पूर्वी राजीव कुमार, अभय कुमार, सुरेन्द्र पासवान, रामदेव चौहान, राम प्रसाद चौहान,रोहित कुमार,गजानन्द पांडेय,दिलीप पासवान,गोविंद मांझी समेत अन्य शामिल रहे।

### पीडीएस डीलर्स अपनी मांगों को लेकर सरकार से आर-पार की लड़ाई के लिए गए पटना



पटना के जाते रजौली के पीडीएस डीलर

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र समेत अन्य जगहों में लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर उपेक्षित चल रहे जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं ने अब सरकार के खिलाफ सीधे मोर्चा खोल दिया है।महामंत्री योगेंद्र पासवान ने बताया कि नवादा जिले के 1150 से अधिक पीडीएस विक्रेता सोमवार को अपनी मांगों के समर्थन में महाधरना के लिए पटना रवाना हो गए हैं।उनकी ये नाराजगी आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में सत्ताधारी दल के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।पीडीएस रजौली के अध्यक्ष नवशीष कुमार एवं महामंत्री योगेंद्र पासवान के नेतृत्व में रजौली प्रखंड के सभी विक्रेता इस महाधरना में शामिल होने के लिए सोमवार को पटना गए हैं। उनका मानना है कि सरकार की अनदेखी अब बर्दाश्त से बाहर हो गई है। पीडीएस डीलर्स की नाराजगी इसलिए भी मायने रखती है, क्योंकि उनका सीधा संपर्क हर गांव और शहर के लाखों परिवारों से है। उनकी नाराजगी या समर्थन, दोनों ही चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।पीडीएस डीलर्स की मुख्य मांगों में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की उम्र सीमा को खत्म करना शामिल है। उनका तर्क है कि जब झारखंड सरकार यह कर सकती है, तो बिहार क्यों नहीं? इसके अलावा, वे 30,000 रूपये मासिक मानदेय और प्रति क्विंटल 300 रूपये का कमीशन चाहते हैं। डीलर्स का कहना है कि मौजूदा कमीशन और मानदेय में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। इस आंदोलन में अध्यक्ष नवशिश कुमार, दरोगी प्रसाद, कुंदन कुमार, पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार, ललन प्रसाद, नवीन कुमार, संतोष कुमार साहसी,मदन रजक, और प्रमोद अग्रवाल जैसे प्रमुख विक्रेता भी शामिल हैं। अगर सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो ये चिंगारी एक बड़े राजनीतिक तूफान का रूप ले सकती है।

# बियर ले जाते पति-पत्नी को उत्पाद बलों ने किया गिरफ्तार,48 केन बियर बरामद

निज संवाददाता



जब्त बियर और शराब के साथ गिरफ्तार दंपत्ति

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों द्वारा लगातार शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।सोमवार को जांच चौकी पर एक स्कूटी पर सवार पति-पत्नी को 48 केन बियर के साथ गिरफ्तार किया गया।शराब तस्कर का महिला के साथ रखकर उत्पाद बलों के आंखों में धूल झोंकने का प्रयास असफल रहा।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेद्य को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के द्वारा झारखंड की ओर से आनेवाली छोटी से लेकर बड़ी प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है।साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी शराब निर्माण,भंडारण,परिवहन,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।सोमवार को उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार एवं उत्पाद बलों के द्वारा होंडा एक्टिवा संख्या बीआर02डब्लू6760 पर सवार दंपत्ति को जांच हेतु रोका गया।स्कूटी में पैर रखने वाले जगह पर एक काले रंग की बैग से 500 एमएल वाले किंगफिशर नामक 48 केन बियर बरामद किया गया।साथ ही दंपत्ति को भी गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के तिलौरा गांव निवासी जगत महतो के पुत्र उपेंद्र कुमार एवं उपेंद्र कुमार की पत्नी नीतू देवी के रूप में किया गया है।पूछताछ में गिरफ्तार दंपत्ति द्वारा बताया गया कि वे झारखंड के कोडरमा से बेचने के उद्देश्य से बियर लेकर अपने घर जा रहे थे।वहीं दूसरी ओर शराब परिवहन में जुटे बाइक पर सवार दो लोगों को 75 लीटर देशी महुआ शराब के साथ उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार के द्वारा बीते रविवार को अंधरबारी मोड़ के समीप से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार तस्करों की पहचान अंधरबारी गांव निवासी स्व. सतीश लाल के पुत्र रौशन कुमार एवं शंभू सिंहल के पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है।गिरफ्तार लोगों ने बताया कि वे झारखंड के जंगली क्षेत्र से शराब खरीदकर बेचने के उद्देश्य से लेकर जा रहे थे।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उक्त दोनों मामलों में जब्त शराब,बियर,स्कूटी व बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।गिरफ्तार लोगों से जरूरी पूछताछ के बाद स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस मौके पर उत्पाद एएसआई सुजीत कुमार,एएसआई दीपक कुमार शर्मा,महिला उत्पाद बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

» 75 लीटर शराब के साथ दो युवक भी हुआ गिरफ्तार

## मोहकामा के जंगली क्षेत्र से एक बाइक पर लदे 135 लीटर शराब बरामद,प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता




थाना परिसर में जब्त बाइक एवं शराब

**रजौली।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के मोहकामा के जंगली क्षेत्र में पुलिस बलों ने छापेमारी की।इस छापेमारी के दौरान एक बाइक पर लदे 135 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया।साथ ही झाड़ियों में छुपाकर कर रखे पांच बाइकों को भी बरामद किया गया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मोहकामा के जंगली क्षेत्र में शराब से संबंधित गतिविधियों को लेकर गुप्त सूचना मिली।गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर सशस्त्र पुलिस बलों के सहयोग से छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान मोहकामा के जंगली क्षेत्र से एक बाइक पर लदे उजले रंग के प्लास्टिक में बंद कुल 135 लीटर शराब को बरामद किया गया है।वहीं छानबीन के दौरान पास के झाड़ियों में छिपाकर रखे पांच बाइकों को भी जब्त कर थाना परिसर लाया गया है।बताते चलें कि तस्करों के द्वारा शराब परिवहन के लिए अधिकांशतः चोरी के बाइकों का उपयोग किया जाता है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त पांच बाइकों की जांच की जा रही है।साथ ही बताया कि जब्त शराब एवं बाइक को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

» झाड़ियों से पांच बाइक भी जब्त,पुलिस कर रही जांच

# आपसी सहयोग से देवी मंदिर नवनिर्माण में जुटे ग्रामीण

निज संवाददाता



गांव के देवी मंदिर निर्माण करते ग्रामीण

**संसू, जागरण, नरहट (नवादा)।** दायबिगहा गांव में वर्षो पुराना देवी मंदिर का भवन जर्जर हो जाने पर ग्रामीणों के आपसी सहयोग से नवनिर्माण किया जा रहा हैं। पुराना जर्जर हो चुके भवन को तोड़ कर नए भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। गांववासी नवयुवक समेत सभी ग्रामीण मंदिर का भव्य नव निर्माण के लिए अपने इच्छा अनुसार दान दे रहें। सुनील कुमार उर्फ भगत जी, रामजतन यादव, नरेश यादव, पप्पू यादव, जय कुमार यादव, नंदन यादव, गया यादव, भारत यादव, राजेंद्र यादव, मणिलाल यादव आदि ग्रामीण मंदिर निर्माण के लिए श्रमदान कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि माता रानी की कृपा से सभी ग्रामीणों का भरपुर सहयोग मिल रहा है। यह जानकारी शिक्षक संजय कुमार ने दिया।

# विधान सभा चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से कि मुलाकात

निज संवाददाता



केंद्रीय मंत्री से मिलते ओंकार सिंह

**संसू, जागरण, नरहट (नवादा)।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के युवा प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ने पंचशील भवन दिल्ली में आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सह खाद्य प्रसंस्करण केंद्रीय मंत्री माननीय चिराग पासवान जी से शिष्टाचार मुलाकात किए। उन्होंने बताया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में एनडीए 220 सीट लाकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। इस मौके पर प्रदेश सचिव विजय पासवान जी ,लोजपा नेता सदाम हुसैन जी, कार्यकर्ता रमाकांत जी, रघुवेंद्र जी भी मौजूद रहे।

# वारिसलीगंज थाना में भावपूर्ण विदाई और स्वागत समारोह का आयोजन

निज संवाददाता



**वारिसलीगंज ।** थाना परिसर में भावपूर्ण विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन सेवा निवृत प्रधानाध्यापक गोविन्द जी तिवारी ने किया।स्थानांतरित थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रुपेश कुमार सिन्हा को उनके कुशल नेतृत्व और समर्पित सेवा के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। वहीं, साइबर थाना से नव नियुक्त थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया, जिसमें फूलमाला, शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। यह समारोह हाल ही में बिहार पुलिस में हुए बड़े फेरबदल का हिस्सा है, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। रुपेश कुमार सिन्हा को अब अकबरपुर थाना की कमान सौंपी गई है, जबकि पंकज कुमार सैनी को वारिसलीगंज थाने का दायित्व दिया गया है। समारोह में उपस्थित वक्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों और क्षेत्रवासियों ने रुपेश कुमार सिन्हा के कार्यकाल की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सिन्हा ने न केवल थानाध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन किया, बल्कि पुलिस और जनता के बीच के खिंचाव भरे संबंधों को मजबूत करने का सराहनीय कार्य किया। उनके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था और सामुदायिक पुलिसिंग में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। एक वक्ता ने भावुक स्वर में कहा, "सिन्हा सर ने थाने को न केवल एक प्रशासनिक इकाई बनाया, बल्कि एक विश्वास का केंद्र भी। उनकी विदाई से थाना क्षेत्र में शून्यता का अहसास हो रहा है।" नवनियुक्त थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने स्वागत पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्ववर्ती अधिकारी के योगदान को आगे बढ़ाते हुए और अधिक सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की और आश्वासन दिया कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार,अप्सढ़ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिँह, वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार, मिथिलेश कुमार, मनीष कमलिया, सानू सिँह, सुबोध कुमार, प्रदीप कुमार,संतोष कुमार,अरूंजय मेहता, पपु चौधरी, सनोज साव,सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## वारिसलीगंज थाने की कमान पंकज कुमार सैनी ने संभाला पदभार, अपराध नियंत्रण और जनसहयोग पर जोर

निज संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)।** जिला पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर जिले में पुलिस पदाधिकारियों के व्यापक तबादले के बाद वारिसलीगंज थाने को नया नेतृत्व मिला है। निवर्तमान थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा को अकबरपुर थाने का प्रभारी बनाए जाने के बाद अनुभवी पुलिस अधिकारी पंकज कुमार सैनी ने वारिसलीगंज थाने के थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। यह तबादला जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। श्री सैनी ने स्थानीय पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा, "वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को रोकना, अपराधियों पर नकेल कसना और पुलिस-पब्लिक के बीच विश्वास का मजबूत रिश्ता स्थापित करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।" उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता का सहयोग और नैतिक समर्थन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

चुनौतियों का पहाड़ः साइबर क्राइम से लेकर जाम तक

वारिसलीगंज थाना क्षेत्र लंबे समय से कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। साइबर अपराध, अवैध बालू खनन, शराब तस्करी और वाहन दुर्घटनाएं क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं हैं। इसके अलावा, वारिसलीगंज बाजार में आए दिन लगने वाला जाम स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। श्री सैनी के सामने इन सभी मुद्दों से निपटने की कठिन जिम्मेदारी होगी। आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना भी उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। खासकर, त्योहारी सीजन में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है।

अनुभव और नेतृत्वः पंकज सैनी का सराहनीय रिकॉर्ड

पंकज कुमार सैनी जिले के विभिन्न थानों में अपनी सेवा दे चुके हैं और उनका कार्यकाल हमेशा से सराहनीय रहा है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए स्थानीय लोगों को उनसे काफी उम्मीदें हैं। श्री सैनी ने पत्रकारों से अपील की कि वे विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा, "पुलिस और जनता का आपसी सहयोग ही एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज की नींव है।"

स्थानीय लोगों की अपेक्षाएं

वारिसलीगंज के निवासियों को उम्मीद है कि नए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध की दर में कमी आएगी और बाजार में जाम की समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। साथ ही, साइबर अपराध और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और मजबूत होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में 5 साल के बच्चे की मौत, सड़क निर्माण में लगी बुलडोजर ने कुचला



**नालंदा।** नालंदा में सड़क हादसे में 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान का पपरनौस गांव निवासी अमरजीत पासवान के पुत्र राजपाल कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र की है। मृतक के चाचा श्रवण पासवान ने बताया कि गांव में सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। बुलडोजर के ड्राइवर ने लापरवाही से बच्चे को कुचल दिया। हादसे के बाद अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद निर्माण कार्य में लगे कर्मी फरार हो गए। दोषी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

### नालंदा में दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए रोजगार कैंप, 10वीं से स्नातक पास कर सकते हैं आवेदन



**नालंदा।** नालंदा में दिव्यांगों के लिए एक दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिहारशरीफ स्थित संयुक्त श्रम भवन में लगेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी आकिफ वक्कास के अनुसार विशेष जॉब कैंप में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही है। फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनी से लेकर जीवन बीमा निगम(एलआईसी), जीएसए फाउंडेशन, मां सिक्योरिटी और फ्रीडम इम्प्लॉय एबिलिटी एकेडमी दिव्यांग उम्मीदवारों की भर्ती के लिए तैयार है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 17,000 रुपए तक का मासिक वेतन मिलेगा। यह राशि दिव्यांग युवाओं के लिए आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। मैट्रिक (10वीं) से लेकर स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। जिला नियोजनालय के अधिकारी वक्कास यूसुफ ने बताया कि नियोजन की समस्त शर्तें कंपनी के मुताबिक होगी। सरकारी नियोजनालय केवल सुविधाकर्ता की भूमिका में है। बेरोजगार युवाओं और नियोजकों के बीच सेतु का काम कर रहा है। रोजगार शिविर में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने साथ बायोडेटा अवश्य लेकर आएं। बिना बायोडेटा के आवेदन प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### नालंदा में विद्युत व्यवस्था सुधार की दिशा में कदम, सिलाव में 50 डिसमिल जमीन पर होगा निर्माण

**नालंदा।** नालंदा में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला प्रशासन ने साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 33/11 KV विद्युत उपकेंद्र के निर्माण के लिए भूमि का निशुल्क स्थायी हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की है। जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार सिलाव अंचल के मौजा नानंद, थाना संख्या 440 में स्थित 50 डिसमिल भूमि पर इस विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। यह निर्णय अंचलाधिकारी सिलाव, भूमि सुधार उप समाहर्ता राजगीर और अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर की संस्तुतियों के आधार पर लिया गया है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के तत्वावधान में नालंदा जिले में 33/11 KV विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने का अधियाचना प्राप्त हुआ था। इस आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन ने अंचल अधिकारी सिलाव से विधिवत प्रस्ताव मांगा था। स्थानीय अधिकारियों द्वारा की गई जांच में पाया गया कि प्रस्तावित भू-खंड सभी आवश्यक मानदंडों को पूरा करता है। अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता राजगीर की सकारात्मक अनुशंसा के बाद इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी प्रदान की गई। प्रशासनिक अभिलेखों के अनुसार, प्रस्तावित भूमि खतियान की सत्यापित प्रतिलिपि, चेक स्लिप और नक्शे के साथ तीन-तीन प्रतियों में संलग्न की गई है। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह है कि यह भूमि मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तान, भू-दान, भू-हदबंदी, श्मशान, सैरात, अतिक्रमण, जल निकाय, भूमि विवाद तथा न्यायालयीन विवाद से मुक्त है। प्रशासनिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि प्रस्तावित भूमि पर किसी भी भूधारी का जमाबंदी कायम नहीं है और भूमि तक पहुंचने के लिए उचित पहुंच पथ उपलब्ध है। यह स्थिति उपकेंद्र के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा से बचने में सहायक होगी।

# गयाजी में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से मजदूर की मौत

## ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताया विरोध

**निज संवाददाता। गयाजी**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शिखर गांव के 22 वर्षीय युवक झींगुर कुमार की मौत स्थानीय झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण हो गई। मृतक की अचानक हुई मौत ने पूरे इलाके में कोहराम मचा दिया और गुस्साए ग्रामीणों ने अबगिला के पास गयाजी-नवादा मार्ग पर करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। मृतक की मां सुमंती देवी ने बताया कि उनका बेटा हाल ही में चौकी से गिर गया था और हाथ में गंभीर चोट आई थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय झोलाछाप डॉक्टर ने बिना एक्स-रे या उचित जांच किए ही प्लास्टर चढ़ा दिया। साथ ही दो इंजेक्शन भी लगाए गए। प्लास्टर इतना टाइट था कि हाथ की नस दब गई और धीरे-धीरे सूजन बढ़ने लगी। घर लौटने के बाद झींगुर बेचैन रहने लगा और दर्द से तड़पता रहा।

परिवार ने जब उसे दूसरे डॉक्टर के पास ले जाकर दिखाया तो पता चला कि टाइट प्लास्टर के कारण नस फट चुकी थी। प्लास्टर काटने की प्रक्रिया के दौरान झींगुर कुमार की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही डॉक्टर एजाज क्लिनिक बंद करके फरार हो गया। इस पर गुस्साए ग्रामीणों ने शव को क्लिनिक के बाहर रखकर जमकर नारेबाजी की और सड़क जाम कर विरोध जताया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग जमा हो गए।

थाना प्रभारी एसके द्विवेदी ने बताया कि जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने मृतक के परिजनों से लिखित आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि यह घटना झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही और स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी का परिणाम है। उन्होंने मांग की कि इस प्रकार के डॉक्टरों पर कार्रवाई करके भविष्य में किसी की जान जोखिम में न पड़े। पुलिस ने आश्वासन दिया कि आरोपी डॉक्टर को जल्द ही गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी और मृतक के परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।



## गुरुआ के चिलोर पंचायत को मिला पंचायत सरकार भवन की सौगात



**निज संवाददाता। गुरुआ**

गुरुआ प्रखंड के चिलोर पंचायत को अब पंचायत सरकार भवन की सौगात मिल गई है। सोमवार को राजद विधायक विनय कुमार यादव ने नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विनय कुमार यादव ने बताया कि अब चिलोर पंचायत में पंचायत सरकार भवन के बनने से ग्रामीणों को मामूली कामों के लिए प्रखंड कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यहां आरटीपीएस काउंटर, लाइब्रेरी, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव और संबंधित विभाग के अन्य कर्मचारी सभी सेवाएं पंचायत भवन में उपलब्ध कराएंगे।

इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख नीलम कुमारी यादवेंदु, बीडीओ सद्दाम हुसैन, चिलोर पंचायत मुखिया मंजू देवी, गुरुआ पंचायत के मुखिया पति सुरेंद्र कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रामाशीष प्रजापत, राजद के वरिष्ठ नेता दीपू यादव, बालगोविंद प्रसाद यादव, रामकृत यादव, नागेंद्र पासवान समेत कई लोग मौजूद थे। पंचायत सरकार भवन के उद्घाटन से स्थानीय लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल है। अब उन्हें सरकारी कामकाज के लिए लंबी दूरी तय करने की जरूरत नहीं रहेगी और सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

## 11 वर्षों से फरार नक्सल कांड का अभियुक्त गिरफ्तार, जेल भेजा गया



**निज संवाददाता। वजीरगंज**

वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधौल गांव से पुलिस ने एसटीएफ की मदद से 11 वर्षों से फरार नक्सल कांड के अभियुक्त जवाहर यादव को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि बुधौल गांव निवासी 69 वर्षीय जवाहर यादव पर वर्ष 2014 में अमैठी के हड़ाही स्थान में नक्सली गतिविधि का मामला दर्ज था। इस मामले में आरोपी ने कार्य में लगे जेसीबी को लेवी न देने पर जलाने का प्रयास किया था। पुलिस ने लंबे समय तक उसकी तलाश जारी रखी और रविवार को एसटीएफ बल के सहयोग से उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी से इलाके में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। साथ ही पुलिस जांच कर रही है कि आरोपी के संपर्क में कौन-कौन लोग थे और क्या इस मामले में अन्य सहयोगी शामिल थे।

# ब्रेल लिपि में प्रशिक्षित हो रहे दृष्टिबाधित बच्चे, 90 दिवसीय शिविर दे रहा नई दिशा





**निज संवाददाता। शेरघाटी**

शेरघाटी प्रखंड क्षेत्र के चेरकी स्थित मध्य विद्यालय धांधोपुर में दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले बच्चों के लिए 90 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 15 बच्चे शामिल हैं, जो अब ब्रेल लिपि और गणितीय भाषा का अध्ययन कर रहे हैं। प्रशिक्षक संतराम सिंह ने बताया कि दृष्टिबाधित बच्चे अक्सर समाज और परिवार में उपेक्षा और अपमान का सामना करते हैं। ऐसे में यह प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यदि इन बच्चों को सही शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, तो वे भविष्य में सिविल सेवा जैसे प्रतिष्ठित पदों तक भी पहुंच सकते हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना, उन्हें शिक्षित करना और आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए सक्षम बनाना है।

प्रखंड साधनसेवी समावेशी सह केंद्र प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों को यहां ब्रेल लिपि के साथ-साथ गणितीय भाषा की भी शिक्षा दी जा रही है। इसके अलावा बच्चों को दैनिक जीवन के कौशल, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक मूल्यों का पाठ भी पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बच्चों में आत्मविश्वास का संचार हुआ है। अब वे न केवल पढ़ाई-लिखाई में रुचि ले रहे हैं बल्कि अपनी प्रतिभा को भी निखारने का प्रयास कर रहे हैं। यह पहल समाज को यह संदेश दे रही है कि उचित अवसर और सहारा मिले तो दृष्टिबाधित बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। यह 90 दिवसीय शिविर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रहा है और उनके जीवन में नई रोशनी बनकर उभर रहा है।

# वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ की अप्रकाशित कृति 'यायावर' का लोकार्पण

## स्मृतिशेष साहित्यकार की यात्रा वृतांत पुस्तक का विमोचन, साहित्य जगत में हुई सराहना

**निज संवाददाता। गयाजी**



गयाजी में वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार सुनील सौरभ की रचित यात्रा वृतांत पुस्तक "यायावर" का विमोचन रविवार की रात विष्णुपद स्थित मुख्य मंच से किया गया। यह पुस्तक स्मृतिशेष साहित्यकार के पुत्र सिद्धार्थ कुमार द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक लोकार्पण के अवसर पर श्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि पितृपक्ष के पावन अवसर पर एक पुत्र द्वारा पिता की अप्रकाशित कृति का प्रकाशन कर लोकार्पण कराना अत्यंत अद्भुत और स्तुत्य कार्य है। उन्होंने कहा कि इस कार्य की सर्वत्र सराहना होनी चाहिए। इस अवसर पर कथा वाचिका देवी अनुराधा सरस्वती, साहित्यकार डॉ. सच्चिदानंद प्रेमी, डॉ. रामकृष्ण मिश्र, मुकेश कुमार सिन्हा, संतोष क्रांति, विनोद बरबिगहिया, पूर्व निगम पार्षद लालजी प्रसाद, एस.एम. जुगेश कुमार सिन्हा, अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार उर्फ़ सिब्लू सिंह, समाजसेवी मुनीराम दूबे, रामप्रवेश शर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, रमाकांत शर्मा उर्फ़ छोटू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


पुस्तक लोकार्पण के पूर्व स्वामी जी और कथा वाचिका को साहित्यकार के पुत्र सिद्धार्थ कुमार और पुत्री सुरभि द्वारा माल्यार्पण और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ का निधन 22 अप्रैल, 2023 को हुआ था और यह कृति तब तक अप्रकाशित थी।

यायावर में श्री नाथद्वारा, उदयपुर, हल्दीघाटी, अयोध्या, कुशीनगर, कौलेश्वरी, जम्मू, वैशाली, इटखोरी, हरिद्वार और राजापुर की यात्रा का संस्मरण शामिल है।इस लोकार्पण ने न केवल साहित्य जगत में उत्साह पैदा किया बल्कि वरिष्ठ पत्रकार की स्मृति और योगदान को भी सम्मानित किया।

# मोहन कुमार ने संभाला थानाध्यक्ष का प्रभार

## कानून-व्यवस्था को बताया प्राथमिकता

**निज संवाददाता। फतेहपुर**



मोहन कुमार ने सोमवार को फतेहपुर थानाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने कहा कि उनकी सबसे पहली प्राथमिकता क्षेत्र में कानून और व्यवस्था को मजबूत करना होगी। उन्होंने बताया कि मुख्य बाजार और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अक्सर लगने वाले जाम की समस्या को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शराब और बालू की तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं पर अंकुश लगाना उनकी बड़ी चुनौती होगी, लेकिन इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपराध और असामाजिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित निरीक्षण, निगरानी और जनता से संवाद को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि इलाके में सुरक्षा की भावना मजबूत हो और अपराध पर कड़ा नियंत्रण रखा जा सके।

# इमामगंज में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन अब 24 सितंबर को डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत कई मंत्री करेंगे शिरकत

**निज संवाददाता। इमामगंज**




आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए घटक दलों ने इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को हम पार्टी कार्यालय में एनडीए की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता हम पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण मांझी ने की। बैठक में बताया गया कि पहले 18 सितंबर को गांधी मैदान, इमामगंज में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन होना तय था, लेकिन उसी दिन गृह मंत्री अमित शाह के पटना आगमन के कारण कार्यक्रम की तिथि बदल दी गई है। अब यह सम्मेलन 24 सितंबर को आयोजित होगा।

जिला अध्यक्ष नारायण मांझी ने कहा कि इस सम्मेलन में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी समेत राज्य सरकार के कई मंत्री और विधायक शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि यह सम्मेलन एनडीए की ताकत और एकजुटता को प्रदर्शित करेगा। बैठक में इमामगंज, डुमरिया और बांकेबाजार प्रखंडों के एनडीए के प्रखंड अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों और बूथ कमेटियों के साथ चुनावी रणनीति पर गहन चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती से विकास के मुद्दों पर चुनावी मैदान में उतरेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बार जनता के बीच एनडीए का नारा होगा – "2025, 225 फिर से नीतीश के साथ"।

बैठक में भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद सिंह उर्फ निक्कू, पूर्वी मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बृजनंदन प्रसाद, लोजपा (आर) प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय, किशोरी प्रसाद और अकरम खां सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिहार सरकार

कार्यालय जिला पदाधिकारी एवंसमाहर्त्ता, औरंगाबाद
(जिला शस्त्र शाखा)
औरंगाबाद जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों हेतु महत्वपूर्ण सूचना

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी विधान सभा निर्वाचन 2025 में शस्त्रों एवं कारतूसों का सत्यापन कराने हेतु औरंगाबाद जिला अंतर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी का अपने शस्त्रों एवं कारतूसों की भौतिक सत्यापन कराने हेतु (छोटे अग्नेयास्त्रों यथा पिस्टल/रिवॉल्वर को छोडकर) स्थानीय थाना में दिनांक– 15.09.2025 से दिनांक–10.10.2025 तक सत्यापन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। शस्त्र सत्यापन से संबंधित सत्यापन कार्यक्रम इस कार्यालय के ज्ञापांक–2079/श0, दिनांक–.12.09.2025 द्वारा निर्गत किया गया है।

इस जिला अंतर्गत लाईसेंसी शस्त्रों का शत–प्रतिशत सत्यापन कराने के उदेश्य से दिनांक–15.09.2025 से दिनांक–10.10.2025 तक निर्धारित किया जाता है।

शस्त्र सत्यापन हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक–2079/श0, दिनांक–12.09.2025 द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी संबंधित थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर अपने आवंटित क्षेत्रान्तर्गत सभी छुटे हुए लाईसेंसी शस्त्रों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। छोटे अग्नेयास्त्रों (पिस्टल/रिवॉल्वर) का सत्यापन जिला शस्त्र कार्यालय, औरंगाबाद में जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, औरंगाबाद के द्वारा किया जाना हैं। समय–सीमा के अंतर्गत अपने शस्त्रों एवं कारतूसों का सत्यापन नहीं कराये जाने की स्थिति में शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित करते हुए रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला दण्डाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No. 014717 (District) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### जिउतिया के स्नान के दौरान पानी में डूबने से किशोर की मौत

**करगहर(रोहतास)।** थाना क्षेत्र के चंद्रभान पुर गांव के समीप स्थित धर्मावती नदी में रविवार को जीवित्पुत्रिका व्रत में स्नान करने के दौरान एक किशोर के पानी में डूबने मौत हो गई । घटना के संबंध में बताया जाता है कि चंद्रभान पुर निवासी राज नाथ सिंह यादव का 10 वर्षीय प्रपौत्र अजय कुमार अपनी मां के साथ स्नान करने के लिए धर्मावती नदी पर गया था । स्नान के बाद पूजा पाठ में वह व्यस्त हो गई । इस बीच अन्य बच्चों के साथ वह नदी में स्नान करने लगा । इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया । तैरना नहीं आने के कारण वह डूबने लगा । बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू कर दी । नदी में पानी अधिक होने के कारण किशोर का कहीं पता नहीं चला । काफी खोजबीन के बाद रात 8 बजे एक झुरमुट में फंसा किशोर का शव पानी से बाहर निकाल गया। जिसे एक निजी अस्पताल में ले जाया गया । जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया ।

### निलाम पत्र का वारंटी गिरफ्तार

**राजपुर** । थाना क्षेत्र के दो लोगों को सोमवार को स्थानिय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने बताया कि निलाम पत्र के वारंटी बकुलाखोह गांव निवासी मनोज पाठक एवं बरना गांव निवासी गिरजानन्द पाण्डेय को गिरफ्तार कर बिक्रमगंज न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया

### रोहतासः 21 थानों में नए थानाध्यक्ष, चुनाव से पहले बड़ा फेरबदल

» पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैनाती, नए थानाध्यक्ष तुरंत संभालेंगे कार्यभार

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले रोहतास पुलिस ने बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। एसपी रौशन कुमार ने जिले के 21 थानों में नए थानाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य जिले में पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाना बताया गया है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि जिन थानों में नए थानाध्यक्षों की पोस्टिंग की गई है, वहां के पूर्व थानाध्यक्षों का तबादला पहले ही अन्य जिलों में कर दिया गया था। साथ ही कई ऐसे पुलिस अधिकारी, जो पहले अन्य जिलों में तैनात थे, उन्हें रोहतास जिले में योगदान देने के लिए स्थानांतरित किया गया है। नए थानाध्यक्षों को तत्काल अपने पदस्थापन स्थल पर जाकर कार्यभार संभालने का आदेश दिया गया है। एसपी ने कहा कि यह तैनाती जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ थानों में सुधार और पुलिसिंग की गति बढ़ाने में मदद करेगी। इस बदलाव से जिले में अपराध नियंत्रण, थानों में त्वरित कार्रवाई और आमजन की सुरक्षा में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में यह कदम निर्णायक साबित होगा। स्थानीय लोगों ने इस फेरबदल को स्वागतयोग्य बताया और कहा कि नए थानाध्यक्षों के सक्रिय योगदान से थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। आमजन को आशा है कि अब पुलिस त्वरित कार्रवाई के साथ अपराधियों पर कड़ी नजर रखेगी और जनता को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा।

### सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत करायागा भाजपा

**राजपुर रोहतास।** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक मण्डल अध्यक्ष रामजीत राय उर्फ पप्पू राय की अध्यक्षता में रविवार को पार्टी कार्यालय में हुई। जिसमे केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाएं जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए घर घर पहुच भाजपा कार्यकर्ता लोगो बताने का निर्णय लिया गया ।बैठक को सम्बोधित करते मण्डल अध्यक्ष रामजीत ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए बुथ अध्यक्ष अपने अपने बुथो पर अभी से ही सक्रियता बढा दे।बैठक में सुशीला कुअर, महामंत्री संजय पाण्डेय,मदन चौधरी,लक्ष्मुमण पाठक, सत्य नारायण साह, सहदेव तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अनुसंधान को लेकर नारायण कृषि विज्ञान संस्थान ने प्राइवेट सेक्टर से किया समझौता

**सासाराम।** कृषि क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान ने पटना स्थित सरविन एग्रो केमिकल्स प्रा. लि. कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किया है।इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों एवं किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, उर्वरकों एवं कीटनाशक प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत सरविन एग्रो केमिकल्स प्रा. लि. तकनीकी सहयोग, इंटर्नशिप के रूप में छात्रों को प्रशिक्षण एवं इच्छुक छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही इससे छात्रों में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता करने के अवसर भी मिलेंगे। ये समझौता छात्रों को अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करेगा।एमओयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० एम के सिंह, कुलसचिव प्रो० धर्मेंद्र कुमार, कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो० एस एस सिंह, निदेशक प्रो० एच के सिंह, प्राध्यापक डॉ० संदीप कुमार मौर्या एवं डॉ० मोहम्मद हाशिम के उपस्थिति में संपन्न हुआ।उल्लेखनीय है कि इस तरह के प्रशिक्षण से अकादमिक-औद्योगिक सहयोग कृषि शिक्षा को व्यवहारिक आयाम देगा और छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने में सहायक होगा।

## डीएवी सेमरा बिक्रमगंज में हिंदी पखवाड़ा की हुई शुरुआत


निज संवाददाता



**बिक्रमगंज** । डीएवी स्कूल सेमरा बिक्रमगंज में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़े की शुरुआत 15 सितंबर से प्रारंभ कर दी गई । सोमवार को इस पखवाड़े का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या प्रमिला सिंह द्वारा की गई । इस पखवाड़े की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या के उद्बोधन से हुआ । उन्होंने हिंदी दिवस के महत्व एवं हिंदी विषय पर प्रकाश डालते हुए अपनी भाषा को मजबूती प्रदान कैसे करें,इस विषय पर प्रकाश डाला । साथ ही बच्चें अपनी भाषा अच्छी तरह से जाने एवं ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लाएं । इस विषय पर भी सभी का ध्यान आकृष्ट किया ।हिंदी हमारी पहचान है,दुर्भाग्यवश यह हमारी राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई । इसका उन्होंने खेद जताया हिंदी हमारे देश की माथे की बिंदी है । हिंदी भाषा के बिना हमारा सांस्कृतिक विकास संभव नहीं है । इसलिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा हिंदी भाषा को बढ़ावा देना चाहिए । समाज में एक संदेश जाए कि अन्य भाषाओं के अलावे हम हिंदी भी अच्छी तरह से जाने एवं अधिक से अधिक उपयोग में लाये । इस कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी की वरिष्ठ शिक्षिका कुसुम तिवारी ने किया । उन्होंने हिंदी साहित्य का विकास एवं हिंदी के साहित्यकारों का योगदान की चर्चा की । भारतेंदु हरिशचंद्र द्वारा रचित कविता को गाकर उन्होंने हिंदी के महत्व को समझाया । सोमवार को कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के छात्राओं द्वारा काव्य पाठ किया गया । द्वितीय कक्षा के छात्रों द्वारा हिंदी भाषा में एक गीत गाकर नृत्य प्रस्तुत किया गया । विद्यालय के सभी शिक्षकलोगों की सक्रिय भूमिका रही ।

## तस्करी 32 गायों को पुलिस ने किया बरामद ,दो गिरफ्तार

निज संवाददाता



**करगहर(रोहतास)।** समकालीन अभियान के तहत सासाराम चौथा पथ में रविवार की देर रात वाहन जांच के दौरान एक ट्रक में ठुसकर तस्करी के लिए ले जा रहे 32 गायों को पुलिस ने बरामद किया है । इस आशय की जानकारी एसडीपीओ कुमार वैभव ने दी । उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के नयका मोड़ के समीप वाहन जांच के क्रम में सासाराम की ओर तेज गति से जा रहे एक ट्रक को रोका गया। ट्रक पूरी तरह त्रिपाल से पैक किया हुआ था । संदेह होने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी । विश्व में जिसमें 32 गायों को अमानवीय तरीके से मुंह व पैर मजबूत रस्सी से बांधकर एक के ऊपर एक लोड किया गया था । जिन्हें सांस लेने में भी कठिनाई हो रही थी । कागजात मांगने पर उन्होंने कोई पेपर उपलब्ध नहीं कराया फल स्वरुप चालक और तस्कर को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया गया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चालक जाकिर खान पिता एनाउल खान ग्राम अगरा थाना डोभी जिला गयातथा तस्कर फुकेल पासवान पिता शिव व्रत पासवान ग्राम सोनबरसा थाना बराचट्टी जिला गया का निवासी है को गिरफ्तार कर लिया गया । बरामद सभी 32 गायों की मेडिकल जांच के बाद सासाराम में स्थित गौशाला में सुपूर्द कर दिया गया । ट्रक जब्त कर दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है । इस मामले में शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापा मारी जारी है ।

## बिक्रमगंज थाना में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक,अधिकारियों ने सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)** । आगामी दुर्गापूजा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ललन कुमार,प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह,बीडीओ अमित प्रताप सिंह,ईओ मोहम्मद जमाल अख्तर अंसारी ने संयुक्त रूप से की । बैठक में नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण इलाकों से जुड़े पूजा समिति के अध्यक्ष,सदस्य तथा शांति समिति के प्रतिनिधि उपस्थित रहे । सभी ने एक स्वर में अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे । प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली,प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अमित प्रताप सिंह,नगर कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) मोहम्मद जमाल अख्तर अंसारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गापूजा पर्व के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है । उन्होंने सभी पूजा समितियों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समय और दिशा- निर्देशों के तहत ही कार्यक्रम संचालित करें,ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो । उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाएगी । अधिकारियों ने भी सभी लोगों से आपसी सहयोग, भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की । प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गापूजा क्षेत्र की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है । ऐसे में इसे शांति और अनुशासन के साथ मनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है । नगर ईओ ने साफ-सफाई,प्रकाश और अन्य नगर परिषद से जुड़ी व्यवस्थाओं पर जानकारी दी । बैठक में शिवपुर मुखिया श्वेता सिंह, पूर्व सभापति रब नवाज राजू,नंदजी सिंह,गुड्डू सिंह,सतीश सिंह,भुलेटन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे । सभी ने प्रशासन को हर संभव सहयोग देने और पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का भरोसा दिया । बैठक का समापन सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में हुआ,जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का संकल्प लिया ।

## डेढ़ साल से बंद है बिहार का संस्कृत विद्यालयः रोहतास के बसंत




निज संवाददाता

» विगहा में शिक्षक नहीं, बच्चों को दूसरे गांव जाना पड़ रहा

**काराकाट** । रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के बसंत विगहा में स्थित श्रीनिवास संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालय पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा है। शिक्षकों की कमी के कारण गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे गांवों का रुख करना पड़ रहा है। विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक ने बताया कि यह विद्यालय 1980 में स्थापित हुआ था। 2015 तक यहां की शिक्षा व्यवस्था बेहतर थी। इसके बाद कई शिक्षकों की सेवानिवृत्ति हो गई। डेढ़ साल पहले एक शिक्षक की मृत्यु के बाद से विद्यालय पूरी तरह बंद हो गया। स्थानीय निवासी राजेश्वर सिंह के अनुसार, सरकार नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर रही है। गांव के युवक सूर्य प्रकाश ने बताया कि संस्कृत बोर्ड में आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी विद्यालय से पढ़कर शिक्षक बने संतोष सिंह का कहना है कि सरकार संस्कृत विद्यालयों पर ध्यान नहीं दे रही है। विद्यालय के पास ही नया पंचायत भवन बना है, लेकिन विद्यालय की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। गांव वालों और सेवानिवृत्त शिक्षकों ने विधायक और संस्कृत बोर्ड को कई बार पत्र लिखा है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इससे गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

## जगन्नाथ मठ निर्माण नक्शा तैयारी हेतु बुलाये गये इंजिनियर

निज संवाददाता



**राजपुर** । प्रखंड के अमरपुर गांव स्थित जगन्नाथ मठ का जीर्णोद्धार एवं परिसर में भगवान का मंदिर नवनिर्माण हेतु रविवार को बोधगया से इंजिनियर बुलाये गये. निर्माण कार्य के इंजिनियर मो रसीद खान के नेतृत्व में उनके टीम के सदस्यो ने स्थल का निरीक्षण करते हुए नक्शा तैयार किया. लोहराडिह गांव निवासी जदयू एवं रालोसपा से जुड़कर क्षेत्र अन्तर्गत विकास कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता नन्द कुमार सिंह व प्रतापगंज निवासी बडन सिंह ने इंजिनियर के साथ मिलकर स्थल के स्ट्रक्चर को समझाते हुए नक्शा हेतु विचार विमर्श किया. मौके पर मौजूद एबीसी क्लब अध्यक्ष भाई जयराम सिंह अकेला व डालमियानगर निवासी समाजसेवी विनय बाबा ने मंदिर के बनावट को तैयार करने के लिए इंजिनियर के टीम को सहयोग प्रदान किया. महंत सुदर्शनाचार्य व दारेखाप गांव निवासी ददन जी पाण्डेय ने ज्योतिष शास्त्र का ज्ञान प्रदान करते हुए पोजिटिव इनर्जी फलदायक लोक कल्याणकारी ऊर्जा से परिपूर्ण भगवान के भव्य दरबार निर्माण के लिए इंजिनियर को सुझाव प्रदान किया. मौके पर अमरपुर निवासी धनजी सिंह यादव, बुद्धु सिंह यादव,सतेन्द्र व्यास,हरेराम मुखिया,मंगरवलिया पंचायत मुखिया इन्द्रजीत सिंह, ददन सिंह, पंचायत समति सदस्य सुधा देवी, आलोक सिंह,बरना पंचायत मुखिया योगेन्द्र चौधरी,बीडीसी संतोष ठाकुर, बडन दुबे समेत अन्य मौजूद रहे.

» मठ सेवा आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में क्षेत्र के कई समाजसेवी रहे मौजूद

## प्रशासन ने चार क्वाटर को कराया खाली


निज संवाददाता



**नौहट्टा/रोहतास।** थाना क्षेत्र के सोन वैली पोर्टलैंड बौलिया क्वायरी के चार क्वार्टरों को सोमवार को प्रशासन के मौजूदगी में खाली कराया गया। बताया गया।सोमवार को बड़ी संख्या में बौलिया में पुलिस बल के साथ अंचलाधिकारी नौहट्टा, अंचला अधिकारी रोहतास, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार, रोहतास और नौहट्टा थानाध्यक्ष पहुंचे। तथा प्राचीन डाकघर के समीप स्थित क्वार्टरों में रह रहे लोगों से प्रशासनिक टीम ने वार्ता की।कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में क्वार्टर खाली कराना अनिवार्य है। इस संबंध में कई बार बातचीत की गई, बावजूद इसके अब तक अधिकांश क्वार्टर खाली नहीं किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक भी कार्रवाई की जा सकती है।वही क्वार्टरों में रह रहे लोगों ने प्रशासन से एक सप्ताह का समय मांगा। इस बीच में अधिकारियों ने एक निराकरण निकला और कहा कि जो क्वार्टरों में लोग रहते नहीं है और अवैध कब्जा कर रखे है। उसे खाली करना होगा, जिसके बाद प्रशासन ने चार क्वाटरों का वीडियोग्राफी कराते हुआ ताला तुड़वाया और तलाशी लेकर सामानों की सूची बनाई गई। बताया गया कि क्वार्टर नंबर D-13 जो कि यूनियन कार्यालय था जिसमें मजदूरों से जुड़े कुछ दस्तावेज बरामद हुए, जबकि B-82, 83 और 95 नंबर क्वार्टरों को खाली कर अधिकारियों ने अतिक्रमण मुक्त करा दिया। वही डी4, 5, को भी प्रशासन ने ताला तोड़ कर अपना ताला बंद कर सिल कर दिया है। तथा क्वॉटर में रहने वाले को फोन से सूचना दिया कि अपना सामान प्रशासन की मौजूदगी में 7 दिन से पहले निकाल ले। जानकारी के अनुसार, न्यायालय से 16 क्वार्टर खाली कराने का आदेश मिला है। कई बार वार्ता के बावजूद प्रशासन को पूरी सफलता नहीं मिल पाई थी। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने कंपनी की जमीन की नीलामी कराई थी, जिसे अप्रैल 2024 में लिक्विडेटर द्वारा प्रशासन को हैंडओवर किया गया था। लेकिन मजदूर अपने बकाया वेतन भुगतान पर अड़े रहे, जिस पर अधिकारी प्रक्रिया पूरी करने की बात कह रहे हैं।मौके पर नौहट्टा सीओ हिंदुजा भारती, रोहतास सीओ सुश्री सुशी, जेएसएस दुर्गेश कुमार, बीपीआरओ अमनदीप भाटिया, इंस्पेक्टर सर्वेश कुमार दास, नौहट्टा थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा एवं रोहतास प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीकांत पासवान, एस आई नूतन कुमारी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# सेवा पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे अधिकारी डीएम

निज संवाददाता



» 17 से 2 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रमों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लिया फीड बैंक

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी, रोहतास श्रीमती उदिता सिंह के द्वारा आगामी दिनांक 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला "सेवा पर्व" के अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा कराये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गयी। जिसमें वन प्रमंडल 1 पदाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता, आरडीडी, नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत एवं नगर परिषद के द्वारा भाग लिया गया।उक्त बैठक में उपस्थित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों के द्वारा "सेवा पर्व" के अवसर आयोजित कराये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी, जिसको सफल बनाये जाने हेतु सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों यथा- प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग सभी आयोजित कार्यक्रमों में देने हेतु निदेशित किया गया।तत्पश्चात अपने-अपने विभागों के द्वारा आयोजित कराये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी।वन विभागःवन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला "सेवा पर्व" के अवसर पर वन विभाग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों वृक्षारोपण, प्रभातफेरी तथा दिनांक 25 से स्वच्छता अभियान एवं वन विभाग से संबधित प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं विद्यालयों से अपेक्षित सहयोग की आवश्यकता बतायी गयी।स्वास्थ्यः असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला "सेवा पर्व" के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी तरह के रोगों की जांच स्त्री ,पुरुषों की जायेगी तथा संबंधित रोगों के दवाओं का वितरण भी कराया जायेगा।पंचायतः जिला पंचायती राज पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर 2025 के बीच मनाये जाने वाला "सेवा पर्व" के अवसर पर जिले में पंचायत स्तर पर निर्मित पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवनों के परिसर की साफ-सफाई एवं पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।नगर निगम, सासारामः नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला सेवा पर्व " के अवसर पर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 17से लेकर 29 अक्टूबर तक सभी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न चरणों में कार्यक्रम यथा - साफ-सफाई की पखवारा चिन्हित स्थानों की साफ-सफाई, विद्यालयों में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण आदि का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन विभागः कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, रोहतास के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला "सेवा पर्व" के अवसर पर सभी वार्डों में वार्डवार खराब चापाकलों की मरम्मती, पेयजलापूर्ति पाईपों के लीकेज आदि के मरम्मती का कार्यक्रम चलाया जायेगा, जिसमें कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, जीविका दीदियों पम्पचालकों आदि की सेवा लिया जायेगा।उद्योग विभागः महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला "सेवा पर्व" के अवसर पर उद्योग विभाग के द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के सहयोग से सभी विद्यालयों में मेक इन इंडिया आत्मनिर्भर के तहत quiz debate karykram का आयोजन कराया जायेगा, इसके संबंध में छात्रों के बीच अधिक से अधिक जानकारी दी जायेगी।समाज कल्याणः जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) रोहतास के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला "सेवा पर्व" के अवसर पर विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण आहार वितरण बच्चों की पढ़ाई एवं मोटापा से सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी पुरुष एवं स्त्रीयों के सहभागिता से कराया जायेगा। स्वच्छता अभियान दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया जायेगा। इस संबंध में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक निर्देश दिए गए है।स्वच्छताः निदेशक डीआरडीए रोहतास के द्वारा बताया गया कि 17 से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला सेवा पर्व के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत डब्लूपीयू एवं सीएससी के तहत एक दिया स्वच्छता के नाम दीप प्रज्जवलित किया जायेगा तथा सभी ग्राम पंचायतों के सभी ग्रामों में लक्षित स्वच्छता एकता की पहचान कर साफ-सफाई का कार्य किया जायेगा।बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उक्त विभागों के द्वारा आयोजित कराये जाने वाले सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता विशेष रूप से उपलब्ध कराते हुए सेवा पर्व को मनाया जाना सुनिश्चित किया जाय तथा अपने-अपने प्रखंड मुख्यालयों में ऐसे केन्द्रों का चयन कर उसके साफ-सफाई एवं सभी तैयारियों को करते हुए प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के बारे में लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी / प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि उसका लाभ अधिक से अधिक स्त्री / पुरुषों के द्वारा लिया जा सके।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यह भी निदेश दिया गया कि पीएचईडी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे चापाकलों की मरम्मती लीकेज पाईपों की मरम्मती आदि कराये जाने के संबंध में अधिक से अधिक लोगों के बीच जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित । किया जाय ताकि उसका लाभ सभी को प्राप्त हो सके।इसके अतिरिक्त अन्य सभी विभागों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के संबंध में जो भी कलेन्डर तैयार कराया गया है, उसके बारे में सभी आम नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें । सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यह भी निदेश दिया गया कि स्वीप से संबंधित जितने भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, उन सभी कार्यक्रमों का वीडियो तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चारा खाने वाले पिता से सीख लें तेजस्वी

**बेगूसराय।** बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को अपने पिता लालू यादव से ज्ञान लेना चाहिए, जो चारा खा गए। पिता को भी चाहिए कि ज्ञान दे दें। चारा घोटाला में पैसा खा गए। उस पैसे से विकास में एक ऊंचाई स्थापित कर सकते थे। गरीबों के घर में शौचालय बन सकता था। नल जल जा सकता था। आवास बन सकता था। आज चोर और चोरी के खिलाफ बोल रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उम्मीद से देख रहा है। 10 साल कांग्रेस और लालू यादव का शासन रहा, भ्रष्टाचार से घिरा रहा। प्रधानमंत्री जब भी बिहार आते हैं, विकास में एक नई ऊंचाई स्थापित करते हैं। आज भी प्रधानमंत्री आ रहे हैं तो हजारों लाखों करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

**बिहार आगे बढ़ रहा है:** केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि पूर्वांचल के विकास के बगैर देश का विकास नहीं हो सकता है। पूर्वांचल का मतलब बिहार होता है। बिहार के विकास के बगैर देश का विकास संभव नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी जी ने विकास को स्थापित कर दिया है। उनके विकास पर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी इठलाकर यात्रा निकाल रहे थे। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है।

**पाकिस्तान को डूबकर मर जाना चाहिए:** वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि सबसे पहले भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की ढ़ेर सारी बधाई। मैदान पर पहलगाम के शहीदों के प्रति जीत को समर्पित किया गया। सेना के प्रति समर्पित किया। यह भारत का भारतवंशी ही कर सकता है। पाकिस्तान को तो डूबकर मर जाना चाहिए।

### भारत-नेपाल सीमा पर 101 किलो गांजा बरामद

**बेतिया।** भारत - नेपाल सीमा के पिलर संख्या 433 के समीप से एसएसबी की 44वीं बटालियन भतुजला के जवानों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 101 किलो गांजा जप्त किया। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर जवानों ने सीमा क्षेत्र में निगरानी तेज की थी। इसी दौरान गांजा तस्करों की गतिविधि पकड़ में आई। जवानों को देख तस्कर गांजा का बोरा फेंक मौके से फरार हो गए। जब्त किए गए गांजा को एसएसबी ने सहोदरा थाना को सुपुर्द कर दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फरार तस्करों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। सीमा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही तस्करी को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां चौकसी बढ़ा दी हैं।

### बेतिया के स्कूल से छह वर्षीय छात्र का अपहरण, इलाके में दहशत

**बेतिया।** लौरिया थाना क्षेत्र के व्यासपुर चौक स्थित बीआईपीएस विद्यालय से नर्सरी कक्षा के छह वर्षीय छात्र के अपहरण की घटना ने सोमवार को पूरे इलाके को दहला दिया। व्यासपुर निवासी अनुप कुमार श्रीवास्तव ने थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उन्होंने रोज की तरह सुबह 7:30 बजे अपने पुत्र आर्यन को विद्यालय में छोड़ा था। दोपहर करीब 12 बजे जब वे लेने पहुंचे तो उनका बेटा लापता मिला। विद्यालय में केवल उसका बैग कक्षा में रखा था। परिजन का कहना है कि पढ़ाई के दौरान ही एक शिक्षक को फोन आया और उसी बीच किसी ने मासूम को विद्यालय परिसर से बाहर ले जाकर गायब कर दिया। इस घटना से परिजन समेत पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। अपहृत छात्र की सुरक्षित बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगातार छानबीन में जुटी हुई है।

### सड़क की दुर्दशा ने खोली विकास की पोल

**बेतिया।** लौरिया प्रखंड के बसवरिया पराऊटोला पंचायत स्थित बसवरिया गांव की मुख्य सड़क की दुर्दशा ने विकास कार्यों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। एनएच-727 से वार्ड संख्या 12 और 13 को जोड़ने वाली करीब 1.470 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना के तहत 33 लाख 99 हजार रुपये की लागत से कराया गया था। निर्माण के बाद हर वर्ष इसके रखरखाव पर भी लाखों रुपये खर्च दिखाए गए। रिकॉर्ड के अनुसार 2020-21 में 1.09 लाख, 2021-22 में 1.49 लाख, 2022-23 में 3.85 लाख, 2023-24 में 1.99 लाख और 2024-25 में 4.10 लाख रुपये खर्च दर्शाए गए। बावजूद इसके सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और यह ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लाखों रुपये वास्तव में सड़क की मरम्मत पर खर्च हुए होते तो आज यह हालात नहीं होते। विभागीय लापरवाही और कागजी खानापूरी के कारण सड़क पांच साल में ही जर्जर हो गई है। आए दिन बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और पैदल चलने वाले भी गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे बार-बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत और खर्च हुए पैसों की जांच की मांग की है। इस संबंध में नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियर दीपक कुमार ने कहा कि वह स्थल निरीक्षण कर जल्द ही सड़क सुधार की कार्रवाई शुरू कराएंगे।

### 23 से होगी स्नातक सेमेस्टर-2 की प्रायोगिक परीक्षा


**मुंगेर।** मुंगेर विवि में सत्र 2023-27 स्नातक सेमेस्टर-4 की परीक्षा 9 सितंबर से 27 केंद्रों पर ली जा रही है। जिसके पांचवें दिन की परीक्षा सोमवार 15 सितंबर को दो पालियों में होगी। जिसमें प्रथम पाली में एमजेसी के ग्रुप-सी में शामिल विषय राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, ग्रामीण अर्थशास्त्र, संस्कृत के पेपर-7 की परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में एमजेसी के ग्रुप-बी में शामिल विषय इतिहास, आईआरपीएम, पाली, संगीत, समाजशास्त्र, उर्दू के पेपर-7 की परीक्षा ली जायेगी। मुंगेर| मुंगेर विवि द्वारा सत्र 2024-28 स्नातक सेमेस्टर-2 की प्रायोगिक परीक्षा 23 सितंबर से ली जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार इस सत्र की प्रायोगिक परीक्षा 23 से 29 सितंबर तक होगी। वहीं विषयवार प्रायोगिक परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अलग-अलग परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। सूचना के अनुसार रसायनशास्त्र, भौतिकी, जंतु विज्ञान एवं वणस्पति विज्ञान के लिये 10 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जबकि भूगोल के लिए 9, गृह विज्ञान के लिए 5, मनोविज्ञान के लिए 4 तथा संगीत के लिए बीआरएम कॉलेज, मुंगेर को केंद्र बनाया गया है।

### डेंगू के लिए वार्ड बनाया, पर मरीजों को छोटे कमरे में कर रहे भर्ती, वहां काट रहे हैं मच्छर

**मुंगेर।** डेंगू के संभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में 48 घंटे के भीतर डेंगू के लक्षण वाले दो मरीज भर्ती किए गए हैं। दोनों के एनएस-1 टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव है। अब एलाइजा जांच के लिए सैंपल भेजे गए हैं। रिपोर्ट सोमवार को आने की संभावना है। सदर अस्पताल ने अपने मॉडल भवन में 60 बेड वाला डेंगू वार्ड बनाया है, लेकिन उसमें ताला लगाकर रखा है। अभी आने वाले मरीजों को पुराने भवन के महिला विभाग के एक छोटे से कमरे में रखा जा रहा है। वहां बगल में प्याऊ है। नालियां हैं। इस कारण वार्ड में मच्छर भर जाते हैं। इससे मरीजों को दिक्कत हो रही है। यहां की कुव्यवस्था देख पिछले 20 दिन में चार मरीज यहां से बिना इलाज कराए ही प्राइवेट अस्पताल जा चुके हैं। रविवार को लखीसराय के बकरपुर की 18 साल की प्रिया कुमारी भर्ती कराया गया। शनिवार को पूरबसराय की शर्मिला कुमारी भर्ती हुई थी। दोनों का एनएस-1 टेस्ट पॉजिटिव है। हालांकि डेंगू की पुष्टि एलाइजा रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। डेंगू के लक्षण वाले मरीज जिस तरह से आ रहे हैं, ये एक अलर्ट की तरह है। डेंगू का संक्रमण काफी तेजी से फैल सकता है। बरसात के इस मौसम में जगह-जगह पानी के जमाव और बाढ़ के कारण जिले में डेंगू का संक्रमण तेजी से फैलता है। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक डेंगू की पुष्टि नहीं की है, क्योंकि एलाइजा रिपोर्ट में पॉजिटिव केस नहीं मिले हैं। अब चूंकि कन्फर्म मरीज की पुष्टि नहीं हुई है इसलिए प्रभावितों के घरों के आस-पास 500 मीटर की परिधि में जिला मलेरिया कार्यालय की ओर से लार्वासाइडल और मेलाथियान का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। प्राइवेट अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों को डाटा विभाग के पास नहीं रहता है। पूर्व में सिर्फ बेलन बाजार, शादीपुर, मकसुसपुर, लाल दरवाजा सहित शहर के कई मुहल्लों में टीम ने छिड़काव किया था। बांकी अन्य जगहों पर छिड़काव नहीं गया है। अब जब डेंगू के संभावित केस मिलने लगे हैं तो ऐसे में सदर अस्पताल सहित शहर में छिड़काव कराना बेहद जरूरी हो गया है।

# बेगूसराय जिले के सिमरिया रेल पुल का विंडो निरीक्षण

निज संवाददाता। बेगूसराय



रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने गंगा नदी पर निर्माणाधीन रेल पुल और राजेन्द्र पुल का जायजा लिया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण में संरक्षा, सिग्नलों की दृश्यता, ट्रैक के रख-रखाव, बैलास्टिंग, स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन, एलाइनमेंट और फिटिंग्स का मुआयना किया। राजेन्द्र पुल के समानांतर गंगा नदी पर निर्माणाधीन नए रेल पुल का जायजा लेने के दौरान हर पहलुओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह और दानापुर के डीआरएम विनोद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

**26 किलोमीटर लंबी लाइन:** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार में नई योजनाओं का शिलान्यास और जो कार्य पूरे हो गए हैं, उनका उद्घाटन करेंगे। इस क्षेत्र से चार नई रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। कुल मिलाकर करीब 6500 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और पूरे हो चुके कार्यों का उद्घाटन होगा। विक्रमशिला से कटारी तक की करीब 26 किलोमीटर लंबी रेल लाइन भी शामिल है। जिसकी लागत 2700 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, अररिया से गलगलिया तक की नई लाइन, जो बनकर तैयार हो चुकी है। उसकी लागत करीब 4000 करोड़ रुपए है और यह एक महत्वपूर्ण योजना है।

**ट्रेन अररिया-गलगलिया रूट से चलेगी:** सतीश कुमार ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जोगबनी से दानापुर के लिए वंदे भारत ट्रेन, सहरसा से अमृतसर के लिए अमृत भारत ट्रेन, और जोगबनी से दक्षिण भारत के इरोड तक के लिए अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही कटिहार से गुवाहाटी तक के लिए एक और ट्रेन अररिया-गलगलिया रूट से चलेगी। रेल में बुनियादी ढांचे को जिस तरह से बढ़ावा दिया जा रहा है, वह अपने आप में अभूतपूर्व है। बिहार के लिए जो नई ट्रेनें दी गई है। यह सब जनता की आवाजाही को आसान बनाने के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। इस क्षेत्र के आर्थिक विकास में बहुत अच्छा योगदान देंगी। सिमरिया में गंगा नदी पर बन रहे नए रेल पुल के संबंध में अधिकारियों से बात की गई। उन्हें गुणवत्ता के साथ तेजी से काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

## सुल्तानगंज में अंग एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ जेडीयू विधायक ने स्टेशन मास्टर, ट्रेन के ड्राइवर का किया स्वागत, यात्रियों को बेंगलुरु जाने में होगी सुविधा

भागलपुर के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर अंग एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। यह सुविधा बांका से सांसद गिरधारी यादव और स्थानीय जेडीयू विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल की मांग पर मिली है। पहले दिन ट्रेन के आगमन पर जेडीयू विधायक और एनडीए कार्यकर्ताओं ने स्टेशन मास्टर, ड्राइवर का माला-अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। बांका सांसद प्रतिनिधि पवन केसान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की स्वीकृति से यह सुविधा मिली है। अब सुल्तानगंज के लोग सीधे बेंगलुरु की यात्रा कर सकेंगे। साथ ही सुल्तानगंज से देवघर तक रेलवे लाइन की मांग भी स्वीकृत हो गई है। रेलवे बोर्ड की आगामी बैठक में इस कार्य को शीघ्र शुरू करने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

**कारोबारियों और छात्रों को राहत:** जदयू विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद देते हुए ट्रेन के रोजाना परिचालन की मांग की है। उन्होंने कहा कि भागलपुर से कई छात्र और कारोबारी बेंगलुरु से जुड़े हैं। रोजाना ट्रेन सेवा से उनकी शिक्षा और व्यवसाय को मदद मिलेगी। कार्यक्रम में लोजपा(रा.) युवा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार, मिथलेश कुमार, राजू कुमार उर्फ टिप्पल, टिंकू मंडल, आलोक कुमार उर्फ सन्नी समेत एनडीए के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 4 बिहार बटालियन के कैडेटों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। भागलपुर




4 बिहार बटालियन के कैडेटों ने ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल ने सोमवार को एक विशेष गोष्ठी आयोजित कर कैडेटों को सम्मानित किया। गौरतलब है कि ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप का आयोजन 2 सितंबर से 12 सितंबर तक दिल्ली में किया गया था। इसमें देशभर के 17 डायरेक्टरेट के कैडेटों ने भाग लिया। भागलपुर ग्रुप के अंतर्गत चार बिहार बटालियन के कैडेट मनीष कुमार एसएसवी कॉलेज और विद्या कुमारी महादेव सिंह कॉलेज ने ऑब्सटेकल और टेंट पिचिंग प्रतियोगिता में भागीदारी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कैडेट प्रशांत कुमार और अर्पित कुमार केकेएम कॉलेज जमुई तथा कैडेट रमन सत्यार्थी, संजीव कुमार, तुलसी कुमारी और सोनाली कुमारी टीएनबी कॉलेज, भागलपुर ने मैप रीडिंग प्रतियोगिता में बटालियन का परचम लहराया। इन कैडेटों को तैयार करने में बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल के साथ सूबेदार गोपाल कृष्ण, बटालियन हवलदार मेजर संजय सिंह, हवलदार हिकमत थापा और जीसीआई पुष्पा कुमारी की अहम भूमिका रही। गोष्ठी में लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल ने सफल कैडेटों को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल कैडेटों का मनोबल बढ़ता है बल्कि भविष्य के लिए भी प्रेरणा मिलती है

## सुशील मोदी फाउंडेशन सम्मान समारोह आयोजित

निज संवाददाता। भागलपुर



जिले के सुल्तानगंज में भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले प्रखंड स्तरीय अजगैबीनाथ धाम में सोमवार को सुशील मोदी फाउंडेशन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम का संयोजक नगर सभापति सह भाजपा नेता राज कुमार गुड्डू थे। मंच संचालन भाजपा जिला प्रवक्ता संजय चौधरी एवं नवीन कुमार बन्नी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अभय बर्मन, मंचासीन भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी, नगर सभापति राज कुमार गुड्डू, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह, रतन राय, अरुण सिंह, दयानंद चौधरी, डाक्टर सुरेश मंडल, नयागांव के मुखिया संजीव विधान आदि थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं मंचासीन लोगों एवं भाजपा के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व सुशील कुमार मोदी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के बारे में बताते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता विकास कुमार कर्ण, रघुवीर शरण गुप्ता, कुमार संजीव, उमा उपाध्याय सहित इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हथियार के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले की सुल्तानगंज पुलिस ने 12 घंटों के अंदर एक ई-रिक्शा चालक धीरज कुमार के साथ अज्ञात अपराधियों द्वारा छिनताई, मारपीट, जान मारने के प्रयास करने के मामले पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में डीएसपी नवनीत कुमार ने प्रेसवार्ता कर सोमवार को बताया कि अब्जूगंज के रहनेवाले ई-रिक्शा चालक धीरज कुमार के साथ मारपीट, छिनताई एवं जान मारने का प्रयास करने पर जख्मी धीरज कुमार के भाई हिरा कुमार के लिखित आवेदन देने पर तुरंत ही कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित की गई। टीम ने तीन अभियुक्तों को 12 घंटे के अन्दर एक देशी कट्टा, चार मोबाइल, तीन गोली का खोखा, लूटी गई मोबाइल और एक ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में देव ठाकुर उर्फ कल्लू साकिन छोटी मसदी, सुभाष कुमार चौधरी उर्फ राजा बड़ी मसदी और ओमकार रजक उर्फ काली को कुम्हार गली से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार देव ठाकुर एवं ओमकार रजक का आपराधिक इतिहास रहा हैं। इस छापेमारी अभियान में पुलिस अवर निरक्षक संजय कुमार मंडल, आशुतोष कुमार, प्रणव प्रकाश ठाकुर, संजय कुमार यादव एवं सुल्तानगंज थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## भागलपुर में गंगा खतरे के निशान से ऊपर

**भागलपुर।** भागलपुर में एक बार फिर गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। इस बार सबसे अधिक सबौर ब्लॉक प्रभावित है। नाथनगर और गोराडीह के कुछ हिस्सों में सड़क पर पानी पहुंच गया है। दो महीने पहले आई बाढ़ का दर्द लोग अभी भूल भी नहीं पाए थे कि गंगा ने फिर से रौद्र रूप धारण कर लिया है। वर्तमान में गंगा खतरे के निशान से 1.19 मीटर ऊपर बह रही है। घोघा पंचायत के ईदमादपुर, सन्तनगर, दिलदारपुर, फूलखिया,पन्नूचक, जेपी कॉलोनी, घोघा बाजार और पक्कीसराय पंचायत के खुआसपुर, पक्कीसराय, शाहपुर गांव में 100 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी है। कहलगांव और पीरपैंती क्षेत्र की सड़कों पर भी पानी चढ़ गया है। कहलगांव जाने वाली सड़क पर 2 से 3 फीट पानी बह रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। स्कूलों में भी पानी प्रवेश कर चुका है। नाथनगर के भतोरिया पंचायत, बिहारीपुर, गोसाईदासपुर, बिंद टोली, दिलदारपुर समेत कई इलाकों में पानी घुस आया है।

**सरकार से मदद की गुहार:** स्थानीय निवासी दिलीप मिश्रा ने बताया कि गंगा में पानी बढ़ने से सबसे ज्यादा किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। निचले इलाकों में फसल एक बार फिर डूब गई है। जिससे आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। लोगों के बीच दहशत का माहौल है। NH किनारे किसी तरह गुजर-बसर कर रहे हैं।

# भागलपुर में बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में मौसम का मिजाज बदला है। बारिश होने उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। सोमवार सुबह से जिले के कई इलाकों में बारिश हुई है। जिससे सूखे से परेशान किसानों को संजीवनी मिली है। अब यूरिया खाद छिड़कने का काम शुरू कर सकेंगे। सूखे की मार से फसलों को बर्बाद होता देख किसान चिंतित थे। खेतों में धान की रोपाई पहले ही हो चुकी थी। जरूरत के अनुसार नमी न होने से दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे थे। धान की फसल की पत्तियां पीली पड़ गई थीं। क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से खुश हैं।

पूर्व रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल स्टेशन पर रिफ्रेशमेंट रूम के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है जिनके पास (क) कैटरिंग व्यवसाय में न्यूनतम 03 (तीन) वर्ष का अनुभव है, (ख) कैटरिंग व्यवसाय से पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के किसी एक वर्ष में सांकेतिक लाइसेंस शुल्क के 4.5 गुना का न्यूनतम वार्षिक कारोबार है और (ग) पूर्ववर्ती सभी तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रु. 4.5 लाख का लाभ या हानि + संचित आरक्षित + शेयर पूंजी है। विस्तृत निविदा अधिसूचना **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **05 वर्षों के लिए बैण्डेल स्टेशन पर रिफ्रेशमेंट रूम का आवंटन। स्टेशन कोड:** बीडीसी, **कैटेगरी:** ए, **स्थान:** निविदा कागजात के साथ उपलब्ध स्केच के अनुसार (**www.ireps.gov.in**), **आरक्षण की कैटेगरी:** जनरल, **न्यूमतम लाइसेंस शुल्क/आरक्षित मूल्य प्रति वर्ष** : रु.15,17,333/–, **अनुबंधित मूल्य:** रु.78,90,132/–, **बयाना राशि** : रु.1,57,800/–, **निविदा कागजात का मूल्य (जीएसटी छोड़कर):** रु.5,000/–, **निविदा सं.**:सीओएम–सीएटीजी–आरआर–बीडीसी–2025–2, **अंतिम तिथि:** 03.10.2025, (1) निविदा कागजात की लागत पर 12% जीएसटी। (2) **निविदा कागजात की उपलब्धता: www.ireps.gov.in** (3) **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। (4) **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। (5) बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-293/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## विभिन्न स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों का ठहराव

निम्नलिखित ट्रेनें उनके सामने उल्लिखित स्टेशनों पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान करेंगी:

| ट्रेन नं. और नाम | स्टेशन | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|
| 15619 गया–कामाख्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | बारसोई | 00.28 | 00.30 |
| 15620 कामाख्या–गया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.09.25) | बारसोई | 17.44 | 17.46 |
| 13147 सियालदह–बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | बारसोई | 03.50 | 03.52 |
| 13148 बामनहाट–सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | बारसोई | 19.45 | 19.47 |
| 15959 हावड़ा–डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | बारसोई | 02.50 | 02.52 |
| 15960 डिब्रूगढ़–हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.09.25) | बारसोई | 19.30 | 19.32 |
| 13141 सियालदह –न्यू अलीपुरद्वार तीस्ता तोरसा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | किशनगंज | 00.48 | 00.50 |
| 13142 न्यू अलीपुरद्वार–सियालदह तीस्ता तोरसा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | किशनगंज | 16.28 | 16.30 |
| 20501 अगरतला–आनंद विहार टर्मिनल तेजस राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.09.25) | किशनगंज | 12.22 | 12.24 |
| 20502 आनंद विहार टर्मिनल–अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 17.09.25) | किशनगंज | 18.20 | 18.22 |
| 15626 अगरतला–देवघर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.09.25) | किशनगंज | 19.18 | 19.20 |
| 15625 देवघर –अगरतला एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.09.25) | किशनगंज | 04.50 | 04.52 |
| 22511 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | किशनगंज | 03.08 | 03.10 |
| 22512 कामाख्या–लोकमान्य तिलक टर्मिनस कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.09.25) | किशनगंज | 04.28 | 04.30 |
| 13181 कोलकाता–सिलघाट टाउन काजीरंगा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.09.25) | किशनगंज | 17.03 | 17.05 |
| 13182 सिलघाट टाउन–कोलकाता काजीरंगा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | किशनगंज | 03.28 | 03.30 |
| 13150 अलीपुरद्वार जं.–सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | गलगलिया | 20.41 | 20.42 |
| 13149 सियालदह–अलीपुरद्वार जं.कंचनकन्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | गलगलिया | 06.27 | 06.28 |
| 13160 जोगबाणी–कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 16.09.25) | लाभा | 17.48 | 17.50 |
| 13159 कोलकाता–जोगबाणी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 15.09.25) | लाभा | 06.26 | 06.28 |
| 15722 न्यू जलपाईगुड़ी–दीघा पहाड़िया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 19.09.25) | ठाकुरगंज | 21.33 | 21.35 |
| 15721 दीघा–न्यू जलपाईगुड़ी पहाड़िया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.09.25) | ठाकुरगंज | 07.40 | 07.42 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–14ए–25, दिनांक** 09.09.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–14ए–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में मेन लाइन पर ट्रिपिंग को कम करते हुए सेक्शनिंग व्यवस्था में सुधार करने के लिए विभिन्न यार्ड, साइडिंग पर मेन (बीएम) पर ब्रेकर के स्थान पर सर्किट ब्रेकर का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 6,05,92,600.43, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 4,53,000/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 08.10.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-291/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-Auction) किया जाना है। **आक्शन कैटलाग नम्बर– BSB 22 PARKING 25, कार्य का विवरण:–** चितबड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका, **अवधि:–** 03 वर्ष, **ई–नीलामी की तिथि:–** 29.09.2025, **ई–नीलामी का समय:–** 10.00 बजे से 10.30 बजे तक, **कार्य का विवरण:–** मैरवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका, **अवधि:–** 03 वर्ष, **ई–नीलामी की तिथि:–** 29.09.2025, **ई–नीलामी का समय:–** 10.00 बजे से 10.40 बजे तक, **कार्य का विवरण:–** कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका, **अवधि:–** 03 वर्ष, **ई–नीलामी की तिथि:–** 29.09.2025, **ई–नीलामी का समय:–** 10.00 बजे से 10.50 बजे तक, • ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाईन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वरा IREPS पोर्टल पर आनलाईन रू.10,000/– (Non Refundable) आनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक**
मुजाधि/वाणिज्य–137 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## संक्षिप्त समाचार

### मोखलिसा गांव में शराबी युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**कोईलवर**| गीधा थाना क्षेत्र के मोखलिसा गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार गोलू यादव (उम्र 20 वर्ष), पिता धर्मेंद्र यादव, निवासी मोखलिसा गांव का निवासी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि युवक शराब के नशे में गांव में उत्पात मचा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गीधा थाना की पुलिस ने पहुंचकर युवक को हिरासत में लिया। थाने लाकर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध और उत्पाद संशोधन अधिनियम, 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में शराब और शराबियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### ट्रेन से गिरने से खगड़िया के यात्री की हुई मौत

**आरा**। रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म के पास ट्रेन से गिरकर रविवार की सुबह एक यात्री की मौत हो गई। मृतक 40 वर्षीय रामदुलार यादव था। वह खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र में बहादुरपुर गांव के निवासी बनहु यादव का पुत्र था। रामदुलार यादव दिल्ली में रहकर काम करता था। वह शनिवार की शाम 5.30 बजे दिल्ली रेलवे स्टेशन से संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ कर अपने गांव आ रहा था। इसी क्रम में रविवार को आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-एक पर किसी काम से ट्रेन से उतरने के क्रम में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने घटना स्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद परिजन खगड़िया से आरा सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक रामदुलार यादव चार भाई में तीसरा नंबर पर था। तीन भाई राम आशीष यादव, मनोज यादव, राम उदय यादव है। मृतक राम दुलार यादव के दो पुत्र मुकेश कुमार, राजू कुमार और एक पुत्री निशा कुमारी है। राम दुलार यादव की मौत की सूचना मिलने के बाद पत्नी रामदाय देवी और मां समरी देवी की स्थिति नाजुक है।

### शाहाबाद कमिश्नरी निर्माण संघर्ष समिति आंदोलन को और करेगी तेज

**आरा**। आचार संहिता लागू होने के पहले बिहार सरकार अगर शाहाबाद कमिश्नरी का निर्माण और इसका मुख्यालय आरा में बनाने की घोषणा नहीं करेगी तो शाहाबाद कमिश्नरी निर्माण संघर्ष समिति आंदोलन को और तेज करेगी। यह बातें संघर्ष समिति के संयोजक धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने आरा में प्रेस वार्ता के दौरान कही। श्री सिंह ने बताया कि अगर मांग पूरा नहीं होता है तो करो या मरो आंदोलन करने के लिए संघर्ष समिति बाध्य हो जाएगी। शाहाबाद के पुराने चार जिला भोजपुर, बक्सर, कैमूर व रोहतास कमिश्नरी बनने की सभी शर्तें पूरा कर रहा है। आरा में घुड़सवार पुलिस का प्रांतीय कार्यालय है। रिकॉर्ड रूम, संपूर्ण शाहाबाद का आरा में है। जीएसटी व इनकम टैक्स का मुख्यालय आरा में है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यालय आरा में है। सिंचाई विभाग व विद्युत विभाग के मुख्यालय आरा में है। इंजीनियरिंग कॉलेज व मेडिकल कॉलेज भी आरा में है। कहा कि पुरानी शाहाबाद जिले का मुख्यालय भी आरा में था तो तो फिर कमिश्नरी बनाने में और मुख्यालय आरा करने में सरकार क्यों पीछे हट रही है। पूर्व में में तीन जिला और दो जिला पर कमिश्नरी का निर्माण हुआ है। लेकिन जो भी सरकारी आयी उसकी उदासीन रवैया के कारण शाहाबाद कमिश्नरी का निर्माण नहीं हो पाया। शाहाबाद की जनता कि यह लंबित मांग है, फिर भी कोई भी सरकार पिछले 20 वर्षों में शाहाबाद कमिश्नरी का निर्माण नहीं कर पायी। कहा कि कमिश्नरी नहीं बनने में मुख्य तौर से जनप्रतिनिधियों का उदासीन रहना प्रमुख कारण है। प्रेस वार्ता में भोजपुरी को अष्टम सूची में शामिल करने और आरा का सर्वांगीण विकास करने पर भी चर्चा की गयी।

### पीरो वार्ड संख्या 21 में रास्ता नहीं, बच्चे और लोग परेशान

**आरा**| पीरो नगर परिषद के वार्ड संख्या-21 में उज्जैन डीहरा पूर्वी टोला के छोटे-छोटे छात्र- छात्राओं को विद्यालय में पढ़ने जाने और आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि वहां का रास्ता बहुत खराब है। वहां बहुत ही दूर तक कीचड़ फैला हुआ रहता है। इस हालत में बच्चों को खेतों के मेड़ पर चलना पड़ता है। इससे भी फिसल जाते हैं और उनके कार्य पर खराब हो जाते हैं। यही हाल ग्रामीणों का होता है।पीरो नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय से आग्रह है कि जल्द इस समस्या का समाधान कराने का काम करें।

### गड़हनी में जमकर बारिश, कई मार्ग जलमग्न

**गड़हनी**। रविवार दोपहर 4 बजे से लगातार शाम 6 बजे तक जमकर बारिश हुई। नगर पंचायत में आदर्श नगर, शांतिनगर, सब्जी बाजार से स्टेट बैंक व अवधूत भगवान राम आश्रम, बागर रोड जलमग्न हो गया। सब्जी बाजार से स्टेट बैंक व आश्रम तक आरा सासाराम स्टेट हाइवे पर पानी भरा हुआ है। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी उठनी पड़ रही है। जलजमाव से नगर पंचायत में कई जगह नरकीय स्थिति हो गई है। आदर्श नगर में जाने को लेकर तीन रास्ता है। लेकिन तीनों रास्ता कच्ची है। बारिश होने से सभी रास्तों पर पानी भर गया है। पानी और मिट्टी मिलकर कीचड़ बन चुका है। कीचड़ होने से स्थानीय लोगों को जाने के काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आदर्श नगर में तीन सालों से रास्ता बनाने की मांग आदर्श नगर निवासी भटूक सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह, उपेंद्र केशरी व गणेश तुरहा, विजय यादव ने बताया कि तीन सालों से नगर पंचायत से सड़क बनाने की मांग किया जा रहा है लेकिन सिर्फ आज तक आश्वासन मिला लेकिन रास्ता कच्ची से पक्की करण नहीं हुआ। जबकि आदर्श नगर के रास्ते ही प्रखंड के इकलौता स्टेडियम में जाने का रास्ता है , चुनाव के इसी स्टेडियम में कोई राजनीतिक पार्टी का सभा होता है उसके बावजूद भी कोई जनप्रतिनिधि इस रास्ते को पक्की करण आज तक नहीं करा पाया।

### बिचली गली रोड से नहीं हटा रहा प्रशासन अतिक्रमण

**आरा**| नगर निगम के बिचली रोड में दुकानदारों द्वारा दोनों तरफ सड़क का अतिक्रमण कर लिया गया है। राहगीरों को प्रतिदिन आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। इसके बावजूद आरा नगर निगम कार्यालय आरा अंचल कार्यालय या प्रशासन का इस पर तनिक भी ध्यान नहीं है। जबकि मोटरसाइकिल, तीनपहिया वाहन की कौन कहे, पैदल चलना भी मुश्किल होता है। दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के आगे टेबुल, बेंच लगाकर दुकानों का सामान सजा दिया जाता है। जिससे सड़क काफी संकरु हो जाती है। थोक सामानों की खरीदारी करने आए लोगों द्वारा अपनी बाईक एवं ठेलागाड़ी भी सड़क के किनारे पार्क कर दिया जाता है। लग्न एवं त्योहारों में दिन के अलावे देर शाम तक जाम रहता है। जाम होने की स्थिति में महिलाएं और स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।दुःख की बात है कि आरा नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा दुकानदारों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो रही हैं।

### भोजपुर में आज तीन घंटे तक बिजली कटेगी

**आरा**। भोजपुर में आज(सोमवार) तीन घंटे तक बिजली कटेगी। मौलाबाग फीडर से सुबह 7 बजे से 10 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान पेड़ों की छंटाई और फीडर के मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। ताकि आने वाले दिनों में निर्बाध बिजली मिल सके। साथ ही इस क्षेत्र के सभी पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। कनीय विद्युत अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। बिजली से जुड़ा कार्य समय से निपटा लें। पानी स्टोर करके रख लें। मेंटेनेंस वर्क पूरा होते ही बिजली सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजली**ः डीईओ ऑफिस, रिसाला, गायत्री मंदिर ,व्यास केशो प्रेस, शांति नगर, मौलबाग, एसबी कॉलेज ,मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के आसपास बिजली गुल रहेगी।

# बक्सर में शुरू हुआ 21 दिवसीय रामलीला महोत्सव

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के किला मैदान में रविवार की शाम से 21 दिवसीय पारंपरिक विजयादशमी महोत्सव का आगाज हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बसांव मठ के पीठाधीश्वर स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य और श्री रामजानकी मंदिर के महंत राजाराम शरण दास ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह और राजपुर विधायक विश्वनाथ राम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। रामलीला समिति के अनुसार, बक्सर की यह परंपरा सौ वर्ष से भी पुरानी है। यह महोत्सव जीतिया पर्व से शुरू होकर दशहरा तक चलेगा। दशहरे पर रावण वध के बाद यमुना चौक पर भरत मिलाप के साथ समापन होगा। मथुरा-वृंदावन से आई श्री राधा माधव रासलीला एवं रामलीला मंडल की टीम लगातार 37वें साल मंचन करेगी। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कृष्णलीला और रात 8 से 10 बजे तक रामलीला का मंचन होगा। पहले दिन गणेश पूजन और सती मोह लीला का मंचन किया गया।



**श्रद्धालुओं की भारी भीड़ः** रामलीला मैदान श्रद्धालुओं, व्रती महिलाओं और नगरवासियों से खचाखच भरा रहा। मंदिरों से आए वेदपाठी ब्रह्मचारियों के मंत्रोच्चार से पूरा परिसर गूंज उठा। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामावतार पांडेय ने की, जबकि संचालन सचिव बैकुंठनाथ शर्मा ने किया। नगर के साहित्यकारों, चिकित्सकों, व्यवसायियों और प्रशासनिक अधिकारियों की भी विशेष उपस्थिति रही।

**सांसद सुधाकर सिंह का संबोधनः** इस अवसर पर सांसद सुधाकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "जब तक भारतवर्ष है, तब तक राम हैं और जब तक राम हैं तब तक रामलीला होती रहेगी।" उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके जीवन का प्रत्येक प्रसंग हमारे लिए आदर्श और मार्गदर्शक है। सांसद ने आगे कहा कि यह परंपरा भारत की आत्मा का हिस्सा है, जिसे रोक पाना असंभव है।

**सांस्कृतिक धरोहर की मिसालः** रामलीला समिति के सचिव बैकुंठनाथ शर्मा ने कहा कि आजादी पूर्व से चली आ रही इस सांस्कृतिक विरासत को भव्यता देने का प्रयास समिति हर वर्ष करती रही है। उन्होंने बताया कि बक्सर का 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव पूरे बिहार में विशेष पहचान रखता है। दुर्गा पूजा उपरांत भरत मिलाप के साथ इस आयोजन का समापन होगा। बक्सर की रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का संगम है। यह आयोजन जिले को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा से भर देता है। अंग्रेजी शासन काल से चली आ रही यह परंपरा आज भी जनमानस में वही उत्साह, श्रद्धा और आकर्षण लिए हुए है।

## बक्सर में दौड़ते समय गिरा 20 साल का युवक, मौत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर की औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव में सोमवार की सुबह सेना भर्ती की तैयारी कर रहे एक युवक की दौड़ के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सरस्वती विद्या मंदिर मैदान में दौड़ने के बाद जब युवक दलसागर खेल मैदान में अभ्यास कर रहा था, तभी वह अचानक गिर पड़ा। उसे उठाकर आसपास के युवक हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत होने की पुष्टि कर दिया गया। मृतक की पहचान अहिरौली निवासी ऋषिकेश चौबे के बेटे चुनु चौबे(20) के रूप में हुई है। स्थानीय निवासी अभय उर्फ बमबम चौबे ने बताया कि घटना के वक्त चुनु अपने छोटे भाई और मित्रों के साथ दौड़ रहा था। तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह गिर पड़ा। आनन-फानन में साथियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि मौत हार्ट अटैक से हुई है।



**बिहार पुलिस की लिखित परीक्षा किया था पासः** मृतक चुनु चौबे तीन भाइयों में माझिल था। उसका बड़ा भाई सीआईएसएफ में कार्यरत है, जबकि चुनु अपने छोटे भाई के साथ प्रतिदिन सेना भर्ती की तैयारी के लिए मैदान में अभ्यास किया करता था। हाल ही में उसने बिहार पुलिस की लिखित परीक्षा भी पास की थी। चुनु को ग्रामीण बेहद हसमुख और मिलनसार स्वभाव का बताते हैं। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। एक होनहार और उज्ज्वल भविष्य वाले युवक की असमय मौत से गांव में गहरा सन्नाटा छा गया है।

## भोजपुर में 2 बाइकों की आपस में टक्कर



♦ हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत, बीमार होने के बाद भाई के साथ दवा लेने गई थी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में 2 बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हुआ है। घायल को सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मृतका विशुन देवी(65) कोइलवर के घोपतपुर गांव की रहने वाली थी। घायल की पहचान घाघर बिंद टोला निवासी गौतम कुमार(18) के तौर पर हुई है। घटना कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के लालके टोला की है।

**दवा लेकर घर लौट रही थीः** मृतका के भाई अभय कुमार राम ने बताया कि एक माह पहले बहन मेरे घर पर आई थी। तबीयत खराब होने के बाद डॉक्टर के पास लेकर गया था। दवा लेने के बाद जैसे ही बाइक पर बैठी, पीछे से आ रही दूसरी गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक और मेरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उनकी मौत हो गई।

## शोले फिल्म के जेलर से की पीएम की तुलना

निज संवादादाता। बक्सर

बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में 21 दिवसीय रामलीला महोत्सव के उद्घाटन समारोह में स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री एक तरफ कहते हैं कि खून और पानी साथ नहीं बह सकता। दूसरी तरफ भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच की अनुमति दी जाती है। उन्होंने इसे सरकार का दोहरा रवैया बताया। सुधाकर सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमित शाह का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इंडियन क्रिकेट काउंसिल पैसे के लिए भारत को गिरवी रख देता है। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक यह जख्म ताजा है, भारत-पाकिस्तान संबंध सामान्य नहीं हो सकते।



**शोले के जेलर से की PM की तुलनाः** सांसद ने प्रधानमंत्री की तुलना फिल्म शोले के जेलर से की। उन्होंने कहा कि मोदी कभी चीन, कभी अमेरिका और कभी पाकिस्तान का बहिष्कार करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री के हाल के बयानों का जिक्र करते हुए सांसद ने उन पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया। सुधाकर सिंह ने कहा, "गाली देने में मोदी उस्ताद हैं, हालांकि इस बार थोड़ा पिछड़ रहे हैं। कौन गाली दे रहा है, यह मैं नहीं जानता, लेकिन जनता खुद उन्हें गाली दे रही है।"

**शाहाबाद में 20 सीट जीतने का दावाः** राजनीतिक संदर्भ में बात करते हुए सांसद ने दावा किया कि पिछली बार बक्सर की चारों सीट और शाहाबाद की 19 सीटें महागठबंधन ने जीती थीं। इस बार उन्होंने विश्वास जताया कि इंडिया गठबंधन शाहाबाद की सभी 20 सीटें जीतने में सफल होगा। रामलीला महोत्सव का शुभारंभ तो धार्मिक माहौल में हुआ, लेकिन मंच से हटकर दिए गए सांसद सुधाकर सिंह के बयान पूरी तरह राजनीतिक रहे। क्रिकेट से लेकर अंतरराष्ट्रीय संबंधों और प्रधानमंत्री की शैली तक, उन्होंने हर मुद्दे पर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उनके तीखे तेवरों से साफ है कि आने वाले चुनावी मौसम में बक्सर की राजनीति में गरमी और तेज़ होगी।

♦ बक्सर में सुधाकर सिंह बोले- पैसे के लिए भारत को गिरवी रख देता है क्रिकेट काउंसिल

## भोजपुर में करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

**आरा**। भोजपुर में निर्माण कार्य के दौरान राजमिस्त्री को करंट लग गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। मृतक की पहचान सकड्डी गांव निवासी गोरखा राय के पुत्र रितेश कुमार यादव(34) के तौर पर हुई है। घटना बबुरा थाना क्षेत्र के मझौवां गांव की है। पड़ोसी दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि निर्माणाधीन मकान में पिलर बांधने के दौरान छड़ बिजली के तार के संपर्क में गया। झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़ा। गंभीर हालत में आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हालः** पोस्टमार्टम के बाद पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। परिवार में पत्नी नेहा देवी, तीन पुत्र आशीष, अंकुश, आलोक और एक बेटी मुटुर है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एसपी का निर्देशः सीसीए-3 और सीसीए-12 के तहत कार्रवाई करें

निज संवाददाता। आरा

एसपी कार्यालय के सभागार में रविवार को एसपी राज की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा हुई। इस अवसर पर सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव एवं दुर्गा पूजा सहित अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था पर चर्चा की गई। एसपी ने अवैध शस्त्र एवं शराब की बरामदगी, चिह्नित असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सीसीए -3 एवं सीसीए-12 के तहत कार्रवाई, एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए निर्देश दिए। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव एवं दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं चौकसी बढ़ाने, गश्त तेज करने तथा खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया। सभी थाना के थानाध्यक्ष को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि आगामी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न हो तथा दुर्गा पूजा एवं अन्य त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध हथियार, शराब और अपराधियों के खिलाफ लगातार अपने -अपने थाना क्षेत्र में संघन वाहन जांच और छापामारी करे। हरहाल में अपराध और शराब की तस्करी पर रोक लगनी चाहिए।



## शहर के एसपी कोठी से त्रिभुवन मोड़ तक सड़क का अतिक्रमण

निज संवाददाता। आरा

शहर के मंगल पाण्डेय पथ पर एसपी कोठी से त्रिभुआनी मोड़ तक सड़क का हाल बुरा हो चुका है। सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण है। एक तसब्जी बेचने वाला, फल बेचने वाले, चाट, फोकचा, लिट्टी एवं फुटपाथ पर कपड़े, बेल्ट, चश्मा एवं अन्य तरह के सामानों के साथ सड़क को पुरी तरह अतिक्रमण कर अपना दुकान चला रहे हैं। आसपास के मुहल्ले महाराजा हाता की जनता परेशान हैं। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। किसी को रेलवे स्टेशन जाना होता है। किसी को सरकारी बस स्टैंड बस पकड़ने जाना होता है। लेकिन अतिक्रमण के कारण सड़क जाम हो जाता है। हर जगह गंदगी फैला नजर पड़ जाता है। यहां स्थाई रूप से अतिक्रमण किया गया है। चाहे भोर का समय हो, संध्या हो या रात्रि, हर वक्त जाम ही जाम रहता है। छात्र-छात्राएं महाराजा हाता में कोचिंग करनें आते हैं। अतिक्रमणों के कारण कोचिंग समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। प्रशासन के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का इस सड़क पर आना-जाना लगा रहता है। सभी को नजर पड़ती है अतिक्रमण ही अतिक्रमण मगर इनको नजर नहीं पड़ती। बार-बार नगर निगम के अधिकारियों को इसकी सूचना दी जाती है, मगर अतिक्रमण हटाओ के नाम पर एकदिवसीय प्रोग्राम रखा जाता है। केवल दिखावा साबित होता है। राहगीर एवं जनता परेशान हैं। - आरा से समाजसेवी अशोक तिवारी की रिपोर्ट।



### महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत रखकर पुत्रों के दीर्घायु होने का मांगा आशीर्वाद

**आरा**| रविवार को आस्था और श्रद्धा के माहौल में शहरभर की माताओं ने निर्जला जितिया व्रत रखा। संध्या में व्रतियों ने कथा सुनी और संतानों की दीर्घायु के लिए अर्घ्य अर्पित किया। सोमवार को व्रत का पारण किया जाएगा। शहर के कलेक्ट्रेट तालाब, गांगी घाट, न्यू पुलिस लाइन घाट, अहीरपुरवा घाट, पावरगंज घाट समेत अनेक घाटों के अलावा घरों की छतों पर भी महिलाओं ने आस्था से दीप और अर्घ्य अर्पित किए। महावीर मंदिर, पकड़ी मंदिर, आरण्य देवी मंदिर, मौला बाग़ मंदिर, नवादा जोड़ा मंदिर और कतीरा मंदिर में कथा सुनने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महावीर मंदिर के महंत सुमन बाबा ने बताया कि पुत्र की रक्षा और कुशलता के लिए किया जाने वाला यह व्रत जीवित्पुत्रिका या जितिया कहलाता है। जीमूत वाहन की कथा पर आधारित इस व्रत का धार्मिक महत्व है। माताएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।

## पटना से आकर भोजपुर जिले में अवैध बालू खनन, 24 आरोपी गिरफ्तार, दो नाव जब्त

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले में अवैध बालू उत्खनन फिर बढ़ गया है। बाहरी असामाजिक तत्वों के जुटान का पुराना दौर लौटने लगा है। हालांकि इसे रोकने के लिए भोजपुर पुलिस ने शनिवार की रात 1:00 बजे से रात 3:00 बजे तक सोन नदी और अवैध बालू घाटों पर छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध बालू उत्खनन करने के अपराध में पुलिस ने 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी पटना जिला में मनेर थाना क्षेत्र क्षेत्र के विभिन्न गांव के निवासी हैं। जो भोजपुर जिला में घुसकर अवैध बालू उत्खनन कर रहे थे। सभी छापेमारी कोईलवर थाना क्षेत्र में हुई। थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि खनन विभाग के चंदन कुमार-1, चंदन कुमार -2 और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में सशस्त्र-बल के साथ छापेमारी हुई। सभी आरोपी नावों से सोन नदी में अवैध बालू उत्खनन कर रहे थे। पुलिस ने दो नावों को भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पटना जिला के मनेर थाना अंतर्गत ग्राम-हल्दी छपरा धजवा टोला का विकास राय, मंटू राय, मनेर थाना के मुंशी टोला का मिथिलेश कुमार ठाकुर, हरेश कुमार राय,अनिल ठाकुर, दीपक कुमार, मनीष राय, प्रमोद कुमार, भीम कुमार राय, साधु राय, पंकज कुमार ठाकुर, दीपक कुमार हैं। इसके अतिरिक्त मनेर थाना के ही ग्राम-गौरैया स्थान नागा टोला के महानंद यादव, बिट्टू कुमार साव, दीपक महतो, मयंक कुमार, कुंदन कुमार साह , नितीश कुमार राय, अंकित कुमार साव, कुणाल कुमार महतो और हाथीटोला के राजेश्वर सिंह, नागेंद्र ठाकुर, नगीना राय, बच्चू कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया, गिरफ्तार आरोपियों पर कोईलवर थाना में 317(2), 132 (/109/3(5) के तहत एफआईआर की गई है।




## 114 आरएएफ के कमांडेंट ने जांबाज रक्तदाताओं को किया सम्मानित



निज संवाददाता। आरा

114 आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के वीर जवानों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वे न केवल देश की रक्षा में तत्पर हैं, बल्कि समाज सेवा में भी हमेशा अग्रणी रहते हैं। इसी कड़ी में आज 114 आरएएफ के कमांडेंट अश्विनी कुमार झा ने स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले जवानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री झा ने सभी रक्तदाताओं को एप्रिसिएशन लेटर देकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके इस मानवीय कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा, रक्तदान एक महादान है, जिससे अनगिनत जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। जवानों द्वारा किया गया यह रक्तदान न केवल मानवता के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत है। कमांडेंट ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि आरएएफ केवल सुरक्षा बल ही नहीं, बल्कि समाज सेवा के लिए भी सदैव समर्पित है। कार्यक्रम में मौजूद अन्य अधिकारियों और जवानों ने भी इस पुनीत कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने की बात कही।

**संक्षिप्त समाचार**

## बिहार में पांच वर्षों में 23 लाख से अधिक महिलाओं के नाम पर हुआ संपत्ति निबंधन



**पटना**। बिहार में महिलाओं और लड़कियों को सशक्त करने की दिशा में एक नया इतिहास रचा जा रहा है। पिछले पांच वर्षों (2020-2025) में 23 लाख 29 हजार 869 महिलाओं और लड़कियों के नाम पर अचल संपत्तियों यानी जमीन-जायदाद या फ्लैट समेत ऐसी अन्य संपत्तियों का निबंधन किया गया है। इनमें 29 हजार 879 नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। यह कदम न सिर्फ महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर रहा है। बल्कि, उन्हें आत्मनिर्भरता का अहसास भी करा रहा है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के आंकड़े के अनुसार, इन संपत्तियों में मुख्य रूप से जमीन, मकान और फ्लैट शामिल हैं। इससे सरकार को 333 अरब 52 करोड़ 95 लाख रुपये स्टाम्प ड्यूटी और 21 अरब 31 करोड़ 74 लाख रुपये से अधिक निबंधन शुल्क की प्राप्त हुई है। महिलाओं और लड़कियों के नाम पर संपत्ति निबंधन की संख्या में हर साल वृद्धि देखी गई है।

## टीचर्स ऑफ बिहार ने हिंदी दिवस पर "अनुगूँज–हिंदी की" प्रतियोगिता आयोजित

» विद्यार्थियों और शिक्षकों की उत्साहजनक भागीदारी, परिणाम जल्द होंगे घोषित

**पटना**। हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा 7 से 14 सितंबर तक ऑनलाइन प्रतियोगिता "अनुगूँज–हिंदी की" का सफल आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में हिंदी भाषा के प्रति गौरवबोध जगाना और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में कविता लेखन और पत्र लेखन की दो श्रेणियां रखी गईं, जिनमें कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थी और सरकारी विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए। विजेताओं का चयन जनमत और निर्णायक मंडल के मूल्यांकन से होगा। फाउंडर शिव कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता और संस्कृति की आत्मा है। तकनीकी टीम लीडर शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने डिजिटल युग में हिंदी के प्रचार-प्रसार को जरूरी बताया। इवेंट लीडर केशव कुमार और अनुपमा प्रियदर्शिनी ने इसे बेहद सफल आयोजन बताया। मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार के अनुसार विजेताओं को शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा।

## 30सितंबर से पटना जंक्शन पर मिलेगी रैपिडो की सुविधा




**पटना**। दानापुर मंडल हमेशा अपने यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखता है एवं इसके लिए नए-नए प्रयास करता रहता है। इसी कड़ी में दानापुर मंडल एवं रैपिडो (बाइक, टैक्सी संग्राहक और लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता कम्पनी ), जो वर्तमान में देश के 100 से अधिक शहरों में काम कर रही है, के साथ संयुक्त रूप से एक अनुबंध के माध्यम से पटना जंक्शन से रेल यात्रियों के लिए पटना जंक्शन पहुंचने के बाद रैपिडो के माध्यम से अपने गंतव्य तक बिना किसी इंतजार के शीघ्र ही पहुंचने के लिए एक अभिनव प्रयास करने जा रही है। आज के इस आधुनिक समय में कोई भी यात्री अपने गंतव्य तक जल्द से जल्द पहुंचाना चाहता है अगर इसके लिए उसे प्रत्येक बिंदु पर कोई सुविधा मिलती है, तो उसके लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। यात्रियों की इसी सुविधा के लिए यह अनुबंध किया गया है। जिसके अंतर्गत रेल यात्री देश के किसी कोने से पटना जंक्शन उतरने के बाद पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर बने असिस्टेंस बूथ (सहायता केंद्र) पर संपर्क करके सड़क मार्ग से अपने गंतव्य तक जाने के लिए रैपिडो कंपनी की सहायता से बाइक टैक्सी या फिर ऑटो रिक्शा बुक कर सकते हैं। यह सुविधा यात्रियों को 30.09.2025 से मिलना शुरू हो जाएगा।

## मसौढ़ी में कंपनी के कलेक्शन एजेंट से हथियारबंद बदमाशों ने नकदी, मोबाइल और बाइक लूटी

**मसौढ़ी**। पटना–डोभी एनएच–22 पर नदवां के पास रविवार की देर शाम लुटेरों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बाइक सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने एक आयुर्वेद कंपनी के कलेक्शन एजेंट को ओवरटेक कर रोक लिया और उसे हथियार के बल पर नकदी, मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गए। पीड़ित राहुल कुमार, जो धनरूआ थाना क्षेत्र के कैली गांव का निवासी है, एक आयुर्वेद कंपनी में कलेक्शन एजेंट के रूप में कार्यरत है। वह रविवार की शाम पुनपुन से मसौढ़ी लौट रहा था। इसी दौरान नदवां के समीप तीन अपराधियों ने उसे घेरकर 10 हजार रुपये, एक कीपैड मोबाइल और उसकी बाइक छीन ली। घटना के बाद राहुल ने किसी अपरिचित के मोबाइल से अपने परिजनों और धनरूआ थाना को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मामले को दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पिछले पंद्रह दिनों में इसी इलाके में यह चौथी बड़ी लूट की घटना है। नदवां और बिरंची मोड़ के बीच दो तथा राढ़ा मोड़ के पास एक लूट पहले ही हो चुकी है। सभी घटनाओं का तरीका लगभग एक जैसा रहा है, जिसमें नकदी और बाइक की लूट शामिल है। लगातार वारदातों के बावजूद पुलिस अब तक इस गिरोह तक नहीं पहुंच पाई है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

# फतुहा स्टेशन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस की कपलिंग टूटने से ट्रेन दो हिस्सों में बंटी

निज संवाददाता



**पटना**। दानापुर रेल मंडल के बख्तियारपुर रेलखंड पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नई दिल्ली से राजगीर जा रही श्रमजीवी एक्सप्रेस पटना के फतुहा रेलवे स्टेशन से खुलते ही अचानक दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन की कपलिंग टूट जाने से यह तकनीकी गड़बड़ी हुई, जिसके कारण प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई। यह घटना सुबह करीब 8:10 बजे हुई, जब ट्रेन फतुहा स्टेशन से रवाना हुई ही थी। प्लेटफॉर्म पार करते ही दो डिब्बे मुख्य रैक से अलग हो गए। स्थिति को भांपते ही स्टेशन मास्टर और गार्ड ने ट्रेन को तुरंत रोक दिया। इस दौरान ट्रेन में बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई और कई यात्री घबराकर कोच से नीचे उतर गए। घटना की जानकारी मिलते ही दानापुर रेल मंडल के अधिकारी और तकनीकी टीम मौके पर पहुंची। करीब 21 मिनट की मशक्कत के बाद कपलिंग को सफलतापूर्वक जोड़ दिया गया। ट्रेन की तकनीकी जांच पूरी करने के बाद सुबह 9:02 बजे उसे आगे गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार ने बताया कि "ट्रेन के खुलते ही सुबह 8:10 बजे यह घटना घटी। इसके बाद इंजन को बैक कराकर कपलिंग जोड़ा गया। जांच-पड़ताल व वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रेन को सुबह 9:02 बजे आगे भेजा गया। मामले की गहन जांच के आदेश दिए गए हैं।" रेलवे अधिकारियों के मुताबिक कपलिंग डिब्बों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण यंत्र होता है। इसकी तकनीकी विफलता से पूरे संचालन पर असर पड़ता है। यदि घटना के समय ट्रेन की रफ्तार तेज होती, तो डिब्बे ट्रैक से उतर सकते थे और यात्रियों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था। सौभाग्य से, ट्रेन धीमी गति में थी और बड़ा हादसा टल गया। विशेषज्ञों का कहना है कि श्रमजीवी एक्सप्रेस एक लंबी दूरी की महत्वपूर्ण ट्रेन है, जिसमें रोजाना सैकड़ों यात्री सफर करते हैं। ऐसे में कपलिंग टूटना रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है और इसे गंभीर लापरवाही माना जा रहा है।

## एयरफोर्स कर्मी के घर में लाखों की चोरी, जेवरात लेकर फरार हुए चोर

निज संवाददाता



**पटना**। पटना के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात चोरों ने एयरफोर्स कर्मी के घर को निशाना बना डाला। घटना उस समय हुई जब घर खाली था। चोर पीछे की ओर से छत के रास्ते भीतर दाखिल हुए और अलमारी का ताला तोड़कर करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित धीरज कुमार ने बताया कि उनके दो भाई एयरफोर्स में कार्यरत हैं। पिता हृदय रोग से पीड़ित होने के कारण माता-पिता दिल्ली में रहते हैं। बीते 5 सितंबर को पिता की तबीयत बिगड़ने पर धीरज भी घर बंद कर दिल्ली चले गए थे। इस बीच उनकी गर्भवती पत्नी मायके में थीं। घर के सुनसान होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। धीरज जब रविवार को लौटे तो देखा कि पीछे से छत पर चढ़कर चोरों ने घर में प्रवेश किया और अलमारी के ताले तोड़ डाले। चोरी गए गहनों में तीन मंगलसूत्र, दो सोने के हार, तीन सोने की चेन और दो जोड़ी सोने के झुमके शामिल हैं। चोरी के बाद घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान कर शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## पटना सिटी में गेस्ट हाउस से हथियारों का जखीरा बरामद, अमृतसर का युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**पटना**। पटना सिटी के बाड़े गली इलाके में सोमवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गेस्ट हाउस से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए। छापेमारी के दौरान मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी जसकरण प्रीत सिंह के रूप में हुई है। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि इलाके में कुछ युवक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। इसी आधार पर पटना सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई और गेस्ट हाउस पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गेस्ट हाउस में चार युवक मौजूद थे। तलाशी में तीन पिस्तौल, सात मैगजीन और पांच खोखा बरामद हुए। हालांकि तीन अन्य युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस अब उनकी तलाश में छापेमारी अभियान चला रही है। गिरफ्तार आरोपी जसकरण प्रीत सिंह से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि वह पटना में किसे हथियार सप्लाई करने आया था और अब तक किन-किन लोगों को हथियार पहुंचाए जा चुके हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अन्य जांच एजेंसियों को भी अलर्ट किया गया है। पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय हो सकता है। इसलिए बरामद हथियारों की जांच फोरेंसिक टीम से भी कराई जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन्हें पहले किसी वारदात में इस्तेमाल किया गया है या नहीं। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पटना सिटी को मिली 22 करोड़ की सड़क योजनाओं की सौगात

निज संवाददाता



**पटना सिटी**। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव एवं राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितीन नवीन ने आज लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से पटना साहिब के विकास की गुरु की नगरी पटना साहिबके विकास की पथ निर्माणनौ योजनाओं का शिलान्यास किया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन ने कहा कि पटना साहिब विकास के पथ पर निरंतर गतिशील है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव क्षेत्र के विकास के लिए मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहे हैं। पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र के पथ निर्माण विभाग के 9 योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन योजनाओं में खाजेकलां सिटी कोर्ट रोड (1, 45, 34,000 रुपये), शेरशाह पथ (2,00,78,000 रुपये), सर्विस कम हॉलेज रोड (4,70,15,000 रुपये), शेरशाह लिंक पर (2,28,90,000 रुपये), शेरशाह से भीखना पहाड़ी भाया गुड़ की मंडी (4,34,27,000 रुपये), कुम्हरार संदलपुर शनिचरा पथ (2,12,67,000 रुपये), सुदर्शन पथ से कन्या मंदिर अगम कुआं मारूफगंज रोड (2,79,04,000 रुपये) एवं बाहरी बेगमपुर छटंकी पुल से गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ (59,95,000 रुपये) शामिल है।इस मौके पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक श्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि पटना साहिब का विकास निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्र के विकास की गति कभी धीमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों से मुझे स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसका मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। श्री यादव ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी नैतिक जिम्मेवारी है। वहीं, विकास योजनाओं का शिलान्यास करने के मौके पर प्रदेश के पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन ने कहा कि नंदकिशोर जी के प्रतिनिधि काल में पटना सिटी का जो विकास हुआ है, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि राजनीति में हमेशा इनका स्नेह मुझे मिला है। मैंने नंदकिशोर जी से राजनीति में बहुत कुछ सीखा हूं। इस मौके पर निगम पार्षद विनय कुमार बाला ,श्रीमती तारा देवी, सुनीता देवी,संतोष मेहता,नरेश मेहता विनय केसरी, पंकज गुप्ता, कौशल अंबष्ट ,अमित कानोडिया ,जितेंद्र मेहता,रौशन मेहता, के अलावा भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दानापुर मंडल में राजभाषा सप्ताह समारोह - 2025 का शुभारंभ

निज संवाददाता




» डीआरएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शत-प्रतिशत दैनिक कार्य हिन्दी में करने की सलाह दी

» विविधता के बावजूद भी राजभाषा हिन्दी, हमारी एकता का प्रतीक है - विनोद कुमार

**पटना**। पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में ''हिंदी दिवस 2025'' के अवसर पर 15.09.2025 से 19.09.2025 तक ''राजभाषा सप्ताह समारोह 2025'' का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर श्री विनोद कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी दिवस 2025 की शुभकामना देते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री विनोद कुमार ने कहा कि विविधता के बावजूद भी राजभाषा हिन्दी हमारी एकता का प्रतीक है । हम प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप मे मनाते आ रहें हैं । मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि दानापुर मंडल ने राजभाषा के प्रयोग – प्रसार मे काफी प्रगति की है । उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि पूर्णतया हिन्दी भाषा–भाषी राज्य में स्थित में होने के कारण इस मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी मे अपनी कार्यालयी काम-काज करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए । उन्होंने अपने संदेश में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शत-प्रतिशत दैनिक कार्यालयी काम-काज हिन्दी में करने की सलाह दी । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक,इंफ्रा सह अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री राजीव कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक,ओपी श्री आधार राज सहित मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।

## विश्वकर्मा समाज को मिलेगा सम्मान, NDA सरकार सबका साथ-सबका विकास की राह पर" : ऋतुराज सिन्हा

निज संवाददाता



**पटना**। राजधानी पटना में आयोजित बढ़ई समाज संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने विश्वकर्मा समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह समाज भारत की सामाजिक संरचना का आधार स्तंभ है, जिसने सदियों से अपने परिश्रम, सेवा और कौशल से देश को मजबूती प्रदान की है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार की 8000 से अधिक पंचायतों में बढ़ई समाज की सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका है। यह समाज अपने हुनर से पारंपरिक व्यवसाय को जीवित रखने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'सबका साथ, सबका विकास' नीति और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सामाजिक न्याय की पहल को इस समाज के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने विशेष रूप से पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि लोहार, बढ़ई और शिल्पकार जैसे पारंपरिक कारीगरों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाज़ार से जोड़ने वाली समग्र योजना है। साथ ही, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के फैसले को उन्होंने सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया। बिहार को मिल रही बड़ी सौगातें पत्रकारों से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर यात्रा बिहार के लिए विकास की गारंटी लेकर आती है। अब तक 84,000 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएँ बिहार को समर्पित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस बार की यात्रा में पूर्णिया को एयरपोर्ट और कनेक्टिविटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने सीमांचल क्षेत्र की स्थिति पर भी टिप्पणी की। इसे सामाजिक और विकास की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए कहा कि यहाँ सुरक्षा व्यवस्था और समावेशी विकास, दोनों पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है, और केंद्र सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। विपक्ष पर साधा निशाना श्री सिन्हा ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, "कुछ लोग दिन-भर प्रधानमंत्री जी की आलोचना करते हैं, लेकिन जब श्रेय लेने की बारी आती है तो उन्हीं के साथ मंच पर खड़े हो जाते हैं। जनता सब देख रही है—कौन काम कर रहा है और कौन सिर्फ तमाशा।" इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख प्रतिनिधियों, जिनमें विनय मिस्त्री और विभीषण शर्मा शामिल रहे, ने भी अपने विचार साझा किए और विश्वकर्मा समाज के सशक्तिकरण को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई।

## एलआईसी के मानव संसाधन विकास विभाग ने हिंदी दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता



▪ भारतीय संविधान में हिंदी की भूमिका और कार्यस्थल पर इसके उपयोग पर दिया गया जोर

**पटना**। पटना में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मानव संसाधन विकास विभाग ने हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एलआईसी के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक (को.ओ.डी.) श्री राजेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि भा.प्र. से. के निर्भय शंकर, मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान में हिंदी की भूमिका, ऐतिहासिक महत्व और इसकी उत्तरवर्ती प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी न केवल भारत को जोड़ने वाली एक प्रमुख भाषा है, बल्कि इसकी स्वीकार्यता और उपयोग लगातार बढ़ रहा है। राजेश कुमार ने भी हिंदी के दैनिक जीवन और कार्यस्थल में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, इसके बाद गृह मंत्री और एस.डी./बी.ओ. द्वारा संदेश वाचन किया गया। संचालन प्रादेशिक प्रबंधक (मा.सं.वि.) श्री स्वप्न कुमार सिंह ने किया। अंत में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्र.अ. (मा.सं.वि.) गुलाम सरवर ने किया। इस आयोजन ने हिंदी भाषा के महत्व और कार्यस्थल पर इसके प्रभावशील उपयोग को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हर थाली में बिहारी तरकारी" : सहकारिता विभाग ने आयोजित की एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला

निज संवाददाता




» 529 प्रखंडों में सब्जी उत्पादक समितियों को सशक्त बनाने पर जोर, सदस्यता बढ़ाने और बाजार तक सीधी पहुँच सुनिश्चित करने की पहल

**पटना**। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी अभियान "हर थाली में बिहारी तरकारी" को साकार करने के लिए सहकारिता विभाग ने सोमवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन लिमिटेड (वेजफेड) के माध्यम से प्राथमिक सब्जी उत्पादक समितियों (PVCS) के अध्यक्षों के लिए आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मटिहानी, तेघड़ा, एकंगरसराय और ताजपुर में प्याज भंडारण गोदामों तथा पटना, समस्तीपुर, नालंदा, भोजपुर आदि जिलों में PVCS की आधारभूत संरचना निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार किसानों को समितियों के माध्यम से संगठित कर उन्हें उन्नत तकनीक, बेहतर बीज और सीधे बाजार तक पहुँच उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य के 534 प्रखंडों में से 529 प्रखंडों में PVCS समितियां सक्रिय हैं, जिससे करीब 50,000 से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी कहा कि सहकारिता क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं और यह ग्रामीण युवाओं को रोजगार का नया विकल्प देगा। उन्होंने समितियों को ऑर्गेनिक सब्जी उत्पादन और निर्यात बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का भी आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान यह निर्णय लिया गया कि समितियों को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, सभी अध्यक्षों से सदस्यता बढ़ाने की अपील की गई। इस अवसर पर नवादा के पकरीबरावां समिति के अध्यक्ष मनोज मांझी को बीते छह महीनों में 2,245 किसानों को सदस्य बनाने के लिए सम्मानित किया गया। अब तक 8,224 किसान, 218 PVCS अध्यक्ष और 109 प्रबंधकारिणी सदस्य प्रशिक्षित किए जा चुके हैं। वहीं, 73 PVCS समितियों के माध्यम से 1,682 किसानों को 7.91 लाख किलो आलू बीज और 39 समितियों के जरिए 24.28 लाख टमाटर पौधे वितरित किए गए हैं। इसके अलावा प्लास्टिक कैरेट, प्लग टाइप नर्सरी, हल्दी प्रसंस्करण इकाई, पॉली नेट हाउस, पैक हाउस और जिला स्तर पर हब/वेयरहाउस निर्माण जैसी योजनाओं पर भी कार्य प्रगति पर है। कार्यशाला में सचिव सहकारिता विभाग, निबंधक सहयोग समितियां, बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष, वेजफेड के प्रबंध निदेशक, इफको के प्रतिनिधि, एपिडा के फील्ड ऑफिसर और पूरे राज्य से आए PVCS अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मध्यस्थता जागरूकता

**दुमका (नि.सं.)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका सुधांशु कुमार शशि के आदेश पर जिले भर में मध्यस्थता द्वारा विवादों का निश्चित समय सीमा के भीतर शीघ्र तथा आसान तरीकों से निष्पादन को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मध्यस्थता लचीला और अनौपचारिक प्रक्रिया है, क्योंकि इसमें साक्ष्य प्रक्रिया के नियम बाध्यकारी नहीं होते हैं। इसमें हुई चर्चा को गोपनीय रखा जाता है, यह आपसी संबंध में सुधार और उन्हें पुनः स्थापित करने में सहायक होता है। इसके द्वारा वाणिज्यिक विवाद, उपभोक्ता विवाद, वैवाहिक या पारिवारिक विवाद, रोजगार या कार्य स्थल से जुड़े विवाद, चेक बाउंस तथा कुछ विशेष आपराधिक विवादों के अलावा अन्य विवादों का भी निपटारा समझौता के आधार पर किया जाता है। मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा शहर, गांव, पंचायत के मुख्य स्थानों पर बैनर लगाकर तथा संबंधित पंपलेट का वितरण कर मध्यस्थता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। न्यायालय से संबंधित मध्यस्थता हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के कार्यालय में सभी कार्य दिवस में मध्यस्थता किया जाता है। प्राधिकार के सचिव ने लोगों से अपील की है कि वह मध्यस्थता का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने धन तथा समय दोनों की बचत करें।

### आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण अभियान शुरू



**काठीकुंड (नि.सं.)।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सोमवार को प्रखंड सभागार काठीकुड में प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुमार की उपस्थिति में दो दिवसीय प्रशिक्षण (ब्लॉक प्रोसेस लैब) का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर 15 एवं 16 सितम्बर 2025 को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पंचायत स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक गांव में अभियान संबंधी गतिविधियों का संचालन करेंगे। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन उद्घाटन में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान ग्राम स्तर पर समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, कृषि एवं महिला-बाल कल्याण की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर इस अभियान के अग्रदूत हैं और उन्हीं के प्रयास से पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाई जा सकती है एवं योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाया जा सकता है। अभियान के प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर दल के सदस्यों में कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रामेश हेम्बरम, स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम ओमप्रकाश शर्मा, एवं बाल विकास परियोजना से ललिता कुमारी पीएचडी जेई प्रशांत कुमार हांसदा वन विभाग से अरून कुमार ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पंचायत स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण 16 सितम्बर 2025 को भी होगा जिसमें व्यावहारिक सत्र एवं समूहगत गतिविधियों के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित दिया जाएगा।

### लोक अदालत में 16 हजार मामले निपटे

**गोड्डा (नि.सं.)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में सुलहनीय मामले के निष्पादन को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न मामलों से संबंधित 16031 वादों का निष्पादन कर 3,87,39,546 रूपये की राशि का समझौता किया गया। निष्पादित मामले में बैंक रिकवरी, क्रिमिनल कंपाउंडेबल के मामले, बिजली बिल, पानी बिल, उपभोक्ता वाद से संबंधित मामले, एमएसीटी से संबंधित मामले, मेट्रीमोनियल वाद के मामले, अन्य सिविल

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम

निज संवाददाता | दुमका



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में तेजी से बढ़ रहे अवैध खनन और उसके परिवहन की रोकथाम पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को सख्ती से निर्देश दिया कि खनिज संपदा का संरक्षण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी अंचल अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाएं। जो वाहन अवैध रूप से खनिज परिवहन करते पाए जाएं, उन पर तुरंत नियमों के अनुसार कार्रवाई हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि खनिज परिवहन केवल उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत ही होना चाहिए। ट्रक या अन्य परिवहन वाहनों में ट्रामपॉलिन का इस्तेमाल अनिवार्य किया जाए ताकि धूल व प्रदूषण से बचाव हो सके। बिना ढके खुले वाहन किसी भी स्थिति में सड़कों पर न चलें। क्रशर यूनिटों के संचालन को लेकर भी उपायुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी क्रशर निर्धारित नियम और शर्तों का पालन करें। अगर किसी भी क्रशर यूनिट में अनियमितता पाई जाती है तो तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण करने और विशेष अभियान चलाकर अवैध क्रशर यूनिटों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को क्षेत्रवार आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी। इस रिपोर्ट में ब्लाइंड स्पॉट की पहचान, आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने, गड्ढों की मरम्मत और अन्य सुधारात्मक उपायों का उल्लेख होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन की रोकथाम और सड़क सुरक्षा दोनों ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। खनिज संसाधन न सिर्फ जिले की आर्थिक धरोहर हैं बल्कि इनका संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है। वहीं, सुरक्षित सड़क व्यवस्था से आम जनता की जान-माल की रक्षा की जा सकती है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर काम करें ताकि ठोस परिणाम सामने आएं और जिले में कानून का राज स्थापित हो।

## कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन

निज संवाददाता | दुमका

आत्मा, सभागार दुमका में परियोजना निदेशक, आत्मा-सह-कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, दुमका की अध्यक्षता में सोमवार को कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्यतः जिला सहकारिता पदाधिकारी दुमका, कृषि विज्ञान केन्द्र दुमका से वरीय वैज्ञानिक डॉ० किरण कंडिर, परियोजना निदेशक, आत्मा-सह-कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, दुमका, एनजीओ (प्रसारी) की और से एक्जीक्यूटिव दिवेन्दु साहा शामिल हुए। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरीय वैज्ञानिक डॉ० किरण कंडिर मैडम के द्वारा स्ट्रॉबेरी की खेती पर विशेष जानकारी किसानों को दिया गया साथ ही इस खेती के लिए टपक सिंचाई की आवश्यकता बताई गई जिसके लिए पीडीएमसी जैसी योजनाओं का सहयोग लिया जा सकता है। सब्जी की खेती में कीट रोग प्रबंधन के लिए मिक्स क्रॉपिंग के जरिए भी कीट प्रबंधन किया जा सकता है लेंमनग्रास, धनिया पत्ता आदि का एक-एक क्यारि बना कर कीट प्रकोप को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य विषय सब्जी फसलों का उत्पादन एवं कीट एवं रोग प्रबंधन था। सर्वप्रथम जिला सहकारिता पदाधिकारी दुमका की ओर से जानकारी दी गई समुह में खेती कर किस प्रकार सब्जीयों का बेहतर बाजार में कीमत निर्धारण किया जा सकता है साथ ही बाहर के बाजारों में भी अपने उत्पादों को बेचा जा सकता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसकेएमयू के कुलपति को सौंपा ज्ञापन

निज संवाददाता | दुमका



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका ने सोमवार को कुलपति सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय डॉ. कुनूल कंदीर को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में बी.एड. की बढ़ी हुई फीस, संथाल परगना में 60 फीसद बी.एड. सीट सुरक्षित रखने, और पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को जेट परिणाम घोषित होने तक स्थगित रखने के संबंध में मांग की गई है। बी.एड. फीस वृद्धि वापस लेने की मांग*: विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. कोर्स की फीस में की गई वृद्धि संथाल परगना के विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक बोझिल है। अतः फीस वृद्धि को शीघ्र वापस लिया जाए। बी.एड. सीटों का आरक्षण*: संथाल परगना के स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का उचित अवसर उपलब्ध कराने हेतु बी.एड. कोर्स में 60 फीसद सीटें इसी क्षेत्र के विद्यार्थियों हेतु सुरक्षित की जाएं। पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव*: संथाल परगना जैसे पिछड़े एवं आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र के छात्रों के लिए बाहर जाकर पढ़ाई करना और नेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण करना अत्यंत कठिन है। साथ ही लंबे समय से राज्य सरकार द्वारा जेट परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में संथाल परगना के छात्र पीएचडी प्रवेश से वंचित न रह जाएं, इसके लिए विश्वविद्यालय को चाहिए कि जेट का परिणाम आने तक पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया स्थगित रखी जाए। साथ ही नेट /सेट/जेट उत्तीर्ण छात्रों हेतु 60% सीटें आरक्षित की जाएं तथा शेष 40% सीटों पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाए, जिससे संथाल परगना के छात्रों को भी उचित अवसर प्राप्त हो सके। यदि उपरोक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विवश होकर आंदोलन को बाध्य होगी। मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, नगर सह मंत्री आदित्य जोशी, अनूप दत्त, मनीष मंडल, राज केसरी, हीरालाल दास, राजकिशोर, SK मंडल, विकास गोरे, जगबंधु पाल, सुनील शर्म आदि उपस्थित थे।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar
Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar- 822101, Jharkhand
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**E- Tender Cancellation Notice**

e-NIT- No. 282/JUSNL/2025-26 for the work "Painting of different equipment i.e. junction boxes, marshaling boxes, C.T. Bottoms, isolator mechanism boxes, breaker junction boxes etc. along with different switchyard structures under Transmission Sub-Division, Garhwa Road" is cancelled due to unavoidable reasons.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 357542)

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 361941 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची।**

**कार्यालय, उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर।**
**(वित्तीय वर्ष 2025-26)**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अन्तर्गत संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में शास्त्रीय एवं पेटेंट औषधियों की आपूर्ति हेतु निविदा निम्न शर्तों एवं सरकारी नियमों के तहत आमंत्रित किया जाता है। आपूर्तिकर्त्ता, जो औषधि आपूर्ति करने में रुचि रखते हों एवं बनाये गये नियमों के अधीन निर्धारित शर्तो का पालन करते हों, वैसे आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 23.09.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर के कार्यालय में स्वयं या डाक के माध्यम से निविदा भेज सकते हैं। निविदा दिनांक 25.09.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। औषध की सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस के दिन प्राप्त की जा सकती है।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उप निदेशक, कल्याण,
पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 361991 (District) 25-26 (D)

## भाजपा राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के तहत की बैठक



निज संवाददाता | काठीकुण्ड

भाजपा मंडल इकाई द्वारा मंडल अध्यक्ष अभिजीत सुमन की अध्यक्षता बैठक में भाजपा के राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के निमित्त में मंडल कार्यशाला का आयोजन काठीकुण्ड मंडल में किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष मार्शल ऋषि राज टुडू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बूथ स्तर पर होने वाले सभी कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की, साथ ही प्रभारी ने मंडल स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिता के आयोजन करने का भी निर्देश दिया ताकी युवा एव सभी वर्गो के लोगो को सम्मिलित करने का निर्देश भी दिया। कार्यक्रम में मंडल के सोशल मिडिया प्रभारी बिनोद मंडल महामंत्री रामबिलास ठाकुर, उपाध्यक्ष जगातनारायण राय, वरिष्ठ कार्यकर्ता, मनोज नाग, लालचंद पाल, राजकिशोर भगत, गुरुचरण देहरी, दुर्गा भगत, दुलाल सिंह, विनय टुडू, गोविन्द हांसदा, अमरदास, निमाय पाल, सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में विचार सह कवि गोष्ठी आयोजित

**गोड्डा (नि.सं.)।** हिन्दी दिवस के अवसर पर रविवार शाम जिला प्रशासन गोड्डा के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा विचार सह कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, बतौर विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो एवं लोक मंच सचिव सर्वजीत झा 'अंतेवासी' ने दीप प्रज्वलित कर किया। साहित्यकार शिव कुमार भगत की अध्यक्षता एवं युवा साहित्य सेवी सुरजीत झा के संचालन में स्थानीय हटिया चौंक स्थित मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आयोजित 'हिन्दी के विकास में संताल परगना के साहित्यकारों की भूमिका' विषयक विचार गोष्ठी में शिव कुमार भगत, प्रवीण तिवारी, डॉ० ब्रह्मदेव कुमार, सर्वजीत झा 'अंतेवासी' एवं दिलीप तिवारी ने विषयक विचार किया वहीं द्वितीय सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में शिव कुमार भगत, डॉ० ब्रह्मदेव कुमार, डॉ० स्मिता शिप्रा, सुरजीत झा, शैलेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र कुमार राम, अधिवक्ता अनंत नारायण दुबे, ओम प्रकाश मंडल, मनीष कुमार सिंह, प्रकाश यादव, विपुल कुमार दुबे, मो० फिरोज अहमद, विनिता प्रियदर्शिनी, रितंभरा मीठी, सोनू कुमार झा, तापसी विश्वास एवं मौसम कुमार झा ने अपनी रचनाओं से खूब समा बांधा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री उरांव ने जहां हिंदी प्रेमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हिन्दी निरंतर अपने विकास पथ पर अग्रसर है वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ० महतो ने कहा कि हिन्दी ने पूरी दुनिया में एक मजबूत भाषा के रूप में खुद को स्थापित कर लिया है। दुनिया इसकी महत्ता और सत्ता का लोहा मान चुकी है। वहीं धन्यवाद ज्ञापन सर्वजीत झा ने किया।

**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**
**पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर– 822101**
दूरभाष सं0–06562–222621 ई–मेलः–Palamau.MDM@gmail .com

**–: आवश्यक सूचना :–**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में इण्टरमिडियट प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 01–05 के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में निहित प्रावधानुसार काउंसिलिग किया जाना है। निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1802 दिनांक 11.09.2025 के आलोक में कक्षा 01 से 05 (इण्टरमिडियट प्रशिक्षित) संबंधित कुल 413 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है, जिसकी काउंसिलिग हेतु तिथि एवं समय का निर्धारण निम्नवत है।:–

| क्रमांक | दिनांक | आमंत्रित अभ्यर्थी का क्रमांक | समय | काउंसिलिग स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.09.2025 | क्रमांक 01 से 150 | पूर्वाह्न 09 से 05 बजे | जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार |
| 2 | 19.09.2025 | क्रमांक 151 से 300 | | |
| 3 | 20.09.2025 | क्रमांक 301 से 415 | | |

**अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपने क्रमांक के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

उक्त विभागीय निदेशानुसार इण्टरमिडियट प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 01 से 05 के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 15.09.2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। किसी तरह की सूचना हेतु हेल्प डेस्क नम्बर **8709355153 (राम लखन सिंह, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** एवं **8102713045 (बलराम कुमार, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** पर सम्पर्क स्थापित कर जानकारी ली जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू

PR 361987 District(25-26)#D

**समाहरणालय, गढ़वा।**
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षुओं के चयन के लिए जिला स्तर से राज्य स्तर तक प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। जिस निमित्त गढ़वा जिला में दिनांक–18.09.2025 से 19.09.2025 को निम्नांकित विवरणी के अनुसार चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना हैः–

| क्र0 | खेल विधा का नाम | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला स्तर पर चयन किये जाने वालें निर्धारित प्रशिक्षुओं की संख्या | | सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्र) में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला स्तर पर चयन किये जाने वालें निर्धारित प्रशिक्षुओं की संख्या | | आयोजन की तिथि एवं समय | आयोजन स्थल | आवश्यक सहयोग हेतु संपर्क सूत्र/मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | बालक | बालिका | | | |
| 01 | फुटबॉल | 06 | 05 | 01 | 02 | दिनांक 18.09.2025 पूर्वा0 07:00 बजे से दिनांक 19.09.2025 (अप0) तक | फुटबॉल स्टेडियम, गढ़वा | श्रीमती परनीता तिर्की 9798687638 |
| 02 | बैडमिंटन | 01 | 04 | 02 | 03 | | दिशोम गुरू शिबु सोरेन इंडोर स्टेडियम गढ़वा | श्री प्रभात रंजन तिवारी 7717796363 |
| 03 | एथलेटिक्स | 03 | 01 | 00 | 00 | | रामासाहु आउटडोर स्टेडियम, गढ़वा | श्री अभिषेक कुमार 7004100067 |
| 04 | कबड्डी | 00 | 01 | 00 | 00 | | | श्री रामा शंकर सिंह 9122447129 |
| 05 | कुश्ती | 01 | 00 | 01 | 01 | | रामासाहु इंडोर स्टेडियम, गढ़वा | श्री शैलेन्द्र कुमार पाठक 8789023695 |

आयोजन से संबंधित दिशा–निर्देश
1. आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 में प्रवेश हेतु संबंधित चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 10 से 14 वर्श के बीच होनी चाहिए। (उम्र सीमा की गणना वित्तीय वर्श 2025–26 के 01 अप्रैल को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी)
2. सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्र) में प्रवेश हेतु संबंधित चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 16 से 22 वर्श के बीच होनी चाहिए। (उम्र सीमा की गणना वित्तीय वर्श 2025–26 के 01 अप्रैल को 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 22 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी)
3. जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं दो अद्यतन पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. सभी खिलाड़ी आयोजन स्थल पर आवश्यक खेल किट के साथ उपस्थित होंगे।
5. खिलाड़ियों का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Specific Skill Test के आधार पर होगी।
6. प्रतिभागी खिलाड़ी आयोजन स्थल पर आवेदन प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
7. इच्छुक खिलाड़ी जिला खेल कार्यालय, गढ़वा या जिले के आधिकारीक वेबासाईट से www.garhwa.nic.in से आवेदन प्रपत्र प्राप्त करते हुए आयोजन स्थल पर अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 361982 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26)D

**।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा ।।**

**–: आम सूचना :–**

गढ़वा जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार के राज्यादेश संख्या 19 रा0 (वि0) दिनांक 10.09.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा। जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत संकल्प संख्या 452 दिनांक 15.06.2021 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी।

राज्यादेश संख्या 19 रा0 (वि0) दिनांक 10.09.2025 के द्वारा जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा से संचालित होने वाली योजनाओं के लिए गढ़वा जिला को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का विवरणी निम्न प्रकार है –

| क0 | योजना का नाम | कुल लागत | लागू सब्सिडी (सरकारी अनुदान) | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 75 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 25 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) |
| 1 | बकरा विकास योजना (8+2) | 49600 | 44640 | 37200 | 4960 | 12400 |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800 | 52020 | 43350 | 5780 | 14450 |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (400 लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना | 118200 | 106380 | 88650 | 11820 | 29550 |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) | 67500 | 60750 | 50625 | 6750 | 16875 |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण की योजना (30 चूजा) | 3400 | 3060 | 2550 | 340 | 850 |

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्ते :–**

1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा।
2. योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सभी महिला/पुरूष/स्वंय सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जायेगा। जिसमें औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगा।
3. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरान्त चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जायेगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
4. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधी ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है–
(क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो इस संबंध में लाभुक को आवासीय जाति प्रमाण–पत्र एवं आधार की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
(ख) चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
(ग) विगत पॉच वर्षो में जिन परिवारों JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
(घ) बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना के अन्तर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एवं अंडा उत्पादन/ब्रायलर के लाभुकों का चयन 5–5 इकाईयों के कलस्टर में किया जाएगा।
5. पशुपालन योजना के अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान द्वारा किया जाएगा।
6. योजना/कार्यक्रम अन्तर्गत पशु/पक्षी शेड आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण से किया जाएगा।
7. पशु/पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
8. योजनान्तर्गत दवा, मिनरल मिक्चर सामग्री एवं उपकरण आदि हेतु अनुदान की राशि निदेशालय द्वारा निर्धारित ईकाई दर विशिष्टियों एवं योजना के आलोक में लाभुकों को उपलब्ध कराया जायेगा। अनुदान की राशि क्लेम बील के आधार पर जिला के पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त उपलब्ध कराई जाएगी।
9. योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/Dedicated Bank Account संबंधित BAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही हस्तान्तरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुक को भी अपना स्वंय का अंशदान एक माह के अन्दर Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
10. संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी इच्छुक पशुपालक से आवेदन ग्राम सभा से अनुमोदन के साथ प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा कार्यालय में निर्धारित तिथि 10.10.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 361968 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में अब नहीं चलेगी कुत्तों की आवारागर्दी, दो बार काटा तो मिलेगी उम्र कैद



**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोई भी आवारा कुत्ता लोगों को दो बार काटता है तो उसे उम्रकैद की सजा मिलेगी। पढ़ने में यह अजीब लग सकता है, लेकिन सच है। प्रदेश सरकार ने कुत्तों के हमले से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने प्रदेश के सभी नगर निकायों को नया आदेश जारी किया है। इसमें हमलावर कुत्तों को अनूठी सजा का प्रावधान किया गया है। आदेश के अनुसार पहली बार किसी को काटने पर कुत्ते को 10 दिन की सजा होगी। उम्रकैद और 10 दिन की सजा के दौरान कटखने कुत्ते को एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर में रखा जाएगा। कुत्तों को सजा देने के मामले में कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। इसके लिए पीड़ित व्यक्ति को सरकारी अस्पताल में इलाज का प्रमाण देना होगा। इसकी जानकारी होने पर नगर निगम के पशुधन विभाग की टीम कटखने कुत्ते को पकड़कर एबीसी सेंटर ले जाएगी। सेंटर पर इलाज के साथ कुत्ते को निगरानी में रखा जाएगा। 10 दिन बाद सेंटर से छोड़े जाने के पहले कुत्ते के शरीर पर माइक्रोचिप लगाई जाएगी। माइक्रोचिप के जरिए ही कुत्ते के व्यवहार पर निगरानी की जाएगी।

### फेलिसिटी थिएटर भोपालमें हमारे राम प्रस्तुत करता है

**भोपाल।** भोपाल भारत की अग्रणी थिएटर कंपनी, फेलिसिटी थिएटर द्वारा इस महाकाव्यात्मक हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति सगर्व आपके समक्ष प्रस्तुत की जा रही है। गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया। बॉलीवुड के प्रमुख दिग्गज आशुतोष राणा ने रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई है भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर भूचर भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरूण खन्ना भगवान शिवकी भूमिका में हरलीन कौर रेखी ने माता सीता की, और करण शर्मा सूर्य देव की भूमिका में दिखाई देंगे। इस समूह में थिएटर की दुनिया केअन्य अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं।

### प्रशांत किशोर की सभा से पहले भाई से हाथापाई, कुर्सी फेंकते निकल गए मनीष कश्यप

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले की चनपटिया विधानसभा सीट से 2020 में निर्दलीय लड़कर हारे चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप 2025 में जन सुराज पार्टी से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। भाजपा छोड़कर जन सुराज में शामिल हुए कश्यप की टिकट को लेकर राज किशोर चौधरी से तकरार चल रही है, जो गुरुवार को प्रशांत किशोर की जनसभा से पहले खुलकर सामने आ गई। सभा के पंडाल में पोस्टर लगाने को लेकर मनीष के भाई करण कश्यप और चौधरी के समर्थकों में बहस हाथापाई में बदल गई। इससे गुस्साए मनीष कश्यप का पंडाल से कुर्सी फेंककर तमतमाते हुए निकलने का एक वीडियो वायरल है। वीडियो की पुष्टि लाइव हिन्दुस्तान नहीं करता है। (वायरल वीडियो खबर के अंत में नीचे है)

गुरुवार को चनपटिया के कुड़ियाकोठी खेल मैदान में प्रशांत किशोर की जनसभा हुई थी। इससे पहले दोपहर करीब 12 बजे मनीष कश्यप और जन सुराज पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राज किशोर चौधरी के समर्थक पोस्टर-बैनर लगाने को लेकर आपस में ही भिड़ गए। वायरल वीडियो में दोनों के समर्थक आपस में उलझते और हाथापाई करते दिख रहे हैं।

इस बात की खबर मिलने पर मनीष कश्यप भी वहां पहुंच गए और अपने समर्थकों को पोस्टर लगाने को कहा। इसके बाद राज किशोर चौधरी के समर्थकों और कश्यप के बीच कहासुनी होने लगी। तब मनीष कश्यप गुस्से से तिलमिलाते हुए कुर्सी फेंक सभा स्थल से निकले और गाड़ी में बैठकर चले गए। उसके बाद करण कश्यप भी चले गए।

**कोटा पर कलह ने बढ़ाईं सीएम फडणवीस की मुश्किलें**

# ओबीसी , आदिवासी और बंजारा संगठन जीआर वापसी की कर रहे मांग

**पुणे/ मुंबई, एजेंसी।** मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल के हालिया अनशन के बाद मराठों को आरक्षण देने के मकसद से महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी सरकारी आदेश (जीआर) पर राज्य की राजनीति और राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। एक तरफ राज्य के ओबीसी, एससी और एसटी समूहों ने मराठा आरक्षण के लिए हैदराबाद गजट पर सरकारी आदेश जारी करने पर चिंता व्यक्त की है, तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि मराठा कोटा से संबंधित सरकारी आदेश ओबीसी के अधिकारों को प्रभावित नहीं करेगा। उन्होंने यह भी संकेत दिए हैं कि यह लड़ाई इतनी जल्दी खत्म नहीं होने वाली। लगे हाथ सीएम फडणवीस ने लोगों को इस मामले में अतिवादी राजनीति से आगाह किया है।

इस महीने की शुरुआत में जारी जीआर पर विवादों के बीच मराठा और ओबीसी समुदायों में संघर्ष बढ़ने के खतरों के बीच, एनसीपी संस्थापक शरद पवार ने फडणवीस सरकार पर सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने और समाज में खाई चौड़ा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। हालांकि, मराठा आरक्षण के संवेदनशील मुद्दे पर बढ़ती खाई को मुख्यमंत्री फडणवीस ने भी स्वीकार किया और रविवार को दोनों समुदायों के नेताओं से इस मुद्दे के बारे में लोगों के सामने सही तथ्य प्रस्तुत करने की अपील की।



**ओबीसी , आदिवासी और बंजारा संगठन जीआर वापसी की कर रहे मांग** :बता दें कि सरकारी आदेश जारी करने के कुछ हफ्ते बाद, कई ओबीसी, आदिवासी और बंजारा संगठनों ने सरकार से इस आदेश को वापस लेने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। विभिन्न जाति समूहों ने तर्क दिया है कि मराठा समुदाय के सदस्यों को ओबीसी कुनबी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अनुमति देने के लिए हैदराबाद राजपत्र के कार्यान्वयन से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

**अब बंजारों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल** :इस बीच, बंजारा संगठन गोर सेना के अध्यक्ष संदेश चव्हाण ने कहा, हमें अनुसूचित जनजाति के रूप में चिन्हित किया गया था और हैदराबाद में हमें आरक्षण प्राप्त है। हम चाहते हैं कि हमारे समान अधिकार यहां भी बहाल हों। चव्हाण ने यह भी दावा किया कि धाराशिव के 32 वर्षीय बंजारा स्नातक ने शनिवार को आरक्षण की मांग करते हुए आत्महत्या कर ली, जिसने अनुसूचित जनजाति आरक्षण की मांग करते हुए एक नोट छोड़ा था। बड़ी बात यह भी है कि 11 सितंबर से ही बंजारा समुदाय के लोग जालना कलेक्टर कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं, जबकि इस समुदाय के वरिष्ठ नेता हरिभाऊ राठौड़ ने सोमवार को जालना और बीड में मोर्चा निकालने की घोषणा की है।

**आदिवासी कर रहे बंजारा समुदाय की मांग का विरोध** :दूसरी तरफ, आदिवासी संगठनों ने बंजारा समुदाय की इस मांग का विरोध किया है और दावा किया है कि बंजारा समुदाय को विमुक्त जाति और घुमंतू जनजाति (वीजेएनटी) श्रेणी के तहत पहले से ही 3 फीसदी कोटा का लाभ मिल रहा है। वहीं विरोध का एक और मोर्चा कोलते हुए ओबीसी कार्यकर्ता नवनाथ वाघमारे और सतसुंग मुंधे ने चेतावनी दी है कि कोटा बढ़ाने से अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में पहले से सूचीबद्ध 374 जातियों के अधिकारों को खतरा होगा। ओबीसी नेताओं ने 10 अक्टूबर को नागपुर में एक विशाल मोर्चा निकालने का संकल्प लिया है।

### जीआर से ओबीसी के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे: फडणवीस

फडणवीस ने कहा है कि मराठा कोटा के संबंध में जारी सरकारी आदेश (जीआर) से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे और इस वर्ग के लिए निर्धारित लाभ 'फर्जी' व्यक्तियों को नहीं मिलने दिया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ओबीसी और मराठों सहित सभी समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर 'जरूरत से ज्यादा राजनीति' करने और भय पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर अतिवादी राजनीति हो रही है और ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। इससे ओबीसी छात्रों की मानसिकता प्रभावित हो रही है।

### एक भी फर्जी व्यक्ति को ओबीसी में जगह नहीं

इन सबके बीच, रविवार को पुणे टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पत्रकारों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, ''मराठा आरक्षण के संबंध में जारी सरकारी आदेश ओबीसी के अधिकारों को प्रभावित नहीं करेगा। एक भी फर्जी व्यक्ति को ओबीसी श्रेणी में शामिल नहीं किया जाएगा। फर्जी का मतलब उन लोगों से है जो ओबीसी नहीं हैं। जीआर में ऐसी सावधानी बरती गई है।''

### ओबीसी के लिए एक अलग विभाग बनाया

जीआर पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए, फडणवीस ने कहा कि 2014 से ओबीसी कल्याण से जुड़े सभी फैसले उनकी सरकार ने लिए हैं। फडणवीस ने कहा, ''हमने (भाजपा ने) ओबीसी के लिए एक अलग विभाग बनाया। हम ओबीसी के लिए विभिन्न योजनाएं लेकर आए, ओबीसी के लिए महा ज्योति स्थापित की और सबसे महत्वपूर्ण बात, पिछली सरकार के कार्यकाल में गंवाया गया 27 प्रतिशत ओबीसी कोटा बहाल किया। इसलिए ओबीसी जानते हैं कि उनके कल्याण की चिंता किसे है।''

### मराठों और ओबीसी के बीच दरार कम नहीं होगी

मराठों और ओबीसी के बीच बढ़ती दरार पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कम नहीं होगी, जब तक कि दोनों समुदायों के नेता लोगों को इस मुद्दे के बारे में सही तथ्य नहीं बताते। उन्होंने कहा, ''मैं कहना चाहूंगा कि केवल उन्हीं लोगों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे जिनके पास कुनबी होने का रिकॉर्ड है। ऐसे रिकॉर्ड के बिना किसी को भी प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा। इसलिए ओबीसी को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। इस मुद्दे पर जरूरत से ज्यादा राजनीति हो रही है और ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि ओबीसी आरक्षण समाप्त हो गया है। इससे ओबीसी छात्रों की सोच प्रभावित हो रही है।''

## महिला की मौत पर बोला सुप्रीम कोर्ट– ठीक नहीं हुआ मरीज तो हर बार डॉक्टर नहीं जिम्मेदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई मरीज ठीक नहीं होता है तो इसके लिए हर बार डॉक्टर को ही लापरवाही का जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है। जस्टिस संजय कुमार और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि अगर किसी फिजीशियन के इलाज से मनचाहा परिणाम नहीं मिल रहा है या फिर सर्जरी फेल हो जाती है, केवल इसी बुनियाद पर डॉक्टर को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि जब तक कोई पुख्ता कारण ना हो डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप बेबुनियाद ही हैं। बच्चे को जन्म देते वक्त एक महिला की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा, मार्टिन एफ डिसूजा बनाम मोहम्मद इशफाक केस में भी यही कहा गया था कि कोई भी जिम्मेदार प्रोफेशनल कभी नहीं चाहेगा कि उसके मरीज को नुकसान हो और उसकी खुद की छवि खराब हो। हालांकि कई बार प्रयास के बाद भी इलाज फेल हो जाता है और डॉक्टर या फिर सर्जन पर लापरवाही का आरोप लगता है। लेकिन जब तक लापरवाही के पुख्ता सबूत ना हों, ये आरोपी बेबुनियाद ही कहे जाएंगे।



कोर्ट ने यह भी कहा कि मेडिकल प्रोफेशन कमर्शलाइज होने की वजह से बहुत सारे डॉक्टर अपनी शपथ को भूल जाते हैं और पैसा बनाने के लिए मरीजों को परेशान करते हैं। हालांकि इसके लिए सभी डॉक्टरों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने नेशनल कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन के आदेश को खारिज कर दिया। शिकायत में कहा गया था कि नर्सिंग होम में डिलिवरी कराने के लिहाज से सुविधाओं और उपकरणों की कमी थी।

बता दें कि राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के आदेश में डॉक्टर को उन आधारों पर दोषी पाया गया था जिसका जिक्र शिकायतकर्ता ने नहीं किया था। एनसीडीआरसी ने 2012 में फैसला सुनाया था। 2005 में बच्चे के जन्म के बाद एक मरीज चरणप्रीत कौर की मौत हो गई थी।

## बाढ़ के बाद अब गंदगी चुनौती, पंजाब सरकार ने गांव और शहरों में शुरू किया सफाई अभियान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब में बाढ़ के बाद अब पानी उतर रहा है तो गाद और गंदगी असली चुनौती दे रही है। पंजाब सरकार ने आज से 23 सितंबर तक पूरे राज्य में सफाई और बहाली का विशेष ड्राइव चलाया है, जो 2300 से ज्यादा गांवों और शहरी वार्डों में एक साथ शुरू हुआ है। इस महा अभियान में हर गली, हर मोहल्ले, हर वार्ड को साफ-सुथरा और पहले से बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जलभराव से जमा हुई गाद, सिल्ट और गंदगी को हटाने के लिए नगर निगमों, नगर परिषदों और पंचायतों को स्पष्ट आदेश दिए गए हैं। कई जिलों में 1000 से ज्यादा सफाई कर्मचारी, 200 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रालियां, 150 जेसीबी मशीनें और सैकड़ों हेल्थ वर्कर्स इस काम में लगे हुए हैं।



**हर जोन का जिम्मा एक अफसर को सौंपा** :पंजाब सरकार ने हर जोन का जिम्मा एक अफसर को सौंपा गया है और उन्हें साफ निर्देश हैं कि वे रोजाना ग्राउंड पर रहें और काम पूरा कराएं। नगर निगमों में कमिश्नर और जिलों में एडीसी को विशेष जिम्मेदारी दी गई है कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। सरकार ने निर्देश दिया है कि हर जगह काम से पहले और बाद की तस्वीरें खींची जाएं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद इस पूरे अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वे लगातार अधिकारियों से संपर्क में हैं और खुद स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने साफ कहा है, ये कोई औपचारिक मुहिम नहीं, ये पंजाब के हर नागरिक के घर-आंगन को फिर से खुशहाल बनाने का संघर्ष है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दवा छिड़काव, साफ पानी की आपूर्ति और प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाए जा रहे हैं। पशुधन की संभाल के लिए किसानों को मोबाइल के ज़रिए सरकारी डॉक्टरों से सलाह मिल रही है। वेटरनरी डॉक्टरों की टीमें गांवों में तैनात हैं, जो पशुओं की जांच, इलाज और जरूरतमंदों तक दवाइयां और चारा मुफ्त में पहुंचा रही हैं। साफ पानी के लिए क्लोरीन की गोलियां दी जा रही हैं। सूबे के हर गांवों में पशुओं के लिए हरा चारा, सूखा फीड और हाई-क्वालिटी पोषण पहुंचाया जा रहा है। हर गांव में राहत कैंप लगाए जा रहे हैं, जहां पंचायतें, एनजीओ और सरकार की टीमें मिलकर पशुपालकों को राहत दे रही हैं।

### नुकसान की भरपाई के लिए तेजी से सर्वे जारी

बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी तेजी से सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। घरों, दुकानों, सड़कों, बिजली के खंभों, जल योजनाओं जैसी सभी सार्वजनिक व निजी संपत्तियों का आकलन इंजीनियरिंग टीमों द्वारा किया जा रहा है, ताकि सरकार हर प्रभावित व्यक्ति को जल्द से जल्द मुआवजा दे सके। राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गिरदावरी करवाई जाने के लिए कुल 2167 पटवारियों को तैनात किया गया है। टीमें गांव-गांव जाएंगी, खेतों का निरीक्षण करेंगी और फसलों व घरों के नुकसान व पशुओं की मौत के बारे में रिपोर्ट तैयार करेंगी। बाढ़ पीड़ितों को 45 दिनों के अंदर मुआवजा दिया जाएगा।

## ट्रक ड्राइवर का अपहरण कर घर में छिपाया, नौकरी से निकाली गई आईएएस पूजा खेडकर पर गंभीर आरोप

**मुंबई, एजेंसी।** आईएएस की नौकरी से हाथ धो चुकी पूजा खेडकर नई मुसीबत में घिर गई हैं। पूजा खेडकर और उनकी मां के खिलाफ ट्रक ड्राइवर को किडनैप करके घर में छिपाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि इस ड्राइवर का अपहरण करके यहां पर रखा गया था। यह ड्राइवर ट्रक से एक्सीडेंट करने के बाद गायब था। गौरतलब है कि पिछले साल सितंबर में केंद्र सरकार ने पूजा खेडकर को आईएएस की नौकरी से हटा दिया था।

पुलिस ने बताया कि ड्राइवर का नाम प्रहलाद कुमार है। वह एक मिक्सर ट्रक लेकर जा रहा था। नवी मुंबई में ऐरोली सिग्नल पर उसके मिक्सर ने एक कार को टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक इसके बाद कार में सवार दो लोगों ने प्रहलाद कुमार को जबर्दस्ती अपनी कार में बैठा लिया। इसके बाद ये लोग उसे लेकर वहां से चले गए। मामले की जानकारी होते ही पुलिस ने कार का पता लगाना शुरू किया।



जांच में कार पूजा खेडकर के पुणे के चतुश्रृंगी स्थित घर में पाई गई। पुलिस ने यहां से अपहृत ड्राइवर को बचाया।

हालांकि इस दौरान पूजा खेडकर की मां ने पुलिस का काफी विरोध किया। पुलिस ने बताया कि पूजा की मां मनोरमा खेडकर ने पुलिस के साथ बदसलूकी की। उन्होंने दरवाजा खोलने से मना कर दिया और पुलिस के काम में बाधा पहुंचाई। इसके लिए पुलिस ने मनोरमा खेडकर को भी सम्मन भेजकर पूछताछ के लिए पुलिस के सामने उपस्थित होने के लिए कहा है। गौरतलब है कि पिछले साल भी पूजा खेड़कर की मां ने जमीनी विवाद से जुड़े एक मामले में बहस की थी और बंदूक तक लहराई थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था और बाद में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था।

### पूजा खेडकर से जुड़ा विवाद

असल में पूजा खेडकर को ओबीसी सर्टिफिकेट में फर्जीवाड़े और दिव्यांग कोटे का गलत ढंग से फायदा उठाने का दोषी पाया गया था। पूजा खेडकर के खिलाफ इस मामले में यूपीएससी ने उनके खिलाफ ऐक्शन लिया था। उनका सेलेक्शन रद्द करने के बाद यूपीएससी ने उनके ऊपर इन परीक्षाओं में शामिल होने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। आयोग ने उन्हें परीक्षा में कई बार गलत पहचान बताने का दोषी पाया था।

## भारी बारिश के बीच रास्ते में ही जवाब दे गई मुंबई मोनो रेल, बुलानी पड़ गई दमकल की गाड़ियां

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में भारी बारिश के बीच मोनो रेल अचानक रुक गई। तकनीकी खराबी की वजह से मोनो रेल रास्ते में ही एंटॉप हिल के पास रुक गई। इसके बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक दमकल विभाग की टीम को सूचना दी गई। इसके बाद कम से कम 17 यात्रियों को बाहर निकाला गया और उन्हें दूसरी मोनो रेल में बैठाया गया। बता दें कि एक महीने के अंदर यह दूसरी घटना है जब मोनो रेल ने रास्ते में ही जवाब दे दिया। जानकारी के मुताबिक निकाले गए यात्रियों को चेंबूर की ओर से आ रही मोनो रेल में बैठा दिया गया। मोनो रेल कॉर्पोरेशन का कहना है कि बिजली सप्लाई में समस्या की वजह से दिक्कत हुई थी। हालांकि कारणों की जांच की जा रही है। वहीं लोगों का कहना है कि मोनो रेल में इस तरह की समस्या बार-बार हो रही है। ऐसे में इसके स्थायी समाधान की जरूरत है।

**सीढ़ी लगाकर निकाले गए थे यात्री**–इससे पहले 27 अगस्त को मोनो रेल में खराबी की वजह से सैकड़ों यात्री फंस गए थे। इसके बाद मामले में चूक के आरोप में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। मैसूर कॉलोनी और भक्ति पार्क के



बीच फंसी एक मोनोरेल से 'स्नोर्कल' सीढ़ी लगाकर 582 यात्रियों को बचाया गया था। वहीं, एक अन्य मोनोरेल को सफलतापूर्वक वापस खींचकर वडाला स्टेशन ले जाने के बाद 200 यात्रियों को निकाला गया था।

अगस्त में भी एक बार यात्रियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से मोनो रेल को रोक दिया गया था। बाद में बताया गया कि यह किसी खराबी की वजह से नहीं बल्कि लोड ज्यादा होने की वजह से किया गया। इससे पहले भी एक बार ऐसा हुआ था कि एलिवेटेड ट्रैक पर दो मोनो रेल को रोकना पड़ा और फिर यात्रियों को निकालने के लिए दमकल की गाड़ियां बुलवानी पड़ीं।

# सिद्धारमैया के दांव से कर्नाटक में नया बवंडर, लिंगायत समुदाय हिन्दू या अलग धर्म?

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आगामी 22 सितंबर से राज्य में जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया है लेकिन उनका यह फैसला उनकी पार्टी के लिए मुसीबत बनती जा रही है क्योंकि राज्य के प्रभावशाली लिंगायत समुदाय के लिए यह जनगणना उनकी धार्मिक पहचान के लिए एक बड़ी लड़ाई बन चुकी है। वैसे तो लिंगायत समुदाय जाति सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए तैयार है लेकिन समुदाय में इस बात को लेकर मतभेद है कि जाति गणना के सर्वे में लिंगायत समुदाय के सदस्यों को अपनी धार्मिक पहचान वीरशैव-लिंगायत के रूप में दर्ज करानी चाहिए या हिंदू के रूप में।

सिद्धारमैया सरकार में वन मंत्री ईश्वर खांड्रे ने हाल ही में वीरशैव-लिंगायत महासभा की ओर से बोलते हुए कहा कि समुदाय के सदस्यों को धर्म वाले कॉलम में अन्य चुनना चाहिए और खुद को वीरशैव-लिंगायत के रूप में पहचान बतानी चाहिए। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें जाति वाले कॉलम में लिंगायत या वीरशैव और तीसरे कॉलम में अपनी उपजाति लिखनी होगी।



वन मंत्री पर भड़की भाजपा

विपक्षी भाजपा के लिंगायत नेताओं ने उनके इस सुझाव की निंदा की है और इसे कांग्रेस पार्टी की हिंदू वोटों को विभाजित करने और भाजपा के आधार को कमज़ोर करने के लिए जाति सर्वेक्षण का इस्तेमाल करने की रणनीति के रूप में देखा है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी के भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई ने आरोप लगाया है कि वीरशैव लिंगायत महासभा पूरी तरह से कांग्रेस के साथ जुड़ गई है। उन्होंने कहा, महासभा से मेरा अनुरोध है कि वह कानून और संविधान के अनुसार सलाह दे।

**महासभा को भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए...** उन्होंने आगे कहा, महासभा को भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए... संविधान में केवल छह धर्मों का उल्लेख है, इसलिए केवल उन्हीं धर्मों के नाम लिखे जाने चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई ने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया जाति सर्वेक्षण का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने भी कहा कि पार्टी का रुख स्पष्ट है। हम हिंदू हैं और चाहते हैं कि इसे हमारे धर्म के रूप में उल्लेखित किया जाए। वीरशैव-लिंगायत का धर्म के रूप में कोई उल्लेख नहीं है।

**लिंगायत खुद को हिन्दू धर्म का अनुयायी नहीं मानते**–बता दें कि लिंगायत खुद को हिन्दू धर्म का अनुयायी नहीं मानते हैं और एक अलग धर्म का दर्जा चाहते हैं, हालाँकि उन्हें आधिकारिक तौर पर वीरशैव लिंगायत के रूप में हिन्दू उप-जाति में वर्गीकृत किया जाता है। लिंगायत संप्रदाय महात्मा बसवण्णा द्वारा 12वीं शताब्दी में स्थापित एक शैव मत है, जो शिव को एकमात्र देवता के रूप में पूजता है, मूर्ति पूजा नहीं करता और जाति प्रथा व वेदों का खंडन करता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## जहरीली हवा से घटी लोगों की उम्र

देश के कई शहरों और महानगरों में वायु प्रदूषण इस कदर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है कि इसका सीधा असर लोगों के फेफड़ों पर पड़ने लगा है। नतीजा यह कि लोगों की आयु घट रही है और वे कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हर वर्ष लाखों लोग सांस से जुड़ी बीमारियों के अलावा हृदय रोग और कैंसर जैसी जटिलताओं का सामना कर रहे हैं। दरअसल, लंबे समय तक जहरीली हवाओं के बीच रहने से फेफड़े की कोशिकाएं कमजोर पड़ने लगी हैं। श्वसन रोग से संबंधित आठवें राष्ट्रीय सम्मेलन 'रेस्पिकान 2025' में विशेषज्ञों की ओर से साझा किए गए आंकड़ों ने चिंता बढ़ा दी है। उनके मुताबिक, देश में हर वर्ष फेफड़े के कैंसर के 81,700 नए मामले आ रहे हैं। इतना ही नहीं, हवा में प्रदूषण का असर केवल फेफड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कमजोर कर रहा है। बच्चों की सेहत पर भी जहरीली हवा का गंभीर असर पड़ रहा है, जो भविष्य के लिए एक बड़ी चेतावनी है। विशेषज्ञों का कहना है कि फेफड़े का स्वास्थ्य कोई एक दिन में नहीं बिगड़ता। अगर सामूहिक रूप से समन्वित प्रयास किए जाएं, तो स्थिति को और ज्यादा गंभीर होने से बचाया जा सकता है। देश में सार्वजनिक परिवहन तंत्र को मजबूत नहीं किए जाने का नतीजा है कि लोग आवाजाही के लिए निजी वाहनों का अधिक इस्तेमाल करते हैं। हर वर्ष सड़कों पर बड़ी संख्या में नए वाहन आ रहे हैं, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। यह निराशाजनक है कि न तो उद्योगों से निकलने वाले कचरे तथा धुएं को नियंत्रित करने के ठोस उपाय अब तक हो पाए हैं और न ही फसलों के अवशेष जलाने की समस्या का कोई प्रभावी समाधान निकल पाया है। हालत यह है कि हर दिन लोगों के फेफड़ों में जहरीली हवा भर रही है। विशेषज्ञों की चेतावनी को सरकार और समाज दोनों को गंभीरता से लेना होगा। हमें जीवनदायिनी वायु को प्राणघातक बनने से हर हाल में रोकना होगा। अगर हम ऐसा नहीं कर पाए, तो सांसों की डोर कमजोर होती चली जाएगी।

## शांति की आशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी  मणिपुर यात्रा बहुप्रतीक्षित थी। दो साल से ज्यादा वक्त से यह राज्य अशांत है। छिटपुट हिंसा का दौर अब भी जारी है। पीएम के दौरे और विकास परियोजनाओं के ऐलान से शांति व स्थायित्व बहाल करने में मदद मिल सकती है। मणिपुर का मौजूदा संकट मार्च 2023 में वहां के हाईकोर्ट के उस आदेश से शुरू हुआ था, जिसमें राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने पर जल्द विचार करने को कहा गया था। इसके कुछ दिनों बाद ही कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़क उठी। इसमें 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों विस्थापितों की तरह रहने को मजबूर हैं। इस संघर्ष ने राज्य की दो प्रमुख जनजातियों के बीच अविश्वास को और गहरा कर दिया है। मामले की जटिलता यह है कि कुकी और मैतेई ही नहीं, कई दूसरी जनजातियां भी हैं, जिनको वार्ता का हिस्सा बनाए बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उम्मीद की जा सकती है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद इस दिशा में ठोस पहल होगी।  हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में चुराचांदपुर है। पीएम के दौरे का ऐलान होने के बाद भी यहां से पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ कुछ लोगों की झड़प की खबरें आई थीं। इससे जाहिर होता है कि कुछ अराजक तत्व शांति बहाली की कोशिशों को पटरी से उतारना चाहते हैं। राज्य के लोगों को यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि सरकार किसी एक समुदाय या वर्ग के साथ नहीं, पूरे मणिपुर के साथ है और उनकी सामूहिक भलाई के लिए काम कर रही है। दरअसल, निवर्तमान सीएम एन बीरेन सिंह को इसीलिए इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि उन्हें लेकर कुकी समुदाय आश्वस्त नहीं था। यह भी आरोप लगे थे कि उन्होंने हिंसा से निपटने के लिए जरूरी तत्परता नहीं दिखाई। मणिपुर का सामाजिक तानाबाना बहुत नाजुक है। यहां पहले भी कुकी-पाइते और मैतेई-पंगल संघर्ष हो चुका है। केंद्र की एक्ट-ईस्ट पॉलिसी का हिस्सा होने और म्यांमार से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण मणिपुर में ज्यादा संवेदनशीलता व सावधानी बरतने की जरूरत है।

*हिन्दी दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, यह हमारी संस्कृति, भाषायी आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का दिन है। इस दिन हर भारतीय को यह संकल्प लेना चाहिए कि हिन्दी को रचनात्मक, सुंदर और समृद्ध बनाए रखने में अपना योगदान दे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का सपना केवल राजभाषा का प्रतिष्ठापन नहीं था बल्कि भारत की आत्मा, उसकी विविधता और सांस्कृतिक गौरव की अभिव्यक्ति थी, जिसे हिन्दी ने बखूबी आकार दिया है। हिन्दी दिवस के अवसर पर यही प्रेरणा लें कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी का उत्कर्ष हो, इसकी भाषायी, सांस्कृतिक, साहित्यिक और तकनीकी शक्ति निरंतर बढ़ती रहे और आगामी पीढ़ियां हिन्दी को न केवल संवाद का बल्कि वैश्विक अभिव्यक्ति का सबसे प्रभावशाली माध्यम बनाएं।*

## राष्ट्र की पहचान से विश्व की साझी भाषा तक हिन्दी की शक्ति

**(योगेश कुमार गोयल)**

हिन्दी की ताकत को जानना हो तो उसके सांस्कृतिक, भावनात्मक और रचनात्मक विस्तार को देखना होगा। मातृभाषा का ज्ञान किसी भी व्यक्ति के मन की पीड़ा का सबसे अच्छा समाधान है। महापुरुषों, विद्वानों और नेताओं ने समय-समय पर हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया है। हर वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाने वाला हिन्दी दिवस उस गौरव की स्मृति के रूप में मनाया जाता है, जब हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा घोषित किया गया था। यह दिवस हिन्दी की समृद्धि, स्वीकार्यता, रचनात्मकता और वैश्विक विस्तार का उत्सव है। निरंतर बढ़ती हिन्दी शक्ति आज न केवल भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक परिदृश्य को आकार देती है बल्कि विश्व मंच पर भी अपनी प्रगाढ़ छाप छोड़ रही है। आज दुनियाभर में हिन्दी चाहने वालों, बोलने या पढ़ने-समझने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हिन्दी को लेकर भारतीय और विदेशी विद्वानों, साहित्यकारों तथा विभूतियों का आदर भाव वर्षों से रहा है। डा. फादर कामिल बुल्के, जिन्होंने हिन्दुस्तानी संस्कृति को आत्मसात किया, हिन्दी को गृहिणी की संज्ञा देते हुए कहा था कि यह भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा है। संस्कृत को तो वे मां मानते थे और अंग्रेजी को नौकरानी। इसी तरह आयरिश प्रशासक जॉन ग्रियर्सन ने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे सुंदर और शिरोमणि बताया। ऐसे तमाम उदाहरण इस बात के प्रमाण हैं कि हिन्दी, शब्द और विचार के धरातल पर विभिन्न भाषाओं से जितनी आत्मीयता रखती है, उतनी ही भारत के जनमानस से जुड़ी है लेकिन दुखद है कि आज भी पुनरुत्थानवादी मानसिकता वाले कुछ लोग हिन्दी की व्यापकता, समृद्धि और ताकत को नजरअंदाज करते हैं और संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को स्थान नहीं मिलने की बात पर कुतर्क करके उसके वैश्विक पक्ष को कमतर आंकते हैं। हालांकि ऐसी नकारात्मक चर्चाओं से न हिन्दी का कुछ भला हो सकता है, न ही उसका अस्तित्व डिग सकता है। तथ्य यही है कि आज विश्वभर में हिन्दी बोलने वालों का आंकड़ा करोड़ों में है और यह निरंतर बढ़ रहा है। हिन्दी की ताकत को जानना हो तो उसके सांस्कृतिक, भावनात्मक और रचनात्मक विस्तार को देखना होगा। मातृभाषा का ज्ञान किसी भी व्यक्ति के मन की पीड़ा का सबसे अच्छा समाधान है। महापुरुषों, विद्वानों और नेताओं ने समय-समय पर हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी अपनी भूमिका निभाने में समर्थ है। महात्मा गांधी ने हिन्दी को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान संवाद व जनसंपर्क का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। उनके शब्द थे कि सम्पूर्ण भारत की पारस्परिकता के लिए ऐसी भाषा चाहिए, जो जनता का बड़ा भाग जानता-समझता हो। गांधीजी कहते थे, 'दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल से दिल संवाद करता है और राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।' ये कथन आज भी वैसी ही सार्थकता के साथ जीवंत हैं। अमेरिकी चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग तो यह मानते थे कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र की शिक्षा एवं प्रशासन की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी और राहुल सांस्कृत्यायन ने हिन्दी को देश और भाषा की विरासत, सांस्कृतिक धरातल और अधिष्ठान के रूप में देखा। बालकृष्ण शर्मा नवीन ने तो यहां तक कहा कि राष्ट्रीय एकता का बंधन केवल हिन्दी ही जोड़ सकती है। हिन्दी की ऊर्जा और आत्मबल का उदाहरण महात्मा गांधी के हिन्दी प्रेम का एक प्रसंग भी है। सन् 1917 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने अंग्रेजी में भाषण दिया था। गांधीजी ने तिलक को स्पष्ट समझाया कि देशवासियों के साथ अपनी ही भाषा में संवाद ही सही अर्थों में दिलों तक पहुंच सकता है। यह भावप्रवण संवाद भारत के हर नागरिक के गौरव का स्रोत है। महात्मा गांधी ने विविध अवसरों पर हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा कहा था। आज हिन्दी का विस्तार भारत तक सीमित नहीं रहा। कई देशों में हिन्दी लोगों के दिलों में बसती है, जहां की स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ हिन्दी भी संगठित रूप से बोली जाती है। दुनियाभर में सैंकड़ों विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थाओं, शोध केंद्रों और अनगिनत प्लेटफॉर्म्स पर हिन्दी पढ़ाई जाती है, शोध होती है और यह वहां अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान की भाषा बन चुकी है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विश्वभर में लगभग 75 करोड़ लोग हिन्दी बोलते समझते हैं और एथ्नोलॉग जैसी अंतर्राष्ट्रीय भाषायी संस्थाओं की रिपोर्ट के मुताबिक, यह विश्वभर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रही है। हिन्दी का वैश्विक सांस्कृतिक प्रभाव भी आश्चर्यचकित करता है। भारतीय फिल्म उद्योग, जिसे दुनियाभर में 'बॉलीवुड' के नाम से जाना जाता है, हर साल करीब 1500 फिल्में हिन्दी में बनाता है। ये फिल्में भारत में ही नहीं, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, खाड़ी देशों सहित अनेक देशों में देखी जाती हैं। हिन्दी फिल्मों, गीतों, साहित्य और कला का प्रभाव विदेशी मंचों, सांस्कृतिक समारोहों, मीडिया एवं एफएम चैनलों तक फैला हुआ है। यूएई में हिन्दी एफएम चौनल स्थानीय लोगों की खास पसंद बन चुके हैं। हिन्दी फिल्म अभिनेता, निर्माता व कलाकार विदेशों में शो आयोजित करते हैं, जिससे भारतीय संस्कृति और हिन्दी भाषा का विस्तार होता है। जहां-जहां भारतवंशी बसे हैं, वहां हिन्दी विशेष सम्मान के साथ जीवंत है। यह यथार्थ हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, तकनीकी और प्रशासन के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही है। फेसबुक, गूगल, यूट्यूब जैसी कंपनियों ने हिन्दी को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। भारत में 80 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ता हिन्दी में सामग्री अपनाते हैं। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिन्दी की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है और इसका प्रसार इतनी गति से हो रहा है कि कुछ ही वर्षों में हिन्दी इंटरनेट की प्रमुख भाषा बन सकती है। हिन्दी की संवैधानिक सुरक्षा भारत में संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 के तहत निश्चित है। यह धाराएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार, स्वीकार्यता और संरक्षण का मजबूत आधार हैं। यह न केवल भारत की आधिकारिक भाषा है बल्कि सम्पर्क भाषा, प्रशासन और विधि के क्षेत्र में इसका प्रयोग निर्णायक रूप से हो रहा है। भारत के शैक्षिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सांस्कृतिक आयोजनों में हिन्दी को सम्मानपूर्वक अपनाया गया है। विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना, हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र की मान्यता दिलवाने की पहल और डिजिटल क्षेत्र में हिन्दी सशक्तीकरण, ये सभी कदम हिन्दी के वैश्विक मंच पर सशक्तीकरण की दिशा में उठाए गए हैं।

## जलवायु परिवर्तन और तितलियां- बसंत के रंगीन सुंदर दूत

**(डॉ. रेखा रानी)**

तितलियां न केवल फूलों की सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि धरती के लिए जीवन का संदेश लाती हैं। इनका संरक्षण सिर्फ एक प्रजाति का नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिक तंत्र का संरक्षण है। जब रंग-बिरंगी तितली एक फूल से दूसरे फूल पर पराग लेकर उड़ती है तभी प्रकृति मुस्कुराती हैं और तभी नया जीवन खिलता है। तितलियां केवल सुंदरता की प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति की नाजुक कड़ी भी हैं। शोध और कीट वैज्ञानिक  बताते हैं कि तितलियां परागण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इनका जीवन पूरी तरह से मौसम और तापमान पर निर्भर करता है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन इनकी संख्या, प्रवास, जीवन चक्र और परागण प्रक्रियाओं पर सीधा असर डालता है। जैसे-जैसे तापमान असामान्य होता है या वर्षा का पैटर्न बिगड़ता है, कुछ तितलियां अधिक प्रजनन करती हैं, तो कुछ विलुप्ति के कगार पर आ जाती हैं। तितलियां पर्यावरण संतुलन, कृषि और जैव विविधता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह तितली दक्षिण-पश्चिम एशिया की मूल निवासी है, पर अब भारत के अनेक भागों में पाई जाती है। इसका रंग हल्का पीला होता है, और पंखों के किनारे काले होते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, जो मार्च से जून के बीच, मानसून के पहले प्रवास करती है। लेमन इमिग्रेंट इनकी जनसंख्या मौसम में थोड़े से बदलाव से भी तेजी से प्रभावित होती है, इसलिए इसे जलवायु संकेतक प्रजाति  कहा जाता है। ये तितलियां सेनना या कैसिया पौधों पर अंडे देती हैं। 3-4 दिनों में अंडों से लार्वा निकलते हैं और लगभग दस दिनों में प्यूपा बन जाते हैं। प्यूपा रेशमी धागों से पत्तियों के डंठलों से लटकते हैं। फिर इनमें से नन्हीं तितलियाँ निकलती हैं, जो जीवन के चक्र को आगे बढ़ाती हैं। एक गांव की प्राचीन लोककथा कहती है कि एक बार सावन के बाद भी अमलतास नहीं खिला। गांव की एक बच्ची ने तितलियों को पुकारा। थोड़ी देर में पीली-पीली तितलियां झुंड में आई और अमलतास के पीले फूल खिल कर झूम उठे। तभी से मान्यता है- अमलतास तब तक नहीं खिलता, जब तक ये तितलियां उसके चारों ओर नृत्य न करें। यह तितली नारी शक्ति, जीवन की जननी और प्रकृति चेतना की प्रतीक मानी जाती है। इस तितली को मॉटल्ड इमिग्रेंट  भी कहा जाता है। यह अत्यंत फुर्तीली और प्रवासी स्वभाव की होती है। सफेद या हल्का पीला रंग, और पंखों पर हल्के धब्बे- इसकी पहचान है। यह फूलों से रस  पीते हुए परागण करती है। पराग इसके पैरों से चिपककर एक फूल से दूसरे फूल तक जाता है, जिससे नए बीज और फल उत्पन्न होते हैं। यह तितली लंबी दूरी तय करके नए इलाकों में अंडे देती है- जहां नवजीवन पनपता है। परन्तु जलवायु परिवर्तन ने इनके जीवन और पौधों के विकास के बीच संतुलन बिगाड़ दिया है। जब होस्ट प्लांट और तितली के जीवन चक्र का समय मेल नहीं खाता, तो परागण प्रभावित होता है। ग्रामों में कहा जाता हैं, - बसंत आने की कोई तारीख नहीं होती। वो इन तितलियों के सफेद रेशमी पंखों पर सवार होकर खेतों में उतरता है। जब ये सरसों के पीले फूलों पर झुंडों में उड़ती हैं तब किसान इन्हें देख कर मन हीं मन सोचते हैं- अब ऋतु बदलेगी, अब धरती मुस्कुराएगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5854

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5853

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5854

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की झांसी की रानी बिग्रेड की 23 अक्टूबर 1943 को यहां स्थापना की (4)
4. पिता की बहन को यह कहते है (3)
7. दो बार उतना ही, दो गुना (2)
8. साथ में यात्रा करने वाला, सहयात्री, सहप्रयायी (5)
10. विपत्ति, दुर्दशा, संकट (3)
11. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
12. जो, अगर (2)
13. भूत निवारणकर्ता, भूतहंता (3)
14. कीचड़, गारा, पंक (4)
16. हाथ, कर, एक नक्षत्र जिसमें पांच तारें है (2)
17. परंपरागत चला आता हुआ क्रम (4)
19. वर्तमान सूचक का एक अव्यय (1)
20. प्राचीन काल को दो या चार पहियों वाली सवारी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. दलील, सुविचारित बात (2)
22. प्राचीन इकाई जो सवा तीन गज की होती है (2)
22. प्रतिध्वनि, हमेशा (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ईंगुर जिससे हिंदू धर्म की विवाहित महिलाऐं मांग भरती है (3)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया (2)
3. जिसके मन में करूण का भाव हो (5)
4. रक्तवाहिका, रक्तवाहिनी नली, शिरा (2)
5. घृणा, घिन्न (4)
6. मासिक, माहवारी, मासीन, माही (4)
9. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट, परामर्श (2)
10. कदाचित, संभवतः (3)
13. भूतों की स्वामी होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (4)
14. आतंक, भय (4)
15. क्षमताहीन, अशक्त, अधिक थका हुआ (2)
17. जलयुक्त, स्वादयुक्त (3)
18. इस नदी का नाम रेवा भी है (3)

### वर्ग पहेली 5853 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | ख्र | ड़ा | नां | ग | ल | | शु |
| ल | ट | | द | ला | ल | शु | ल्क |
| लो | क | ल | | | न | क्र | |
| च | ना | | फि | जी | | वा | दा |
| न | | ही | रो | | प | र | म |
| | सू | र | ज | | क्ष | | न |
| भा | ना | | गां | व | | बा | गी |
| त | | सौं | धी | | व | जी | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में आप नई योजनाओं पर अधिक ध्यान दे सकते हैं और किसी विशेष व्यवस्था पर भी समय व्यतीत हो सकता है। व्यापार के मामले में आप कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं। लेकिन आपको कोई भी काम सावधानी से करना होगा, अन्यथा परेशानी खड़ी हो सकती है। सोच-समझकर फैसले लेने से आत्म-सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृष
आज दिन कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के योग भी बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में धन लाभ की प्रबल स्थितियां बनती जाएंगी। जीवन में सुख-शांति आएगी और व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिल सकते हैं।

### मिथुन
आज आपको कारोबार के मामले में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, जिससे बिगड़े काम भी बनने शुरु हो सकते हैं। वहीं, व्यापार में बनाई गई योजनाएं लाभकारी सिद्ध होंगी। कार्यस्थल पर स्थान परिवर्तन के योग हैं, जिनसे आपको एक नया मोड़ मिल सकता है।

### कर्क
आज कार्यक्षेत्र में आपको कामकाज के सिलसिले में अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। किसी प्रोजेक्ट या काम के चलते आपकी चिंता भी बढ़ सकती है। ऐसे में धैर्य रखना जरूरी होगा। नौकरी करने वालों पर काम का प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसे में आप कार्यस्थल पर ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। इससे आपको थकान महसूस हो सकती है।

### सिंह
आज आपका दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि, आपको थोड़ा धन भी खर्च करना पड़ सकता है। अगर कार्यक्षेत्र में बहुत समय से आपके जरूरी काम रुके हुए थे, तो अब वे पूरे हो सकते हैं। वहीं, परिवार में किसी से सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है।

### कन्या
आज व्यापार और व्यवसाय के क्षेत्र में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। जिससे सभी रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में भी लाभ होगा और धन प्राप्ति की प्रबल स्थितियां बनती जाएंगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और व्यापार में सफलता हासिल होगी।

### तुला
आज कार्यक्षेत्र में कुछ सहकर्मी आपसे सहायता मांगने आ सकते हैं। ऐसे में आपको सभी का सम्मान करना होगा और उनका मार्गदर्शन करना लाभदायक सिद्ध हो सकता है। यही लोग भविष्य में आपके सहयोगी बन सकते हैं। नौकरी और व्यवसाय के क्षेत्र में आपको शांति के साथ कोई भी काम करना होगा।

### वृश्चिक
आज कार्यक्षेत्र और पारिवारिक मामले में दिन आनंददायक व्यतीत होगा। आपके सुखों में वृद्धि होगी और आर्थिक मामलों में भी लाभ होने के संकेत हैं। ऐसे में आपका मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, व्यापार में योजनाएं आगे बढ़ सकती हैं। आपके बिगड़े हुए काम किसी मित्र की सलाह और सहयोग से पूरे हो सकते हैं। यह समय आपके लिए अनुकूल रहने वाला है।

### मकर
आज आपका दिन आर्थिक मामलों में उत्तम रहने वाला है। मुनाफा कमाने के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे और अचानक पड़ी मात्रा में धन लाभ हो सकता है। इसी के चलते आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती जाएगी। कार्यक्षेत्र में अपनी समझदारी और चतुराई से आप सभी समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं। प्रयास करने से सफलता जरूर प्राप्त होगी।

### कुंभ
आज आपका दिन आर्थिक मामलों में मिलाजुला रहने वाला है। सोच-समझकर निर्णय लेने से लाभ हो सकता है। लेकिन कोई भी फैसला जल्दबाजी में लेने से बचें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा और नौकरी करने वालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ सकती है और परिवार में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

### धनु
आज व्यापार के मामले में आपके प्रोजेक्ट सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे और कार्यक्षेत्र में उन्नति मिलेगी। आप अपने कुछ बिगड़े कार्यों को सुधारने के लिए योजनाएं बना सकते हैं, जिसमें ज्यादा व्यस्त रहेंगे। वहीं, किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेकर आगे बढ़ना आपके लिए सहायक सिद्ध हो सकता है। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा और आपका तनाव भी कम होगा।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में अपने कामकाज के सिलसिले में या प्रोजेक्ट के चलते ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। व्यापार और कारोबार के क्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देना होगा। प्रयास और मेहनत से ही सफलता प्राप्त हो सकती है। आपको बिगड़े हुए कार्यों को पूरा करने के लिए भी ज्यादा समय निकालना पड़ सकता है। नौकरी करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मोहम्मद सिराज

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी जिनका मैं हिस्सा रहा हूं। सिराज ने कहा, 'मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।




# टॉस के वक्त ही तय हो गई थी भारत की जीत

## पाकिस्तान ने कीं 3 बड़ी गलतियां, टीम इंडिया का पाक पर जीत का सिक्सर




**दुबई (एजेंसी)।** 2011 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद एक दुखी पाकिस्तानी फैन ने यह जुमला दिया था। रविवार को दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने इसे फिर सही साबित कर दिया। पाकिस्तान ने इस मुकाबले में 3 बड़ी गलतियां कीं और शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने तीनों का बखूबी फायदा उठाया। इनमें से एक गलती तो मैच की पहली गेंद फेंके जाने से भी पहले हो गई थी और संभवतः उसी वक्त पाकिस्तान की हार भी तय हो गई।पाकिस्तान की तीनों गलतियों को विस्तार से जानेंगे, उससे पहले बतौर भारतीय फैन गर्व करने लायक एक रिकॉर्ड जान लीजिए। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार छठी जीत है।

- **पहली गलती : जहां 18 में से 16 मैच चेजिंग टीम ने जीते वहां पहले बैटिंग चुनी –** दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड की पिच पर टारगेट का पीछा करने वाली टीम को बहुत ज्यादा फायदा मिलता है। पिछले 5 साल में दुनिया की टॉप-12 टीमों के बीच यहां खेले गए पिछले 18 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से 16 में टारगेट चेज करने वाली टीम ने जीत हासिल की थी। पाकिस्तान की टीम पिछले 13 साल में भारत को सिर्फ दो टी-20 मैच हरा पाई थी। दोनों जीत भी इसी ग्राउंड पर दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए मिली थीं। इसके बावजूद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला कर लिया। इरफान पठान, अजय अडेजा, संजय मांजरेकर जैसे कमेंटेटर्स ने सलमान के इस फैसले पर हैरानी जताई।
- **दूसरी गलती : टॉप विकेट टेकर हारिस रउफ को प्लेइंग-11 से बाहर रखा –** पाकिस्तान के एशिया कप स्क्वॉड में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा सात विकेट तेज गेंदबाज हारिस रउफ के नाम था। इसके बावजूद पाकिस्तानी थिंक टैंक ने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के सामने अपने सबसे कामयाब गेंदबाज को प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया। शाहीन शाह अफरीदी शुरुआत में ही पिट गए और दूसरे छोर से कोई दमदार फास्ट बॉलर न होने का खामियाजा पूरी टीम ने भुगता।

## सूर्या ने जीत भारतीय सेना को समर्पित की, 'भारत माता' की नारे से गूंजा स्टेडियम

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित कर दी। सूर्या और टीम इंडिया का मैसेज साफ था कि यह जीत देश के जवानों को सम्मान देने के लिए है। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने-सामने थी। खास बात यह रही कि मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टॉस के वक्त भी सूर्या ने [illegible] कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टॉस के वक्त और मैच के बाद प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों का हाथ-मिलाना कर्टसी माना जाता है। मतलब एक-दूसरे के लिए सम्मानजनक व्यवहार। भारतीय टीम ने संदेश दे दिया कि एशिया कप में खेलना इस टूर्नामेंट के लिए उसका कमिटमेंट है, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों से कर्टसी निभाने का उनका कोई इरादा नहीं है।भारत ने खेल में भी कोई कर्टसी नहीं दिखाई और एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया।

**सूर्या ने कहा- हम पहलगाम हमले के पीड़ित परिवारों के साथ –** रविवार की सूर्यकुमार यादव का 35वां जन्मदिन था और स्टेडियम में फैंस ने उन्हें बधाई दी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में होस्ट संजय मांजरेकर ने उनके लिए हैप्पी बर्थ-डे सॉन्ग भी गाया। सूर्या ने शुक्रिया अदा करते हुए कहा यह जीत भारत को रिटर्न गिफ्ट है।प्रजेंटेशन के अंत में सूर्या ने कहा, हम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। हम अपनी एकजुटता दिखाते हैं और आज की जीत इंडियन आर्मड फोर्स को डेडिकेट करते हैं।

# सूर्या ने पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया

## टीम इंडिया ड्रेसिंग रूम गई, दरवाजा बंद कर लिया; अब पीसीबी ने रेफरी हटाने की मांग की




**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए एशिया कप मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस के दौरान या जीत के बाद किसी भारतीय खिलाड़ी ने पाकिस्तानी खिलाड़ी से हाथ नहीं मिलाया। इससे निराश पाकिस्तान कप्तान सलमान आगा मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में ही शामिल नहीं हुए। अब [illegible] ने मैच रेफरी को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की है।पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ ना मिलाने के सवाल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, एशिया कप के मामले में बीसीसीआई और सरकार का रुख साफ है। इसी के तहत बतौर टीम मैनेजमेंट हमने फैसला लिया। वहीं, पाकिस्तानी हेड कोच माइक हेसन ने कहा, हमारी टीम मैच के बाद हाथ मिलाने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बाद में पता चला कि भारत ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया है।

### पीसीबी ने शिकायत की

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मैच के कुछ घंटे बाद एक बयान में कहा, हमारे टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराया, क्योंकि उन्होंने कप्तानों से टॉस के दौरान हाथ न मिलाने का अनुरोध किया था। फिलहाल मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट की ओर से कोई बयान नहीं आया है। इस शिकायत के कुछ घंटे बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पैंतरा बदला। पीसीबी ने एशियन क्रिकेट काउंसिल से रेफरी की ही शिकायत कर डाली। उसने एसीसी से मैच रेफरी को बदलने की मांग की है।

### हम यहां सिर्फ मैच खेलने आए थे- सूर्या

इसी साल अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पहली बार दोनों टीमें आमने-सामने थीं। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 127 रन बनाए। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.5 ओवर में 131 रन बनाकर जीत हासिल की। सूर्या ने छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। सूर्या ने यह जीत भारतीय सेना को समर्पित की, जो मई में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल थे।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप
# मीनाक्षी और जैस्मिन ने गोल्ड जीते




**जैस्मिन लंबोरिया**
गोल्ड मेडल
**कैटेगरी**
विमेंस 57 किलोग्राम
**किसे हराया**
जूलिया स्जेरेमेटा (पोलैंड)
**स्कोर :** 4-1




**मीनाक्षी**
गोल्ड मेडल
**कैटेगरी**
विमेंस 48 किलोग्राम
**किसे हराया**
नजिम काईजीबे (कजाकिस्तान)
**स्कोर :** 4-1

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय खेल प्रेमियों के लिए दिन की पहली खुशखबरी अंग्रेजों के देश से आई, जब लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की दो बेटियो ने गोल्ड मेडल जीते। पहला मेडल शनिवार-रविवार की दरमियानी रात में आया। जैस्मिन लंबोरिया ने 57 किलोग्राम वेट कैटेगरी में पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट पोलैंड की जूलिया स्जेरेमेटा को 4-1 से मात दी। फिर करीब शाम 4 बजे मीनाक्षी ने 48केजी वेट कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में 3 बार की विश्व विजेता कजाकिस्तान की नजिम काईजीबे को 4-1 से मात की। भारत ने विदेशी सरजमीं पर महिला वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 मेडल अपने नाम किए। इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्केबाज बेटियों को बधाई दी।

- **सर्वेश कुशारे हाई जंप के फाइनल में पहुंचने वाले भारतीय –** शाम होते-होते टोक्यों में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप से एक और अच्छी खबर आई। 30 साल के सर्वेश कुशारे 2.25 मीटर की छलांग लगाकर हाई जंप इवेंट के फाइनल में पहुंच गए। वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में इस इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने हैं।कुशारे का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.27 मीटर है और यह उन्होंने 2022 में दर्ज किया था। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.26 मीटर है। उन्होंने 2023 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

## आईपीएल के बाद पाटीदार ने जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब

# 11 साल बाद सेंट्रल जोन बनीं चैंपियन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रजत पाटीदार की अगुवाई वाले सेंट्रल जोन ने लगभग 11 साल के लंबे इंतजार के बाद साउथ जोन को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। कप्तान पाटीदार और यश राठौड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक लगाया। चौथे दिन आंद्रे सिद्धार्थ और अंकित शर्मा की आक्रामक वापसी के बावजूद साउथ जोन ने 65 रनों का एक आसान लक्ष्य रखा जिसे सेंट्रल जोन ने पांचवें दिन पहले ही सत्र में हासिल कर लिया। दलीप ट्रॉफी के खिताबी मुकाबला में पहले दिन बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सारांश जैन ने पांच विकेट और कुमार कार्तिकेय ने चार विकेट लेकर साउथ जोन को पहले दिन 149 रनों पर समेट दिया। जवाब में पाटीदार ने अच्छी स्ट्राइक रेट से 101 रन बनाएं। उन्होंने 115 गेंदों पर 101 रन की अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के लगाए। राठौड़ अपने दोहरे शतक से चूक गए। उन्होंने 286 गेंदों पर 17 चौकों और दो छक्कों की मदद से 194 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज दानिश मालेवार और सारांश के अर्धशतकों की बदौलत सेंट्रल जोन को 511 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में मदद की और 362 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। ??गुरजपनीत और अंकित ने कड़ी मेहनत से चार-चार विकेट लिए। दूसरी पारी में साउथ जोन ने जोरदार संघर्ष किया। शीर्ष आठ बल्लेबाजों में से प्रत्येक ने दोहरे अंक में स्कोर किया। स्मरण रविचंद्रन ने 118 गेंदों पर 67 रन बनाए। लेकिन साउथ जोन का कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं बना सका। उनका स्कोर 222/6 था और ऐसा लग रहा था कि वे एक पारी से हार जाएंगे। लेकिन आंद्रे और अंकित ने सातवें विकेट के लिए 192 रनों की साझेदारी करके इस क्रम को समाप्त किया। आंद्रे 84 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि अंकित 99 रन बनाकर आउट हुए और अपने शतक से चूक गए। कार्तिकेय और सारांश ने मिलकर सात विकेट लिए और दक्षिण क्षेत्र की दूसरी पारी 426 रनों पर समाप्त हुई।

कम स्कोर का बचाव करते हुए अंकित ने मालेवार का विकेट जल्दी हासिल किया। गुरजपनीत ने नौवें ओवर में शुभम शर्मा और सारांश को आउट करके दो विकेट लिए। पाटीदार रन चेज पूरा नहीं कर सके और 13 रन के स्कोर पर अंकित की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। वाडकर और राठौड़ ने सुनिश्चित किया कि आगे कोई चूक न हो और सेंट्रल जोन को छह विकेट से जीत दिलाई।




### सेंट्रल जोन का लंबा इंतजार खत्म

सेंट्रल जोन ने आखिरी बार 2014 में दलीप ट्रॉफी जीती थी जब पीयूष चावला कप्तान थे। एक दशक से भी ज्यादा समय पहले उन्होंने विजय कुमार की कप्तानी वाली साउथ जोन को हराया था, जिसमें रॉबिन उथप्पा, केएल राहुल, दिनेश कार्तिक, हनुमा विहारी और प्रज्ञान ओझा जैसे खिलाड़ी शामिल थे। कुल मिलाकर यह सेंट्रल जोन का छठा दलीप ट्रॉफी खिताब है।

### पाटीदार का कमाल

कप्तान के रूप में पाटीदार की यह बड़ी टूर्नामेंट जीत है। तीन महीने पहले उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने का इंतजार खत्म किया था।

## पाकिस्तानी कोच हेसन ने भारत से हार की वजह बताई



**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा है कि एशिया कप मैच में भारत के खिलाफ खराब शुरूआत और बीच के ओवरों में भारतीय गेंदबाजों द्वारा रनगति पर अंकुश लगाया जाना उनकी टीम की बड़ी हार का प्रमुख कारण रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 8 गेंद में दो विकेट गंवा दिए और उस झटके से उबर नहीं सके। पाकिस्तानी टीम 9 विकेट पर 127 रन ही बना सकी जो भारत ने 16 ओवरों में हासिल कर लिया।
हेसन ने कहा, 'बल्लेबाजी में हमारी शुरूआत बहुत खराब रही। हम उस तरह से बल्लेबाजी नहीं कर सके जैसी करनी चाहिए थी। बीच के ओवरों में इससे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर काफी दबाव बन गया। उन्होंने कहा, 'जितने ज्यादा बड़े मैच खेलेंगे, उतना ही आत्मविश्वास बढ़ेगा। हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो अपने पैर जमा रहे हैं और हम आने वाले दिनों में मजबूती से वापसी करेंगे।
धीमी विकेट पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी के फैसले का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'निकट अतीत में नहीं लेकिन दीर्घकालिन अतीत में देखें तो यह सही फैसला था। पिछले 6 मैचों में बल्कि पूरी त्रिकोणीय श्रृंखला में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम जीती है।
हेसन ने कहा, 'पहले की तरह अब ओस नहीं थी लिहाजा वह मसला नहीं है। ये पिचें धीमी हैं और इस पर अच्छा स्कोर बनाना चाहिए था जो हम नहीं कर सके।

# आज एशिया कप में बंगलादेश के खिलाफ सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा अफगानिस्तान

**अबू धाबी (एजेंसी)।** एशिया कप में बंगलादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा। वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बंगलादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं।

इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बंगलादेश को दो में सफलता मिली है। बंगलादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी।

बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बंगलादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है उन्हें स्वयं को पूरी तरह से झोंककर लय बनाते हुए थोड़ा साहस दिखाना होगा और जरूरत पड़ने पर लंबी पारी खेलनी होगी। तौहीद हृदय और महेदी हसन को उनका साथ देना होगा तथा जैकर अली और शमीम हुसैन जैसे बल्लेबाजो को निचले क्रम में मजबूती से बल्लेबाजी करनी होगी।




दूसरी ओर, अफगानिस्तान कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरी टीम दिख रही है। राशिद खान की टीम ने अपने पिछले मैच में हांगकांग को 94 रनों से हराया था और वे इन परिस्थितियों में लगातार जीत रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और ऐसा लगता है कि वह खाड़ी में खेलने में मजा ले रहे है। हांगकांग के खिलाफ सिदिकुल्लाह अटल की 73 रनों की पारी ने उनकी बल्लेबाजी में मजबूती दिखाई, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई और मोहम्मद नबी मध्यक्रम में जरूरत पड़ने पर अपनी लय बदल सकते है।

राशिद और करीम जनत को इसमें शामिल कर लें, तो उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो बंगलादेश के गेंदबाजों की लेंथ बिगड़ सकते हैं। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाये तो अफगानिस्तान के पास विविधता और आत्मविश्वास है। फजलहक फारूकी और ओमरजई नई गेंद से अहम ओवरों में योगदान दे सकते हैं और राशिद की स्पिन बेहतर रही है। अगर नूर अहमद या एएम गजनफर सही गेंदबाजी करते हैं, तो वे बीच के ओवरों में विपक्षी टीम को धूल चटा सकते हैं। बंगलादेश को अफगानिस्तान को हराने के लिए बल्ले से अनुशासन और गेंद से सटीकता की जरूरत होगी, क्योंकि अफगानिस्तान के पास लय और स्थिरता है।

### संभावित प्लेइंग 11

**बंगलादेश –** लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), परवेज हुसैन इमोन, तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तंजीम हसन साकिब, शोरफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान

**अफगानिस्तान –** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नाइब, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, करीम जनत, नूर अहमद, एएम गजनफर और फजलहक फारूकी।

## न्यूज बाइट्स

### 15 लीटर देशी शराब बरामद, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अवैध शराब निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए पुलिस सतर्क है। इसी क्रम में सूचना के आधार पर कुटुम्बा थाने की टीम ने ग्राम महाराज गंज के पास से 15 लीटर देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कुटुम्बा थाना क्षेत्र में इस प्रकार की नियमित निगरानी और कार्रवाई से शराब तस्करी और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### वीणा साहू के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**जम्होर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रोफेसर छेदी राम की सहधर्मिणी वीणा साहु के आकस्मिक निधन के पश्चात श्राद्ध कर्म के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।अखिल भारतीय तेली महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने वीणा साहु के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वक्ताओं ने कहा कि वीणा साहु एक कर्मठी,धर्म परायण एवं समाजसेवी महिला थी। जरुरतमंदों को हमेशा मदद किया करती थी।

### भाजयुमो देव मंडल के सभी नव दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता बिहार विधान परिषद के सभापति प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह अपने आवास पर भाजयुमो देव मंडल के सभी नव दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और शुभकामना प्रेषित किया । इस दौरान युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने , युवा मोर्चा के कार्यो का बोध कराने, समाज के लोगो से जुड़ कर सामाजिक अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिये आग्रह किया ।

ट्रांसफार्मर के पास घास काट रही थी, अर्थिंग तार से लगा तेज झटका

# करंट लगने से से महिला की मौत परिजनों ने की मुआवजे की मांग



**निज संवाददाता** | मदनपुर (औरंगाबाद)

जिले के मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र स्थित रुनिया गांव में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गांव की 30 वर्षीय शोभा देवी, पत्नी उदल राम, करंट की चपेट में आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शोभा देवी घर से कुछ दूरी पर ट्रांसफार्मर के पास मवेशियों के लिए घास काटने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद अर्थिंग तार के संपर्क में आने से उन्हें तेज झटका लगा और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। आसपास के लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और उन्हें मदनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गांव वालों का कहना है कि महिला रविवार को अपने संतान की लंबी उम्र के लिए व्रत रखी थीं। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं, मृतका के परिजनों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने की मांग की है।

सोन नदी में डूबकर दो लड़कियों की मौत

## आश्रितों को मिला चार-चार लाख का अनुदान



**निज सं** | नवीनगर (औरंगाबाद)

जिले के नबीनगर अंचल के केरका पंचायत अंतर्गत ग्राम धुंधुआ में रविवार को सोन नदी में नहाने के दौरान दो किशोरियों की डूबकर मौत हो गई। मृतका संगीता कुमारी और मुनी कुमारी, दोनों की उम्र लगभग 18 वर्ष थी। दोनों अन्य बच्चों को बचाने के प्रयास में गहरे पानी में चली गईं और बाहर नहीं निकल सकीं। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर नबीनगर अंचलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई की। आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार के प्रावधानों के तहत मृतक दोनों बच्चियों के आश्रित परिवारों को चार-चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान चेक 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर नबीनगर विधायक डब्लू सिंह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

विस चुनाव को लेकर डीएम-एसपी ने प्रवर्तन एजेंसियों संग की बैठक

# चेक पोस्टों पर आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर बढ़ाई जाएगी कड़ी निगरानी

- चुनाव कार्य की शुचिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।
- आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन, अवैध शराब, नकदी और प्रलोभन सामग्री की रोकथाम पर चर्चा हुई।



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद।

समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों को लेकर प्रवर्तन एजेंसियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य की शुचिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के पालन, अवैध शराब, नकदी व अन्य प्रलोभन सामग्रियों की रोकथाम, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त को मजबूत करने और उड़नदस्ता दलों को सक्रिय रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त मतदान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आचार संहिता की अवधि में जब्त की गई नकदी और सामग्रियों का अद्यतन विवरण इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके लिए प्रत्येक प्रवर्तन एजेंसी का नोडल पदाधिकारी जिम्मेदार रहेगा। जिला आईटी प्रबंधक ने नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया।

वहीं, पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने बताया कि झारखंड सीमा से सटे औरंगाबाद जिले में कुल 11 चेक पोस्ट कार्यरत हैं। इनमें से 4 मद्य निषेध विभाग के चेक पोस्ट आगामी चुनाव में मल्टी-एजेंसी चेक पोस्ट के रूप में विकसित किए जाएंगे, जहां पुलिस बल के साथ परिवहन और वन विभाग के कर्मियों की भी तैनाती होगी। उन्होंने कहा कि इन चेक पोस्टों पर आधुनिक तकनीकी संसाधनों से निगरानी की जाएगी। वाहनों की गहन जांच, रात्रिकालीन निगरानी और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

बैठक में पिछले विधानसभा चुनाव में जब्त नकदी और सामग्रियों का रूट चार्ट से विश्लेषण किया गया और अनुभवों के आधार पर आगामी चुनाव के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी एजेंसियों को अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने और समन्वय बैठकों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, मद्य निषेध अधीक्षक, परिवहन विभाग और वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी, आईटी प्रबंधक समेत अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विस चुनाव : पुलिस पदाधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर भवन में पुलिस पदाधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में दाउदनगर एवं औरंगाबाद अनुमंडल के कुल 90 पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण कोषांग द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन संबंधी कार्यों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह अपर समाहर्त्ता उपेंद्र पंडित ने कहा कि चुनाव अब करीब है और सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और तत्परता से करना होगा। उन्होंने बताया कि कई पुलिस अधिकारी सेक्टर, एसएसटी, वीएसटी, एफएसटी, वीवीटी और एटी जैसी विभिन्न इकाइयों में प्रतिनियुक्त किए गए हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्त्ता रितेश कुमार ने कहा कि किसी भी चुनाव को निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मतदान दिवस से पहले, मतदान के दिन और उसके बाद की प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मतदान संबंधी कार्य मतदान दिवस से दो दिन पूर्व ही शुरू हो जाते हैं और मतदान के बाद सभी सामग्री को सुरक्षित जमा कराना पुलिस पदाधिकारियों की जिम्मेदारी होती है।

## जिलाधिकारी ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और राजस्व महाअभियान शिविरों का किया औचक निरीक्षण

- प्रत्येक मरीज का पंजीकरण सुनिश्चित करने और दवाओं का समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।
- राजस्व विभाग के विशेष शिविरों में आवेदनों की जांच की और पदाधिकारियों को तेज, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया।



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को सदर प्रखंड के बांसेखाप स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, फेसर ग्राम पंचायत कार्यालय तथा कुटुंबा प्रखंड के रिसियप पंचायत सरकार भवन में आयोजित राजस्व महाअभियान के विशेष शिविरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम बांसेखाप स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का जायजा लिया। यहां उन्होंने ओपीडी पंजी, दवा भंडारण कक्ष, टीकाकरण कक्ष तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों को देखा। उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों से टीकाकरण कार्यक्रम, प्रसव पूर्व जांच, आयुष्मान भारत योजना और निःशुल्क दवा वितरण पर जानकारी ली। केंद्र की साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने संबंधित कर्मियों को चेतावनी दी कि भविष्य में लापरवाही मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्देश दिया कि हर मरीज का पंजीकरण हो और समय पर दवा उपलब्ध कराई जाए।

इसके बाद डीएम ने राजस्व विभाग के विशेष शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न काउंटरों पर मिले आवेदनों की जांच की और पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निष्पादन तेजी से और निष्पक्ष तरीके से हो, ताकि लोगों को अंचल कार्यालय या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।

ग्रामीणों से संवाद के दौरान डीएम ने उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर होगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भूमि संबंधी मामलों जैसे जमाबंदी सुधार, छूटी जमाबंदी का अंकन, उत्तराधिकारी नामांतरण व बंटवारा नामांतरण के आवेदन शिविर स्थल पर ही जमा करें।

## 18 सितंबर को एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन तैयारियों को लेकर हुई बैठक आयोजित



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

18 सितंबर को रफीगंज के आरबीआर खेल मैदान में एनडीए का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को जैन धर्मशाला में एनडीए के विभिन्न घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा ने की, जबकि संचालन जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने किया। बैठक में आए अतिथियों का अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जदयू के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक कुमार सिह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, गोह विधानसभा प्रभारी सुबोध सिंह, भाजपा नेता विनय सिंह, हम पार्टी के प्रदेश महासचिव सुनील चौबे, भाजपा नेता जितेंद्र कुमार, अरुण सिंह, नगर अध्यक्ष संतोष साव, मंडल अध्यक्ष मनोज यादव समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में उपस्थित कराएं। नेताओं ने एनडीए के सभी घटक दलों को एकजुट रहने और मिलकर 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो' के संकल्प को दृढ़ करने का संदेश दिया।

